# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, गुरुवार 25 सितंबर 2025


## सीबीएसई की 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा 17 फरवरी से



**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 2026 की कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की संभावित तिथि जारी कर दी है। बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी, 2026 से शुरू होकर 27 मार्च, 2026 तक चलेंगी। इस दौरान, मुख्य परीक्षाओं के साथ-साथ, कक्षा 12वीं के खेल वर्ग के छात्रों के लिए परीक्षाएं, कक्षा 10वीं की द्वितीय सत्र की बोर्ड परीक्षाएं और कक्षा 12वीं की पूरक परीक्षाएँ भी आयोजित की जाएँगी।






## चतुर्थी: मां कूष्मांडा



सुरासंपूर्णकलशं रुधिराप्लुतमेव च।
दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्मांडा शुभदास्तु मे।






## 24 अक्टूबर को 5 सीटों के होंगे राज्यसभा चुनाव

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर की 4 और पंजाब की एक राज्यसभा सीट पर 24 अक्टूबर को चुनाव होंगे। चुनाव आयोग ने इस आशय की घोषणा कर दी है। आयोग ने नोटिफिकेशन जारी करते हुए बताया कि



जम्मू-कश्मीर की चारों सीटों और पंजाब की एक सीट पर हुए चुनाव के वोटों की गिनती भी उसी दिन होगी। बता दें कि संजीव अरोड़ा के इस्तीफे से पंजाब में सीट खाली हुई थी, जिनका कार्यकाल 2028 तक था। उन्होंने 1 जुलाई को ही इस्तीफा दिया था। वहीं जम्मू-कश्मीर की सीटों की बात करें तो पुनर्गठन के बाद जिन सांसदों का इस्तीफा हुआ था, उनके स्थान पर नए सांसदों का चुनाव नहीं हो सका था। इसकी वजह थी कि पहले विधानसभा के चुनाव कराए गए। उसके बाद अब कई मसले आने के चलते चुनाव लगातार टलते रहे। हालात ये रहे कि जम्मू-कश्मीर में 4 राज्यसभा सीटें 2021 से ही खाली थीं। आखिरकार यहां चुनाव का ऐलान हो गया।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ किया

### सीएम ने भोजन में तेल कम करने और जीवन में खेल गतिविधियां बढ़ाने की सीख दी

# सीएम ने कहा: हर घर से खिलाड़ी और हर गांव से 'चैंपियन' निकलें

**सांसद खेल महोत्सव में 71 हजार से अधिक खिलाड़ियों ने नामांकन कराया**

*मुख्यमंत्री ने आसमान में तिरंगे गुब्बारे छोड़कर सांसद खेल महोत्सव 2025 के शुभारंभ की विधिवत घोषणा की। उन्होंने कहा कि उनके लिए यह प्रसन्नता का विषय है कि सांसद खेल महोत्सव, सेवा पखवाड़ा का भाग बन रहा है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'सांसद खेल महोत्सव' के शुभारंभ अवसर पर कहा कि उनका प्रयास है कि प्रदेश के हर घर से खिलाड़ी और हर गांव से चैंपियन निकले। उन्होंने विद्यार्थियों को पौष्टिक आहार पर ध्यान देने की जरूरत, अपने भोजन में दूध, दही और मक्खन उचित मात्रा में लेने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन संस्कृति में आदिकाल से ही खेलों का विशेष महत्व रहा है।

इसीलिए जन-जन में खेल भावना विकसित करने और हर वार्ड व ग्राम तक खेल गतिविधियों का विस्तार करने के उद्देश्य से खेल महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव भोपाल-सीहोर संसदीय क्षेत्र के सांसद खेल महोत्सव के शुभारंभ मौके पर बोल रहे थे। यह कार्यक्रम बुधवार को शासकीय सुभाष एक्सीलेंस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित हुआ। मुख्यमंत्री ने आसमान में तिरंगे गुब्बारे छोड़कर सांसद खेल महोत्सव 2025 के शुभारंभ की विधिवत घोषणा की। उन्होंने कहा कि सांसद खेल महोत्सव में 71 हजार से अधिक खिलाड़ियों ने नामांकन कराया है।



**विश्वविद्यालय में स्पोर्ट्स टीचर को कुलगुरु बनने तक का अवसर मिल रहा है**

**कार्यक्रम बुधवार को शासकीय सुभाष एक्सीलेंस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित हुआ**




### देश-विदेश की प्रतियोगिताओं में मप्र के खिलाड़ी पदक ला रहे

डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी नगरों और पंचायतों में खेल गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है, इसी का परिणाम है कि सभी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में मप्र के खिलाड़ी पदक ला रहे हैं। मप्र सरकार खेल, खिलाड़ियों और उनके प्रशिक्षकों को हर स्तर पर प्रोत्साहित कर रही है। प्रशिक्षकों के प्रमोशन, वेतन की व्यवस्था की गई है। विश्वविद्यालय में स्पोर्ट्स टीचर को कुलगुरु बनने तक का अवसर प्रदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में मार्शल आर्ट के तहत मलखंब, जूडो, कुश्ती और ताइक्वांडो के खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की।

### जिस राज्य में खेल नहीं हैं वह राज्य नशे की ओर बढ़ रहे

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि जब मलखंब की प्रस्तुति चल रही थी तब हमारे मुख्यमंत्री चाह रहे थे कि काश मैं मंच पर नहीं ग्राउंड पर होता, जिससे अपनी प्रतिभा दिखा पता। यह ऐसा सुंदर आयोजन और आनंदमय कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि हमारा राज्य खेलों के मामले में आगे बढ़ रहा है। जिस राज्य में खेल नहीं हैं।

### खिलाड़ियों ने 24 से अधिक खेलों के लिए कराया रजिस्ट्रेशन

सांसद आलोक शर्मा ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत भोपाल-सीहोर संसदीय क्षेत्र के 71 हजार से अधिक खिलाड़ियों ने 24 से अधिक खेलों के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। यह प्रतियोगिताएं पंचायत और नगरीय निकाय स्तर पर कराई जाएंगी। इस मौके पर स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, मंत्री तथा भोपाल जिले के प्रभारी चैतन्य कुमार काश्यप, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, भाजपा के संगठन मंत्री हितानंद शर्मा, भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय, विधायक रामेश्वर शर्मा, विष्णु खत्री, भगवानदास सबनानी, विधायक सीहोर सुदेश राय सहित भोपाल-सीहोर संसदीय क्षेत्र के नगरीय निकायों एवं पंचायतों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और खिलाड़ी मौजूद थे।

*27% ओबीसी आरक्षण पर सुनवाई 8 अक्टूबर से*

## सरकार की अंतरिम स्टे हटाने की मांग सामान्य वर्ग के वकीलों ने समय मांगा




- जज की तल्ख टिप्पणी, बोले- हम तैयार हैं, आप नहीं
- वकील बोले- 15 हजार पेज पढ़ने के लिए वक्त चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में ओबीसी वर्ग को 27% आरक्षण देने के मामले में 24 सितंबर से सुप्रीम कोर्ट में रोजाना सुनवाई शुरू होनी थी। अब ये 8 अक्टूबर से होगी।

सुनवाई के दौरान अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी और मध्यप्रदेश सरकार के वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट से 27% ओबीसी आरक्षण पर लागू अंतरिम स्टे हटाने की मांग की। इस पर सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों की ओर से वकील पूजा धर और लेखी ने दलील दी कि उन्हें मप्र सरकार की ओर से मंगलवार (23 सितंबर) को ही 15 हजार पेज के दस्तावेज सौंपे गए हैं। इन दस्तावेजों का अध्ययन करने के लिए अतिरिक्त समय की जरूरत है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के लिए 8 अक्टूबर की तारीख तय कर दी है। साथ ही तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि हम तैयार हैं, आप नहीं।

### सरकार ने बताई असाधारण परिस्थितियां

15 हजार से ज्यादा पन्नों में मप्र सरकार ने ओबीसी वर्ग को अतिरिक्त आरक्षण देने के पक्ष में असाधारण परिस्थितियों का जिक्र किया है। इसमें प्रदेश में ओबीसी की सामाजिक और प्रशासनिक भागीदारी को लेकर डेटा और अलग-अलग रिपोर्ट शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट पहले ही इंदिरा साहनी केस का हवाला देते हुए स्पष्ट कर चुका है कि अगर 50% आरक्षण की सीमा से ज्यादा आरक्षण देना है तो इसके लिए असाधारण परिस्थितियों को सिद्ध करना जरूरी है।

### आप लगातार अंतरिम राहत की मांग कर रहे

आप लगातार अंतरिम राहत की मांग कर रहे हैं, लेकिन हम स्थिति साफ कर चुके हैं। सभी रुके हुए हैं और कोई भी आगे बढ़ कर पहल करने के लिए तैयार नहीं है। आप इस मामले में गंभीर नहीं हैं। कौन किसकी ओर से वरिष्ठ वकील है, देखिए। बहस के लिए कोई तैयार नहीं है। वहीं, ओबीसी वेलफेयर कमेटी ने फिर से एक्ट पास होने की बात कही। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से छत्तीसगढ़ प्रदेश के ओबीसी आरक्षण केस को मध्यप्रदेश के केस से अलग करने की मांग रखी।

## यात्री की पैंट में घुसकर काटा, बेंगलुरु में लगवाया एंटी रेबीज का इंजेक्शन

*भोपाल के यात्री को इंदौर एयरपोर्ट पर नहीं मिला इलाज*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

इंदौर एयरपोर्ट पर यात्री की पैंट में चूहा घुस गया। उसने यात्री को काट भी लिया। यात्री को एयरपोर्ट पर कोई मेडिकल सुविधा नहीं मिली। उसने बेंगलुरु पहुंचने पर इंजेक्शन लगवाया। घटना मंगलवार की है। भोपाल के रहने वाले अरुण मोदी इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या 6 ई 6739 से बेंगलुरु जा रहे थे। उनकी पत्नी साथ थीं। फ्लाइट दोपहर 3 बजकर 5 मिनट पर उड़ान भरती है।



### पहले भी शिकायत हो चुकी

इंदौर एयरपोर्ट पर इससे पहले भी चूहों को लेकर यात्री कई बार शिकायत कर चुके हैं। कुछ समय पहले एक यात्री ने टर्मिनल में फूड काउंटर्स के पास चूहों को दौड़ते देख उनका वीडियो बनाकर शेयर किया था। एयरपोर्ट पर मच्छर, कॉकरोच और आवारा कुत्तों की शिकायत भी की जा चुकी हैं।

## सट्टेबाजी में सोनू सूद ईडी के सामने हुए पेश



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के मशहूर एक्टर सोनू सूद को अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी एप से जुड़े एक मामले में पूछताछ के लिए बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कार्यालय में बुलाया गया है। यह मामला 1 एक्सबेट ऐप से संबंधित है। सोनू सूद को ईडी के दिल्ली स्थित कार्यालय में देखा गया, जहां वे पूछताछ की गई। बता दें कि, ईडी ने कोर्ट में कहा था कि ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप लोगों को जुए की लत लगाते हैं और आर्थिक संकट पैदा करते हैं। जब बड़े सेलिब्रिटी इन्हें प्रमोट करते हैं, तो युवा और बच्चे इन एप की ओर आकर्षित होते हैं। इन एप पर पहले स्किल-बेस्ड गेमिंग के नाम पर लोगों को लुभाया जाता है और बाद में करोड़ों का चूना लगाया जाता है। केंद्र सरकार ने हाल ही में ऐसे एप पर रोक लगाई है, लेकिन कई सेलिब्रिटी अभी भी जांच के दायरे में हैं।







# बिहार विधानसभा चुनाव के लिए महागठबंधन का अति पिछड़ा संकल्प

अति पिछड़ा न्याय संकल्प नाम दिया

# ईबीसी अत्याचार कानून लाएंगे और निकायों में उनको 30 फीसदी आरक्षण देंगे



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए महागठबंधन का घोषणा-पत्र (चुनावी मैनिफेस्टो) आना शुरू हो गया है। लोकसभा में नेता प्रतिपकराहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार को पटना में मैनिफेस्टो के पहले भाग का ऐलान किया।

इसमें अति पिछड़ा वर्ग के लोगों के लिए महागठबंधन ने कई वादे किए हैं। इसे अति पिछड़ा न्याय संकल्प नाम दिया गया है। इसमें पंचायत और निकायों में ईबीसी को 30 फीसदी आरक्षण और एससी-एसटी की तरह अति पिछड़ा अत्याचार निवारण कानून बनाने के वादे किए गए। राहुल ने कहा कि देश में अति पिछड़ा, आदिवासी, ओबीसी और दलितों को जितनी भागीदारी मिलना चाहती है, वो नहीं मिलती है। उन्होंने कहा कि हम अति पिछड़ा वर्ग को एक विजन देना चाहते हैं। पटना के एक होटल में आयोजित महागठबंधन के इस कार्यक्रम में अति पिछड़ा वर्ग के 100 से अधिक नेता जुटे। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, वीआईपी के सुप्रीमो मुकेश सहनी समेत अन्य नेता भी मौजूद रहे।

### हम आपको विजन दे रहे

वोट चोरी की बड़ी साजिश रची जा रही है। हमारी बात को युवाओं ने सुना और हमारा साथ दिया। राहुल ने कहा कि हम लोग आपको एक विजन देना चाहते हैं। यह विजन हमारा या किसी पार्टी का नहीं है। यह अति पिछड़ा समाज का विजन है।

## राहुल और तेजस्वी ने मैनिफेस्टो के पहले भाग का ऐलान किया



**वोट चोरी पर राहुल का बड़ा हमला**

## मेरा हाइड्रोजन बम आना बाकी

बैठक में राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस ने भाजपा और चुनाव आयोग को 'वोट चोरी' के मुद्दे पर घेरा। पार्टी ने आरोप लगाया कि बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के नाम पर मतदाता सूची में गड़बड़ी की जा रही है। इसके जरिए विपक्षी मतदाताओं के नाम हटाए जा रहे हैं। राहुल ने ऐलान किया है कि उन्होंने जिस हाइड्रोजन बम की बात कही थी, वह आने वाला है। जिस दिन आएगा, सभी को सच्चाई का पता चल जाएगा। भाजपा संविधान को खत्म करना चाहती है। मैं भागीदारी के हिसाब से हिस्सेदारी के लिए गारंटी देता हूं। यह मेरी गारंटी है। क्योंकि, हम संविधान मानते हैं।

### योगी पीएम मोदी का उत्तराधिकारी मान रहे, नीतीश को कहा 'बोझ'

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि नीतीश कुमार को भाजपा बोझ मानने लगी है।

खरगे ने कहा कि यूपी के सीएम अपने आप को प्रधानमंत्री का उत्तराधिकारी समझते हैं।

**पूनावाला का गठबंधन पर प्रहार**

## राजद और कांग्रेस का 'गाली उत्सव' चल रहा



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि एक तरफ देश में 'बचत उत्सव' चल रहा है, वहीं बिहार में राजद और कांग्रेस का 'गाली उत्सव' चल रहा है, 10-15 दिन में राजद द्वारा चौथी बार पीएम की दिवंगत मां को गाली दी गई।पूनावाला ने राहुलपर संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने और देश की छवि खराब करने का आरोप लगाया है। राहुल के पास चुनाव आयोग पर आरोप लगाने के लिए कोई प्रमाण नहीं है। पहले दरभंगा में पीएम के संबंध में विवादित टिप्पणी की गई, लेकिन उसे बचाया गया। कांग्रेस के आधिकारिक हैंडल से डीपफेक वीडियो लगाया गया, जिस पर पटना हाईकोर्ट ने रोक लगाई। तेजस्वी यादव भी पीछे नहीं रहे।

**खबर संक्षेप**

### गुमला में मुठभेड़ में 3 माओवादी ढेर



गुमला। झारखंड के गुमला जिले में नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षाबलों ने जिले के घाघरा थाना क्षेत्र के लवादाग जंगल में बुधवार की सुबह झारखंड जगुआर और जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने नक्सलियों के ठिकाने पर छापा मारा। इस मुठभेड़ में 3 कुख्यात माओवादी मारे गए। 2अन्य फरार हो गए। भारी संख्या में हथियार और गोलाबारूद बरामद किए गए।

### एक लाख की साइबर ठगी में मुकदमा दर्ज



फूलपुर। यूपीआई मशीन का केवाईसी अपडेट करने के नाम पर एक लाख रुपए की साइबर ठगी में केस दर्ज किया गया। फूलपुर के नयेपुर ठठरा निवासी सतीश कुमार ने पुलिस को बताया कि उनका होलापुर में किराना स्टोर है। 20 अगस्त को एक युवक ने यूपीआई मशीन का केवाईसी करने पर भुगतान नहीं कटने की बात कही। शाम 5 बजे दुकान पर दोबारा पहुंचा।

**अहमदाबाद विमान हादसे में 'पायलट की गलती'**

फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स के तीखे तेवर

## भारतीय पायलटों का गुस्सा भड़का केंद्र सरकार न्यायिक जांच कराए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे में पायलट को दोष देने वाले नैरेटिव पर फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स (एफआईपी) ने तीखे तेवर दिखाए हैं। फेडरेशन का आरोप है कि अधिकारी जांच से पहले 'पायलट की गलती'की कहानी को हवा दे रहे हैं। फेडरेशन ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय को चिट्ठी लिख कर दुर्घटना की न्यायिक जांच कराने की मांग की है।फेडरेशन ने कहा है कि एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इंवेस्टिगेशन ब्यूरो ने जारी जांच की अखंडता, निष्पक्षता और वैधता से मौलिक और नहीं बदलने लायक समझौता किया।

### पायलटों का मनोबल प्रभावित हो रहा



एफआईपी का आरोप है कि एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इंवेस्टिगेशन ब्यूरो के कार्य से 'यह मामला पक्षपात और गैरकानूनी कार्रवाई के दायरे में पहुंच चुका है। इसने मौजूदा जांच को अस्थिर बना दिया है;और इसके संभावित निष्कर्षों से पायलटों का मनोबल प्रभावित होने की

### पायलट पर दोष मढ़ने का आरोप

पायलटों की संस्था का आरोप है कि 'बातचीत के दौरान इन अधिकारियों ने सेलेक्टिव सीवीआर इंटरसेप्शन और कथित लेयर्ड वॉयस एनालिसिस'के आधार पर हानिकारक आक्षेप लगाए कि कैप्टन सभरवाल ने टेकऑफ के बाद जानबूझकर फ्यूल कंट्रोल स्विच को कटऑफ पोजिशन में कर दिया।

**मुरादाबाद किसान महापंचायत में टिकैत ने कहा**

2027 के बाद आएगा आजम का दिन

## किसानों की जमीन लूटने की तैयारी जबरन मुकदमों में फंसाया जा रहा

एजेंसी ▶▶ मुरादाबाद

यहां बुधवार को आंबेडकर पार्क में किसान संगठनों की महापंचायत आयोजित हुई। इसमें भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता और किसान नेता राकेश टिकैत शामिल हुए। जिले भर से बड़ी संख्या में किसान पंचायत में पहुंचे। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन ने पहले से ही पुख्ता इंतजाम किए थे। महापंचायत में राकेशने केंद्र और राज्य सरकार पर किसानों की अनदेखी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि किसानों की जमीन लूटने की तैयारी चल रही है। गन्ने का उचित भाव नहीं मिल रहा, एमएसपी कानून की मांग अब भी अधूरी है। उन्होंने कहा कि किसानों की फसलों के दाम तय करने की बजाय उन्हें मुकदमों में फंसाने का काम किया जा रहा है।

### सरकार उद्योगपतियों के इशारे पर चल रही



उन्होंने कहा कि यह सरकार उद्योगपतियों के इशारे पर चल रही है, जिससे किसानों और आम जनता की परेशानियां बढ़ रही हैं। उन्होंने बेरोजगारी के मुद्दे को भी गंभीर बताया और कहा कि लगातार युवा बेरोजगार हो रहे हैं, लेकिन सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। महापंचायत के दौरान टिकैत ने समाजवादी पार्टी नेता आजम खां की रिहाई पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि आजम खां को अभी और कुछ समय काटना पड़ेगा। उनका दिन 2027 के बाद आएगा। महापंचायत में किसानों ने जोरदार नारेबाजी की और अपनी समस्याओं को उठाया। नेताओं ने साफ कहा कि जब तक एमएसपी कानून नहीं बनेगा और किसानों की फसलों के दाम सुनिश्चित नहीं होंगे, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

**कोलकाता बारिश ने बनाया रिकॉर्ड**

## सालाना औसत बारिश का करीब 20 फीसदी एक रात में ही बरसा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

यहां मंगलवार को सिर्फ 7 घंटे में ही 250 मिमी से ज्यादा बारिश हुई, जो सालाना औसत बारिश का लगभग 20 फीसदी है। नतीजा यह हुआ कि शहर के बड़े हिस्से पानी में डूब गए और हालात पूरी तरह बिगड़ गए। इसी बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें करीब 10 करोड़ की लग्जरी रोल्स-रॉयस घोस्ट पानी में फंसी दिखी। बगल से गुजर रही 10 लाख की टाटा कार आराम से पानी भरी सड़कों को पार करती नजर आई।

- 7 घंटे में ही 250 एमएम बारिश



### भारी तबाही, 12 की मौत

अधिकारियों के अनुसार भारी बारिश से कोलकाता और आसपास के इलाकों में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई। इनमें से 9 लोगों की मौत करंट लगने से हुई जबकि 2 लोग डूब गए। यह बारिश 1988 के बाद से शहर में हुई सबसे भारी बारिश मानी जा रही है।

**'जमीन के बदले नौकरी' में 13 को फैसला**

## राउज एवेन्यू कोर्ट ने लालू-राबड़ी को पेश होने का दिया आदेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट 13 अक्टूबर को जमीने के बदले नौकरी मामले में फैसला सुनाएगी। कोर्ट ने आरोपी लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और अन्य आरोपियों को उस दिन हाजिर होने का आदेश दिया है।

राउज एवेन्यू कोर्ट में सीबीआई की स्पेशल कोर्ट के जज विशाल गोगने ने ये आदेश जारी किया है। इससे पहले कोर्ट ने 25 अगस्त को इस मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। मामले की जांच सीबीआई कर रही है।

सीबीआई ने लालू, राबड़ी समेत तेजस्वी यादव के खिलाफ भी चार्जशीट दायर की है। 13 अक्टूबर को कोर्ट ये तय करेगा की चार्जशीट में बताए गए आरोपों में से कौन-कौन से मामलों में केस चलाया जाएगा।

**मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम लिमिटेड**
**उमरिया परियोजना मण्डल, उमरिया**
**निर्माण कार्य एवं वानिकी कार्य हेतु आवश्यक सामग्री क्रय हेतु निविदा सूचना**
मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम लि. उमरिया परियोजना मण्डल, उमरिया अंतर्गत वर्ष 2025-26 में निर्माण कार्य एवं वानिकी कार्य में आवश्यक सामग्री क्रय हेतु एम.पी. टेन्डर पोर्टल के माध्यम से अल्पकालिक निविदा आई.डी. क्रमांक (2025-MPVVN-454033-1) आमंत्रित की गई है। निविदा का विस्तृत विवरण एम.पी. टेण्डर की वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
म.प्र. माध्यम/122236/2025 संभागीय प्रबंधक



जबलपुर
गुरुवार, 25 सितंबर 2025
आश्विन मास शुक्ल पक्ष-4
वर्ष : 20, अंक : 149
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


मौसम
अधि. 32
न्यून. 23

## 10.91 लाख से अधिक कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले

## रेलवे कर्मचारियों को केंद्र सरकार का तोहफा, 78 दिन के बोनस का ऐलान



**बोनस के रूप में 1865.68 करोड़ रुपए का भुगतान होगा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कैबिनेट ने रेलवे कर्मचारियों के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। 10.91 लाख से अधिक रेल कर्मचारियों को 78 दिनों के उत्पादकता से जुड़े बोनस के रूप में 1865.68 करोड़ रुपए का भुगतान किया जाएगा। इस फैसले से रेलवे कर्मचारियों को आर्थिक रूप से लाभ होगा और उनकी कार्यक्षमता में सुधार होगा। यह निर्णय सरकार के कर्मचारी कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पात्र रेलवे कर्मचारियों को पीएलबी का भुगतान प्रत्येक वर्ष दुर्गा पूजा/दशहरा की छुट्टियों से पहले किया जाता है। इस साल भी लगभग 10.91 लाख अराजपत्रित रेलवे कर्मचारियों को 78 दिनों के वेतन के बराबर पीएलबी राशि का भुगतान किया जा रहा है। पीएलबी का भुगतान रेलवे के प्रदर्शन में सुधार की दिशा में काम करने हेतु रेलवे कर्मचारियों को प्रेरित करने हेतु एक प्रोत्साहन के रूप में कार्य करता है। हरेक पात्र रेलवे कर्मचारी के लिए 78 दिनों के वेतन के बराबर पीएलबी की अधिकतम देय राशि 17,951 रुपए है।

## इंडोनेशियाई राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने ऐसे खत्म किया अपना संबोधन

# संयुक्त राष्ट्र में गूंजा 'ओम शांति, शांति ओम'

### इंसान की मूर्खता, जो डर, नस्लवाद, घृणा, उत्पीड़न और रंगभेद से प्रेरित है, हमारी साझा भविष्य को खतरे में डाल रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें सत्र में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने भाषण की शुरुआत पारंपरिक इस्लामी अभिवादन से की और समापन बहुधार्मिक संदेश के साथ किया।

उन्होंने कहा- वस्सलामु अलैकुम वरहमतुल्लाही वबरकातुह, शालोम, ओम शांति शांति शांति ओम, नमो बुद्धाय। यह संदेश इंडोनेशिया की विविध धार्मिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि का प्रतीक है। सुबियांतो ने दुनिया से शांति, न्याय और समान अवसर की अपील की। अपने 19 मिनट के संबोधन के अंत में उन्होंने संस्कृत मंत्र ओम शांति, शांति, शांति ओम का उच्चारण कर पूरी दुनिया को सौहार्द्र और एकजुटता का संदेश दिया। राष्ट्रपति सुबियांतो ने अपने भाषण में चेताया कि इंसान की मूर्खता, जो डर, नस्लवाद, घृणा, उत्पीड़न और रंगभेद से प्रेरित है, हमारी साझा भविष्य को खतरे में डाल रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह पूरी दुनिया की जिम्मेदारी है कि वह एक निर्णायक कदम उठाए और निर्दोषों को बचाए। अंत में उन्होंने दुनिया के सभी धर्मों और संस्कृतियों का सम्मान करते हुए बहुधार्मिक अभिवादन दिया।



### 20000 या उससे भी अधिक सैनिकों को गाजा और फलस्तीन में भेजने को तैयार

सुबियांतो ने गाजा और फलस्तीन में जारी हिंसा और मानवीय संकट पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने घोषणा की कि इंडोनेशिया शांति स्थापना में बड़ी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा- इंडोनेशिया 20000 या उससे भी अधिक सैनिकों को गाजा और फलस्तीन में शांति स्थापित करने के लिए भेजने को तैयार है। सुबियांतो ने यह भी बताया कि आज इंडोनेशिया दुनिया में संयुक्त राष्ट्र शांति सेना का एक बड़ा योगदानकर्ता देश है और वह सिर्फ बातों से नहीं, बल्कि सक्रिय सैनिकों की तैनाती के जरिए शांति स्थापित करने के लिए काम करता रहेगा।

### दुनिया अंतहीन युद्ध और बढ़ती हिंसा के बहुत खतरनाक दौर में

राष्ट्रपति ने इजराइल-फलस्तीन विवाद का हल दो-राष्ट्र समाधान में बताया। उन्होंने कहा कि फलस्तीन और इस्राइल, दोनों को स्वतंत्र, सुरक्षित और आतंकवाद व खतरों से मुक्त राष्ट्र के रूप में अस्तित्व में रहना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि गाजा में निर्दोषों पर हो रही तबाही को रोका नहीं गया, तो दुनिया अंतहीन युद्ध और बढ़ती हिंसा के बहुत खतरनाक दौर में प्रवेश कर जाएगी।

## खबर संक्षेप

### आंगनबाड़ी के किचन में सिलेंडर में लगी आग



**सतना।** जिले के दिदौध ग्राम पंचायत स्थित रजहरा भठिया शासकीय प्राथमिक स्कूल में बुधवार को आंगनबाड़ी केंद्र के किचन में दोपहर के समय गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका ने तुरंत किचन के पास मौजूद करीब 20 बच्चों को सुरक्षित निकाला। डायल 112 पर सूचना मिलने के बाद कोठी थाना की पुलिस मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया।

### पिता ने बेटे को गाड़ी के गेट पर लटकाकर घुमाया



**उज्जैन।** वीडियो बनाने के शौक में एक पिता ने अपने मासूम बच्चे की जान खतरे में डाल दी। मंगलवार की रात ऋषि नगर के विशाला में रहने वाला दीपक पमनानी अपने बच्चे को कार के गेट पर लटकाकर चामुंडा माता चौराहे से फ्रीगंज की तरफ जा रहा था। घटना को आरक्षक ने देखा और तुरंत कंट्रोल रूम को वायरलेस सेट से सूचना दी। पुलिस ने कार को रोककर बच्चे को उतारा। पिता को जमकर फटकार लगाई।

### प्रसिद्ध लेखक भैरप्पा का 94 साल की उम्र में निधन



**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध उपन्यासकार और लेखक एसएल भैरप्पा का बुधवार को बेंगलुरु के एक अस्पताल में हार्ट अटैक से निधन हो गया। वह 94 वर्ष के थे। भैरप्पा को बेंगलुरु के राष्ट्रोत्थान अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पीएम नरेंद्र मोदी ने भैरप्पा के निधन पर दुख जताया है। भैरप्पा को दोपहर लगभग 2.38 बजे हार्ट अटैक आया। संतेशिवर लिंगन्नैया भैरप्पा को एसएल भैरप्पा के नाम से जाना जाता है।

### लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने और छठी अनुसूची में शामिल किए जाने की मांग पर हिंसक हुआ आंदोलन

# लेह में छात्रों और पुलिस के बीच झड़प भाजपा दफ्तर के बाहर आग, 4 की मौत



प्रदर्शनकारी लद्दाख के लिए संवैधानिक सुरक्षा और राजनीतिक अधिकारों की मांग कर रहे हैं जबकि अधिकारियों ने संवेदनशील इमारतों और विरोध स्थलों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है

आंदोलन की अगुवाई कर रहे सोनम वांगचुक 15 दिन से भूख हड़ताल पर थे, उन्होंने अनशन तोड़ा



केंद्र सरकार ने इस मामले पर निर्णय के लिए 6 अक्टूबर की तारीख तय की है

एजेंसी ▶▶ जम्मू

केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख में राज्य के पूर्ण दर्जे को लेकर लेह में प्रदर्शन हो रहा है। इस दौरान प्रदर्शनकारी छात्रों और पुलिस के बीच हिंसक झड़प हो गई है। प्रदर्शनकारी छात्रों ने लेह में भाजपा कार्यालय के बाहर आग लगा दी है। इतना ही नहीं, सीआरपीएफ की गाड़ी में भी आग लगा दी गई है। लद्दाख को पूर्ण राज्य के दर्जे दिए जाने को लेकर और छठी अनुसूची में शामिल किए जाने को लेकर सोनम वांगचुक पिछले 15 दिनों से भूख हड़ताल पर थे। इस हिंसक प्रदर्शन में 4 लोगों की मौत भी हो गई है। वहीं, 70 लोग घायल बताए जा रहे हैं।

**राज्य के दर्जे के आंदोलन के दौरान लद्दाख में हिंसा की यह पहली घटना**

**लेह में दो महिला प्रदर्शनकारियों के बीमार पड़ने और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराने के बाद ही वहां तनाव पैदा हुआ**

### वांगचुक बोले- भाजपा अपना वादा पूरा करे



अचानक प्रदर्शनकारी हिंसक हो गए और पुलिस से भिड़ गए। उन्होंने लेह स्थित भाजपा कार्यालय पर हमला किया और सुरक्षाकर्मियों पर पथराव किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे जलवायु कार्यकर्ता और शिक्षक सोनम वांगचुक ने पहले इस बात पर जोर दिया था कि भाजपा को आगामी हिल काउंसिल चुनावों से पहले लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने का अपना वादा पूरा करना चाहिए।

### आज बंद रहेगा कारगिल

कारगिल में आयोजन समिति के सदस्य सज्जाद करगली ने बताया कि आंदोलन के समर्थन में गुरुवार को कारगिल पूरी तरह बंद रहेगा। उन्होंने कहा कि आंदोलन जोर पकड़ रहा है। पिछले दो हफ्तों से इस विरोध प्रदर्शन में भारी भीड़ उमड़ रही है जिसमें पुरुष, महिलाएं और

### वांगचुक ने कहा यह एक 'जेन जी' क्रांति

वांगचुक ने कहा कि हजारों की संख्या में नौजवान बाहर आए। कुछ लोग सोचते हैं कि वे हमारे समर्थक थे। पूरा लेह ही हमारा समर्थक है लेकिन यह एक 'जेन जी' क्रांति थी। ये पिछले 5 साल से बेरोजगार हैं। उन्हें नौकरियों से बाहर किया जा रहा है।

## दक्षिण भारत के प्रमुख मठ का एक आश्रम वसंतकुंज इलाके में

# आश्रम के प्रमुख स्वामी ने '17 छात्राओं' से कहा-यौन संबंध बनाओ, वर्ना कर दूंगा फेल

**ईडब्ल्यूएस छात्रवृत्ति से पीजीडीएम कोर्स कर रही थीं छात्राएं**

**आरोपी की आखिरी लोकेशन आगरा में मिली**



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के वसंतकुंज इलाके में स्थित एक प्रसिद्ध आश्रम के चैतन्यानंद उर्फ पार्थ सारथी नाम के संचालक पर करीब 17 छात्राओं से छेड़छाड़ करने का आरोप लगा है। छात्राओं की शिकायत पर वसंतकुंज(नार्थ) थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी फरार है। आरोप है कि आश्रम के संचालक स्वामी चैतन्यानंद उर्फ पार्थ सारथी ने ईडब्ल्यूएस छात्रवृत्ति से पीजीडीएम कोर्स कर रही छात्रों से अपशब्दों का इस्तेमाल किया। इसके साथ ही वॉट्सएप और एसएमएस के जरिए अश्लील संदेश भेजे।

### 32 छात्रों के बयान दर्ज कराए

इस मामले में कुल 32 छात्रों के बयान दर्ज कराए। इनमें से 17 ने स्वामी पर अपशब्द, अश्लील संदेश और शारीरिक संपर्क के गंभीर आरोप लगाए हैं। छात्राओं के अनुसार, जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो कुछ फैकल्टी और प्रशासनिक अधिकारी उनपर दबाव डालते थे। छात्राओं ने अपनी शिकायत में बताया कि आश्रम में काम करने वाली कुछ वार्डन आरोपी से मिलवाती थीं। पुलिस ने श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट संस्थान से एनवीआर और हार्ड डिस्क बरामद कर फॉरेंसिक लैब के लिए भेज दिए हैं।

### चाचा की तलाश में जुटी पुलिस

## शर्मनाकः सात साल की मासूम से दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



■ दुष्कर्म और पॉस्को एक्ट के तहत एफआईआर

कोतवाली थाना क्षेत्र में बुधवार को रिश्तों को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है, जहां एक सात साल की मासूम बालिका के साथ उसके सगे चाचा ने दुष्कर्म कर दिया। दुष्कर्म की इस वारदात के बाद चाचा मौके से फरार हो गया। पीड़ित बालिका की मां की शिकायत पर कोतवाली थाना पुलिस ने आरोपी चाचा के खिलाफ दुष्कर्म और पॉस्को एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली थाना पुलिस के मुताबिक श्योपुर निवासी एक सात वर्षीय बालिका बुधवार की सुबह करीब साढ़े दस बजे के आसपास जब अपने घर में अकेली थी।

### जुड़वा बच्चों को जन्म देने के बाद मां की मौत

## परिजनों का आरोप- 5 घंटे तक नहीं मिला इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर



■ दोनो जुड़वा बच्चे एकदम स्वस्थ्य

जिले के चौपारा गांव की 23 वर्षीय महिला की जिला अस्पताल में डिलीवरी के दौरान मौत हो गई। महिला के दो जुड़वा बच्चे हैं, जो स्वस्थ हैं। परिवार ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। पीड़ित परिवार के अनुसार, पूनम (पत्नी दीपक आदिवासी, उम्र 23 वर्ष) को मंगलवार दोपहर 3 बजे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शाम 8 बजे डिलीवरी के दौरान उसने दो बच्चों को जन्म दिया। डिलीवरी के बाद डॉक्टर ने जांच के लिए कहा। जांच में एक घंटा लग गया, वापस लौटने पर महिला की हालत खराब थी और थोड़ी देर में उसकी मौत हो गई।

### 5 लाख की मांगी थी घूस

## कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी 50 हजार रिश्वत लेते ट्रैप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



■ एफआईआर करने की देता था धमकी

इंदौर लोकायुक्त की टीम ने अलीराजपुर में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को 50 हजार की रिश्वत लेते हुए ट्रैप किया है। आरोपी अफसर के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। लोकायुक्त से मिली जानकारी के मुताबिक कमलेश सांगर्डिया निवासी ग्राम बरझर शामलाकुंड ने खाद्य विभाग के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी रामा अवस्या के खिलाफ एक शिकायती आवेदन दिया था। जिसमें उन्होने बताया था कि उसकी पत्नी शासकीय उचित मूल्य की दुकान चलाती है। उक्त दुकान का कोड नंबर 4906022 है।

### जस्टिस सूर्यकांत ने कहा- क्या कोई जजों की स्थिति, उनके काम के घंटे और नींद की कमी को समझता है?

## जब तक किसी की आजादी दांव पर न हो, उसी दिन केस लिस्ट नहीं होगा

# जब तक किसी की 'फांसी' का मामला न हो तब तक उसी दिन सुनवाई का आदेश नहीं देंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस सूर्यकांत ने बुधवार को कहा कि वे किसी मामले को उसी दिन लिस्ट करने (सुनवाई के लिए लगाने) का आदेश तभी देंगे, जब किसी की फांसी होने वाली हो। उन्होंने वकीलों से यह भी सवाल किया कि क्या कोई जजों की स्थिति, उनके काम के घंटे और नींद की कमी को समझता है। यह टिप्पणी तब आई जब एक वकील ने तुरंत सुनवाई की मांग की।

यह टिप्पणी तब आई जब एक वकील ने तुरंत सुनवाई की मांग की





### क्यों महत्वपूर्ण है जस्टिस सूर्यकांत का बयान?

सुप्रीम कोर्ट में हर दिन बड़ी संख्या में वकील अपने मामलों को तुरंत सुनवाई के लिए पेश करते हैं। लेकिन कोर्ट का कामकाज पहले से ही बहुत व्यस्त होता है। जस्टिस सूर्यकांत के इस बयान ने यह साफ किया कि केवल अत्यंत गंभीर मामलों, जैसे किसी की फांसी या व्यक्तिगत आजादी का सवाल, में ही तत्काल सुनवाई होगी। उनका यह बयान जजों के काम के भारी बोझ और न्यायिक प्रणाली पर बढ़ते दबाव को भी उजागर करता है।

**जस्टिस सूर्यकांत ने अपनाया**

*जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली पीठ में जस्टिस उज्जल भुइयां और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह भी शामिल थे। यह पीठ उन मामलों की मेनशनिंग (यानी तुरंत सुनवाई के लिए अनुरोध) सुन रही थी। सुनवाई के दौरान वकील शोभा गुप्ता ने जस्टिस सूर्यकांत के सामने एक मामला रखा। उन्होंने कहा कि राजस्थान में एक रिहायशी मकान की नीलामी बुधवार को ही होनी है, इसलिए इस केस को तुरंत सूचीबद्ध किया जाए। इस पर जस्टिस सूर्यकांत ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि जब तक किसी की फांसी होने वाली न हो, मैं उसी दिन केस लिस्ट नहीं करूंगा।*




## चिंतन

# हादसे की अधूरी जांच पर हो-हल्ला करना ठीक नहीं

अहमदाबाद प्लेन क्रैश पर आई विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो की प्रारंभिक रिपोर्ट लगातार चर्चा में है। इस रिपोर्ट में विमान हादसे के पीछे फ्यूल कटऑफ का अंदेशा जताया गया है, जिसे लेकर पायलट यूनियन का गुस्सा भड़क गया है। असल तो किसी भी जांच के प्रारंभिक हिस्से पर चर्चा करना ही उचित नहीं है। जब तक जांच पूरी न हो जाए, उस बारे में कुछ नहीं कहा जाना चाहिए और न ही अधूरी जांच रिपोर्ट पब्लिक डोमेन में आना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट भी जांच को लेकर सख्त टिप्पणी कर चुका है। सर्वोच्च न्यायालय ने एएआईबी की प्राथमिक जांच को 'गैरजिम्मेदाराना' करार दिया था। इस रिपोर्ट में प्लेन क्रैश की वजह साफ न करते हुए पायलट की चूक का अंदेशा जताया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने हादसे को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए खासी नाराजगी जताई थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती, इसको लेकर पूर्ण गोपनीयता बने रहना बहुत ही महत्वपूर्ण है। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने इस दुर्घटना की स्वतंत्र और कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग वाली पीआईएल पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की थी। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि जांच रिपोर्ट की टुकड़ों में जानकारी लीक करने के बजाए, नियमित जांच में तार्किक निष्कर्ष निकलने तक लोगों को गोपनीयता बरतनी चाहिए, लेकिन इसके बावजूद जांच रिपोर्ट को लेकर हो-हल्ला थमने का नाम नहीं ले रहा। अब भारतीय वाणिज्यिक पायलट संघ ने जांच रिपोर्ट को आधार बनाते हुए पायलट के द्वारा विमान का फ्यूल कटऑफ करने वाली थ्योरी की कड़ी निंदा की है। संघ का कहना है कि जांच पूरी हुए बिना पायलट पर इस तरह से इल्जाम लगाना सही नहीं है। पायलट की आत्महत्या का यह आरोप पूरी तरह से निराधार है। फेडरेशन का आरोप है कि अधिकारी जांच से पहले पायलट की गलती की कहानी को हवा दे रहे हैं। फेडरेशन ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय को चिट्ठी लिखकर दुर्घटना की न्यायिक जांच कराने की मांग की है। यह असंभव सी बात है कि ऐसी आपात स्थिति के दौरान कॉकपिट में कोई हलचल न हुई हो। ऐसी परिस्थितियों में वहां इतनी शांति कैसे हो सकती है। जाहिर है कि कुछ पहलुओं को जानबूझकर छिपाने का प्रयास किया जा रहा है। चूंकि यह रिपोर्ट एक व्यापक परिचालन वाले बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान से जुड़ी है तो पूरी दुनिया के लिए उसके गहरे निहितार्थ हैं और दुनियाभर में इस पर चर्चा हो रही है। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि जांच पूरी तरह से निष्पक्ष और सटीक होनी चाहिए ताकि किसी को भी इस पर उंगली उठाने का मौका ही न मिले। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि फ्यूल वाल्व-स्विच कट ऑफ कर दिए गए थे। ऐसे में अगर फ्यूल वाल्व-स्विच को कट ऑफ स्थिति में ले जाने के लिए वापस मोड़ने की वजह बताई जाए तो यह गहन जांच का विषय है। बोइंग 787 ड्रीमलाइनर व्यापक डिजिटल एवं साफ्टवेयर प्रणाली पर संचालित विमान है, जिसे निरंतर रूप से सिस्टम अपडेट एवं सिक्योरिटी पैच की भी आवश्यकता होती है। अगर फ्यूल स्विच कट ऑफ हो गए तो इसके पीछे के कारण को तलाशना होगा, लेकिन हम ऐसा करने की बजाए प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में ही उलझते नजर आ रहे हैं। स्वाभाविक तौर पर जांच में तमाम जटिलताएं आएंगी, लेकिन इस काम को पूरा करने की प्रक्रिया में सभी जांच एजेंसियों को कोई कोर-कसर शेष नहीं रखनी चाहिए। जांच में महत्वपूर्ण कोई कंपनी नहीं बल्कि इसमें उन लोगों की उम्मीदें भी जुड़ी हैं जिन्होंने हादसे में अपनों को खोया है।



जयंती विशेष
मनोहर लाल

# उपाध्याय ने दिया 'अंत्योदय' का मंत्र

**आज 25 सितंबर को जब हम पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 109वीं जयंती मना रहे हैं, तो यह स्मरण करना आवश्यक है कि उनका दर्शन कैसे समय की धारा को प्रभावित करता हुआ आज भी प्रासंगिक बना हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अंत्योदय भावना को न केवल आत्मसात किया, बल्कि उसे अपनी कार्यशैली और शासन तंत्र का मूल आधार बना लिया। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि मोदी के नेतृत्व में भारत ने अंत्योदय को केवल विचार या दर्शन से आगे बढ़ाकर विकास का व्यवहारिक स्वरूप दिया है। जब राजनीति सेवा एवं समर्पण का पर्याय हो, तो प्रगति केवल नीतियों का दस्तावेज नहीं, बल्कि करोड़ों गरीबों के जीवन में प्रकाश बनकर उतरती है।**

भारतीय राजनीतिक इतिहास में अनेकानेक नेता हुए हैं, जिन्होंने राष्ट्र को अलग-अलग दौर में नई दिशा देने का कार्य किया, लेकिन उनमें से विरले ही ऐसे हुए हैं, जिन्होंने राजनीति को विशेषाधिकार न मानकर, सेवा,समर्पण व संकल्प का माध्यम माना। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऐसे ही एक महामानव थे, जिन्होंने राजनीति को समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान से जोड़ा। उन्होंने यह सिद्धांत प्रतिपादित किया कि यदि राष्ट्र निर्माण की कसौटी तय करनी हो, तो वह यही होनी चाहिए कि विकास की राह समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। 'अंत्योदय' उनके लिए केवल एक राजनीतिक नारा नहीं, बल्कि जीवन का मंत्र था। उनका कथन था,"हमारी राजनीति का लक्ष्य सत्ता प्राप्ति नहीं, बल्कि सेवा के माध्यम से समाज का उत्थान होना चाहिए।"

आज 25 सितंबर को जब हम पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 109वीं जयंती मना रहे हैं, तो यह स्मरण करना आवश्यक है कि उनका दर्शन कैसे समय की धारा को प्रभावित करता हुआ आज भी प्रासंगिक बना हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अंत्योदय भावना को न केवल आत्मसात किया, बल्कि उसे अपनी कार्यशैली और शासन तंत्र का मूल आधार बना लिया। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि मोदी के नेतृत्व में भारत ने अंत्योदय को केवल विचार या दर्शन से आगे बढ़ाकर विकास का व्यवहारिक स्वरूप दिया है। साढ़े बाहर साल तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहते व बीते करीब साढ़े ग्यारह साल से प्रधानमंत्री के पद पर नरेंद्र मोदी ने सरकार की तमाम नीतियों व योजनाओं के केंद्र में गरीब, वंचित, किसान, महिला और समाज के अंतिम व्यक्ति छोर पर खड़े व्यक्ति को विकास के केंद्र में रखा। 26 मई 2014 को जब उन्होंने प्रधान सेवक के रूप में नरेंद्र मोदी ने देश की बागडोर संभाली, तब भारत अनेक चुनौतियों से जूझ रहा था। सामाजिक-आर्थिक असमानता, व्यापक गरीबी और हाशिए पर पड़े वर्गों की उपेक्षा जैसी समस्याएं गहरी थीं। ऐसे में उन्होंने 15 अगस्त 2014 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से अपने बतौर प्रधानमंत्री पहले ही भाषण में उन गरीबों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ने का साहसिक कदम उठाया, जो बैंकों के दरवाजे तक जाने में झिझकते थे।

'प्रधानमंत्री जन धन योजना' तहत खुले 56 करोड़ बैंक खातों के जरिए गरीबों को वित्तीय समावेशन का अवसर मिला। यह केवल बैंक खाता खोलने की योजनाभर नहीं बल्कि यह गरीब को आर्थिक आत्मनिर्भरता की पहली सीढ़ी प्रदान करने वाला युगांतरकारी कदम है। इस योजना से गरीब की बिचौलियों के चंगुल से मेहनत की कमाई सुरक्षित हुई, लाभकारी योजनाओं की धनराशि डीबीटी के जरिए सीधे उनके बैंक खातों में जमा हुई और वे देश की अर्थव्यवस्था की मुख्यधारा से जुड़ सके। अंत्योदय की भावना को घर के चूल्हे-चौके तक 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' के जरिए पहुंचाया। जिन माताओं, बहनों ने पीढ़ियों तक धुएं से भरे चूल्हों पर खाना पकाया, उन्हें एलपीजी गैस कनेक्शन देकर न केवल स्वास्थ्य की सुरक्षा दी गई, बल्कि उनका सम्मान भी लौटा। यह योजना केवल ईंधन बदलने का उपक्रम नहीं,बल्कि महिलाओं के जीवन की गुणवत्ता



सुधारने का महान अभियान साबित हुआ। पंडित दीन दयाल का अंत्योदय दर्शन बड़े पैमाने पर उस समय सामने आया जब दुनिया कोरोना महामारी, वैक्सीन, खाद्य संकट व नौकरियां जाने से जूझ रहे थे तब देश में मार्च 2020 से 80 करोड़ गरीब परिवारों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराने की पहल प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के जनवरी 2029 तक विस्तार से यह सुनिश्चित किया गया है कि किसी गरीब के घर का चूल्हा ठंड न पड़े, कोई परिवार भूखा न सोए। यह कदम केवल मानवीय करुणा का उदाहरण नहीं,बल्कि भारत के शासन-तंत्र की दृढ़ता व संवेदनशीलता का भी प्रमाण है। स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए आयुष्मान भारत योजना ने गरीबों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवा कवच प्रदान किया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि ने 11 करोड़ छोटे गरीब किसानों के खातों में प्रतिवर्ष छह हजार रुपये सीधे पहुंचाकर उनके जीवन को आर्थिक संबल दिया। प्रधानमंत्री आवास योजना ने करोड़ों गरीबों को छत दी, जल जीवन मिशन ने हर घर नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य रखा, डिजिटल इंडिया ने गांव-गांव को तकनीक की शक्ति से जोड़ा। इन सबका सार वही था, जिसे दीनदयाल जी ने कहा था "सच्चा विकास वही है, जिसमें अंतिम व्यक्ति तक सुविधा, अवसर और सम्मान पहुंचे।" अपने तीसरे कार्यकाल में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उसी अंत्योदय भावना को आगे बढ़ा रहे हैं। ड्रोन दीदी योजना इसका नया उदाहरण है। यह योजना गांव की साधारण महिलाओं को ड्रोन तकनीक के माध्यम से कृषि कार्यों में दक्ष बनाकर न केवल उन्हें आत्मनिर्भर बना रही है, बल्कि उद्यमिता का नया आयाम भी दे रही है।

इन महिलाओं को समाज अब 'लखपति दीदी' के रूप में पहचान रहा है। यह अंत्योदय से सशक्तिकरण की यात्रा का जीवंत उदाहरण है। अंत्योदय को केवल दया या कृपा का विषय नहीं माना गया, बल्कि उसे गरीब का अधिकार और अवसर का आधार बनाया गया। भारत आज केवल तेजी से प्रगति करती हुई दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था ही नहीं, बल्कि समावेशी विकास का वैश्विक मॉडल बन चुका है।

यह इस बात का प्रमाण है कि जब नेतृत्व का केंद्र अंतिम व्यक्ति हो, तो विकास आंकड़ों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि हर वर्ग के उत्थान में झलकता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने कहा था -"राजनीति में सफलता का वास्तविक मापदंड यही है कि वह समाज के सबसे छोटे व कमजोर वर्ग तक पहुंचकर उसके जीवन को बेहतर बना सके।" पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती हमें स्मरण कराती है कि "मनसा वाचा कर्मणा यः समक्रीयते" यानी मन, वचन एवं कर्म में समरसता और सत्यनिष्ठा से राष्ट्र निर्माण की गति अजेय हो जाती है। जब राजनीति सेवा एवं समर्पण का पर्याय हो, तो प्रगति केवल नीतियों का दस्तावेज नहीं, बल्कि करोड़ों गरीबों के जीवन में प्रकाश बनकर उतरती है।

(लेखक केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स
डॉ. मोनिका शर्मा



# वर्चुअल ट्रेंड के जोखिम को समझें स्त्रियां

सोशल मीडिया की आभासी दुनिया वास्तविक धरातल पर भी लोगों के मन-मस्तिष्क को जकड़ चुकी है। वर्चुअल संसार में आये दिन चलने वाले किसी 'ट्रेंड' में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के उपयोगकर्ताओं की भागीदारी खूब देखने को मिलती है। खासकर तस्वीरों को एडिट कर अपने व्यक्तित्व एवं चेहरे को बदलने वाला चलन सिर चढ़कर बोलता है। कभी विशेष परिधान पहनकर तस्वीरें साझा करने का चलन तो कभी रंगों-रेखाओं में अपनी छवि को ढालने का जुनून। इन दिनों सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर गूगल जेमिनी का ट्रेंड छाया हुआ है। इसमें अलग-अलग तरह के प्रॉम्प्ट इस्तेमाल कर यूजर्स अपनी छवियों को मनपसंद रूप रंग दे रहे हैं। विशेषकर महिलाएं हर बार की तरह इस बार भी वर्चुअल दुनिया के इस ट्रेंड का खूब अनुसरण कर रही हैं। साड़ी में अपनी फोटो तैयार से लेकर दुल्हन के परिधान पहनने तक, महिलाएं अपनी तस्वीरों को गूगल जेमिनी से अलग-अलग रंग-रूप में ढाल रही हैं। तकलीफदेह है कि निजी जानकारियों, तस्वीरों और अन्य कई तरह का डाटा साझा करने से जुड़े अनगिनत खतरों के बावजूद नासमझी का यह बर्ताव हर वायरल ट्रेंड के साथ देखने को मिलता है। स्वयं अपनी ही निजता में सेंध लगाने वाली गलतियां और गतिविधियां की जाती हैं। वर्चुअल चलन पर चल पड़ने की इस आपाधापी में निजी जानकारियां आभासी दुनिया तक पहुंचा दी जाती हैं। जबकि ऐसे चलन जीवन को जोखिम में डालने भी वाले साबित हो रहे हैं। कहीं विशेष तरह की सामग्री तैयार करने के लिए अजब-गजब हरकतें कर दुर्घटनाओं को न्योता दिया जा रहा है, कहीं निजी सूचनाएं साझा करना ब्लैकमेलिंग और अपराध के रास्ते खोल रहा है। बीते दिनों चले घिबली आर्ट ट्रेंड को लेकर तो महाराष्ट्र साइबर सेल द्वारा सुरक्षा सलाह सूची तक जारी की गईं थी। इस परामर्श सूची में घिबली आर्ट के जरिए भारतीयों का डाटा विदेशी कंपनियों तक आसानी से पहुंचने और उसका दुरुपयोग होने की आशंका जताई गई थी। महाराष्ट्र साइबर सेल के अनुसार जांच के दौरान घिबली आर्ट समेत कई अन्य एआई इमेज जेनरेटर का उपयोग करने के बहुत से जोखिम नजर आने के बाद लोगों से ऐसे एप्लीकेशन से बचने का आग्रह किया। विशेष रूप से उपयोगकर्ताओं को उन एप्लीकेशन बचने की सलाह दी है, जो लोगों के तकनीकी उपकरणों तक पहुंचने या संदर्भ चित्र अपलोड करने की अनुमति मांगते हैं। चिंतनीय है कि आपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ ही मनोवैज्ञानिक मोर्चे पर भी ऐसे 'ट्रेंड्स' बहुत से लोगों के लिए असहजता का परिवेश बनाते हैं। ऐसी गतिविधियों में भागीदार न बनने वाले लोगों को औरों से पीछे छूटने की अनुभूति घेरने लगती है। प्यू रिसर्च के एक अध्ययन के अनुसार सोशल मीडिया उपयोग का बढ़ता दायरा अवसाद का अहम कारण बन गया है। यह रिपोर्ट बताती है कि बहुत से लोग सोशल मीडिया पर उपस्थित अपने ही वर्ग के अन्य लोगों से अपने जीवन की तुलना करने लगते हैं। इस मनःस्थिति में लोगों को अपनी जिंदगी कमतर लगने लगती है। इसके चलते सोशल मीडिया एंगजाइटी डिसऑर्डर का शिकार हो जाते हैं।समझना मुश्किल नहीं कि हर ओर छाये किसी विशेष चलन में हिस्सेदारी न कर पाने के कारण यह अवसाद का भाव कितना गहरा हो जाता होगा? इतना ही नहीं, इन वर्चुअल ट्रेंड्स के माध्यम से निजी सूचनाएं साझा करने के खामियाजे तो पीड़ादायी घटनाओं के रूप में आए दिन सामने आते रहते हैं। दरअसल, जाने-अनजाने गोपनीय जानकारियों को साझा करते हुए दी गई सहमति बहुत सी गंभीर चिंताएं पैदा करती है। सुरक्षा से जुड़े जोखिमों के बावजूद हर तरह के आभासी चलन का अनुसरण करने वालों में महिलाओं की संख्या बहुत ज्यादा होती है। स्त्रियां ना केवल अपनी बल्कि पारिवारिक जानकारियां और तस्वीरें भी खूब साझा करती हैं। ध्यातव्य है कि वर्चुअल संसार में किसी भी तरह के शोषण और धोखाधड़ी के आपराधिक मामलों को अंजाम देने वाले अधिकतर महिलाओं को ही जालसाजी का शिकार बनाते हैं। ऐसे में सहज रूप से साझा की छवियां और जानकारियां हों या सोशल मीडिया के नये-नये चलन, वर्चुअल संसार में जालसाजी के रंग ढंग विस्तार ही पा रहे हैं। स्त्रियों के साथ होने वाले आपराधिक मामलों के पीछे आभासी दुनिया में अपने जीवन से जुड़े हर पक्ष को साझा करना भी है। यही वजह है कि कई बार वर्चुअल ट्रेंड्स वास्तविक जीवन में बड़ा नुकसान करने वाले साबित होते हैं। आवश्यक है कि ऐसे किसी भी चलन का हिस्सा बनने में थोड़ा संयम से काम लिया जाए।निजी जानकारियों को साझा करने की अनुमति देने से पहले सजगता बरती जाए।

( लेखिका वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हृदय का करें अनुसरण



संकलित
दर्शन

कोई भी धर्मग्रंथ हमें धार्मिक नहीं बना सकता। चाहे हम दुनिया के सारे धर्मग्रंथ पढ़ डालें, परंतु फिर भी ईश्वर या धर्म का हमें तनिक भी ज्ञान नहीं होता। हम सारी उम्र धर्म या ईश्वर संबंधी बातें करते रहें, पर हमारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं होती। दुनिया के विद्वानों ने भले ही हमारी बुद्धि प्रखर कर दी हो, पर हम ईश्वर तक नहीं पहुंच सके। पाश्चात्य संस्कृति का दोष यह है कि हम बुद्धि का संस्कार करते समय हृदय के संस्कार की ओर ध्यान ही नहीं देते। इसका परिणाम यह होता है कि मनुष्य दस गुना स्वार्थी हो जाता है। यदि हृदय और बुद्धि में विरोध उत्पन्न हो, तो तुम हृदय का अनुसरण करो, क्योंकि बुद्धि केवल एक तर्क के क्षेत्र में ही काम कर सकती है, वह उसके परे जा ही नहीं सकती, पर वह केवल हृदय ही है, जो हमें उच्चतम भूमिका पर आरूढ़ करता है। वहां तक बुद्धि कभी नहीं पहुंच सकती। हृदय, बुद्धि का अतिक्रमण कर अंतःस्फूर्ति को पा लेती है। बुद्धि से कभी अंतःस्फूर्ति प्राप्त नहीं हो सकती। अंतःस्फूर्ति का कारण केवल ज्ञानोदय बासित हृदय ही है। बुद्धिप्रधान, किंतु हृदय शून्य मनुष्य कभी स्फूर्तिमान नहीं बन सकता। प्रेममय पुरुष की समस्त क्रियाएं उसके हृदय से अनुप्राणित होती हैं। एक ऐसा उच्चतर साधन, जिसे बुद्धि कभी नहीं दे सकती, अगर किसी ने पाया है तो हृदय ने ही, और वह साधन है अंतःस्फूर्ति। जिस तरह बुद्धि ज्ञान का साधन है, उसी तरह हृदय अंतःस्फूर्ति का। शुरुआत में हृदय इतना शक्तिशाली नहीं होता, जितनी कि बुद्धि।

## कभी भी अपने पद और धन का घमंड न करें



संकलित
प्रेरणा

देवताओं के कोषाध्यक्ष को एक दिन अपने पद और धन का घमंड हो गया है। इसी घमंड में वे शिव जी के पास पहुंच गए और शिव जी को सपरिवार अपने महल में खाने के लिए निमंत्रण दिया। शिवजी ने कहा कि मैं तो कहीं आता-जाता नहीं हूं, आप एक काम करें, गणेश को अपने साथ ले जाएं। खाने का निमंत्रण पाकर गणेश जी कुबेर के महल पहुंच गए। कुबेर ने उनके लिए बहुत सारा खाना बनवाया। गणेश जी खाने बैठे तो वे खाए जा रहे थे, थोड़ी ही देर में कुबेर की रसोई का पूरा खाना खत्म हो गया। गणेश जी ने और खाना मांगा। कुबेर ये देखकर घबरा गए। गणेश जी बार-बार खाना मांग रहे थे। कुबेर ने गणेश जी के सामने हाथ जोड़ लिए और कहा कि अब तो मेरे घर का सारा खाना खत्म हो गया है। गणेश जी ने कहा कि लेकिन मेरी भूख तो अभी शांत ही नहीं हुई है। मुझे अपने रसोईघर में ले चलो। कुबेर गणेश जी को रसोईघर में ले गए तो वहां रखी सभी चीजें गणेश खा गए। उन्होंने शिव जी को पूरी बात बता दी। शिव जी ने गणेश जी से कहा कि जाओ, माता पार्वती को बुलाकर लाओ। मां पार्वती को देखकर गणेश ने कहा कि मां, कुबेर देव के खाने से मेरी भूख शांत नहीं हुई है। पार्वती अपने रसोईघर में गईं और खाना बनाकर ले आईं। उन्होंने जैसे ही गणेश जी को अपने हाथ से खाना खिलाया तो गणेश तृप्त हो गए। मां और खिलाने लगी तो गणेश जी ने कहा, मां मेरा पेट भर गया है। ये सब देखकर कुबेर देव का घमंड टूट गया और उन्हें अपनी गलती समझ आ गई। कुबेर ने सभी से क्षमा मांगी।

## सटाका




## आज की पाती

### एआई से बदलेगा इलाज का भविष्य

अब तक फिल्मों में जिस तरह की हाईटेक मशीनों को देखा गया है, वह हकीकत बनने की ओर बढ़ रही है। यूरोप के वैज्ञानिकों ने एक ऐसा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल विकसित किया है जो 1000 से ज्यादा बीमारियों का खतरा पहले से भांप सकता है। डेल्फी 2-एम नामक यह टूल किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य का विस्तृत पूर्वानुमान लगाकर अगले 10 साल या उससे भी आगे तक की बीमारियों के बारे में अलर्ट दे सकता है। इस एआई मॉडल को यूरोपियन मॉलिक्यूलर बायोलॉजी लेबोरेटरी, जर्मन कैंसर रिसर्च सेंटर और कोपनहेगन यूनिवर्सिटी ने मिलकर तैयार किया है। इसे ट्रेनिंग देने के लिए करीब 23 लाख लोगों का स्वास्थ्य डेटा इस्तेमाल किया गया। यह मॉडल बीमारियों का पैटर्न समझता है।

*- मनीष यदु, दुर्ग*

## ट्रेंड

### रेल कनेक्टिविटी



बिहार में रेल कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। इसी दिशा में आज हमारी सरकार ने बख्तियारपुर-राजगीर-तिलैया रेलवे लाइन सेक्शन के दोहरीकरण को मंजूरी दी है। इसका लाभ इस पूरे क्षेत्र के लोगों के साथ-साथ तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को भी होगा।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### आत्मनिर्भर भारत



स्वदेशी उत्पादों को अपनाना आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्थानीय उद्योगों और उत्पादों को प्रोत्साहन देने से न केवल देश के छोटे-बड़े व्यापारियों को मजबूती मिलती है, बल्कि रोजगार और आर्थिक आत्मनिर्भरता भी बढ़ती है।

-पुष्कर सिंह धामी, सीएम, उत्तराखंड

### बेरोजगारी बड़ी समस्या



भारत में युवाओं की सबसे बड़ी समस्या बेरोज़गारी है और इसका सीधा रिश्ता वोट चोरी से है। जब कोई सरकार जनता का विश्वास जीतकर सत्ता में आती है, तो उसका पहला कर्तव्य होता है युवाओं को रोज़गार और अवसर देना।

-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### अनावश्यक नौकरशाही



सामान्यतः, पैमाना एक अच्छी बात है। लेकिन अगर बड़ा होना किसी संगठन को नौकरशाही और प्रक्रियाओं व नियमों का कैदी बना देता है, तो यह निश्चित रूप से नवाचार और तेज विकास को बाधित कर सकता है।

-अनिल अग्रवाल, उद्यमी

## करंट अफेयर

### भारत 'हमारे साथ ही है' यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की



यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि भारत 'हमारे साथ ही है' और उम्मीद जताई कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्तक्षेप से नयी दिल्ली का रूसी ऊर्जा क्षेत्र के प्रति रवैया बदलेगा। जेलेंस्की 'फॉक्स न्यूज' के साथ एक साक्षात्कार के दौरान यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध में चीन और भारत की भूमिका के बारे में पूछे गए प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। अमेरिका अक्सर भारत और चीन पर रूसी हथियार खरीदने का आरोप लगाता रहा है, जिसके बारे में राष्ट्रपति ट्रंप का दावा है कि यह हथियार यूक्रेन के खिलाफ मास्को के युद्ध में उसे धन मुहैया कराते हैं। जेलेंस्की ने कहा, "मुझे लगता है कि भारत मुख्य रूप से हमारे साथ है। हां, हमारे पास ऊर्जा को लेकर कुछ सवाल हैं, लेकिन मुझे लगता है कि राष्ट्रपति ट्रंप यूरोपीय (देशों) के साथ मिलकर इसे प्रबंधित कर सकते हैं तथा भारत के साथ अधिक मजबूत और करीबी संबंध बना सकते हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा, और मुझे लगता है कि हमें हर संभव प्रयास करना चाहिए ताकि भारतीयों को पैर पीछे नहीं खींचने पड़े और वे रूसी ऊर्जा क्षेत्र के प्रति अपना रुख बदलेंगे। वह फॉक्स न्यूज के एक साक्षात्कारकर्ता के एक विशिष्ट प्रश्न का उत्तर दे रहे थे: "चीन, भारत, ये सभी इसमें योगदान दे रहे हैं।

## ऑफ बीट

### क्या गर्भावस्था में महिलाओं को पैरासिटामोल लेना ठीक है



पैरासिटामोल को 'कैटेगरी ए' ड्रग के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इसका मतलब है कि कई गर्भवती महिलाएं और प्रजनन आयु वाली महिलाएं इसे बिना किसी जन्म दोष या भ्रूण पर हानिकारक प्रभाव के लंबे समय तक उपयोग करती रही हैं। गर्भावस्था में बुखार का इलाज महत्वपूर्ण है क्योंकि गर्भावस्था के प्रारंभिक चरण में इलाज न किए गए उच्च बुखार से गर्भपात, न्यूरल ट्यूब दोष, और हृदय दोष हो सकते हैं। गर्भावस्था में संक्रमण भी ऑटिज़्म के जोखिम को बढ़ा सकता है। हाल के शोध में क्या पाया गया? साल 2021 में एक अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ पैनल ने गर्भावस्था में पैरासिटामोल के उपयोग पर मानव और जानवरों पर किए गए अध्ययन के प्रमाणों की समीक्षा की थी। उनका एकमत बयान था कि गर्भावस्था के दौरान पैरासिटामोल का उपयोग भ्रूण के विकास को प्रभावित कर सकता है, जो बाद में बच्चे के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। पिछले महीने हार्वर्ड विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने पैरासिटामोल और न्यूरो-डेवलपमेंटल विकारों, जैसे ऑटिज़्म और एडीएचडी (अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर) के बीच संबंध का अध्ययन किया।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

हाई कोर्ट ने पूर्व न्यायाधीश कल्याण एसोसिएशन की याचिका पर मांगा जवाब

# जिला न्यायालय के अनुमोदन के बिना क्यों जारी कर रहे भत्ता राशि



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने जिला न्यायालयों के पेंशन प्राप्त सेवानिवृत्त जजों की एसोसिएशन की याचिका पर राज्य शासन सहित अन्य से जवाब मांगा है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 29 अक्टूबर को नियत की । मामला जिला न्यायालय के अनुमोदन के बिना भत्ता राशि जारी न किए जाने के रवैये को चुनौती से संबंधित है।

याचिकाकर्ता पूर्व न्यायाधीश कल्याण एसोसिएशन की ओर से अधिवक्ता हितेश शर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि वर्ष 2005 के बाद जिला न्यायालय में नियुक्त न्यायाधीशों को पेंशन का लाभ नहीं मिलता है। इसके पूर्व के न्यायाधीशों को पेंशन के अलावा अलग-अलग भत्ते के तौर पर राशि प्रदान की जाती थी। वर्ष 2005 के बाद सेवा में आए न्यायाधीशों ने सेवानिवृत्ति के बाद भत्ता राशि जो वर्तमान में 15 हजार रुपये है, उसे प्रदान करने राज्य सरकार के समक्ष अभ्यावेदन पेश किया था। राज्य सरकार ने अलग-अलग मद में मिलने वाले भत्ता राशि सेवानिवृत्त सभी जिला न्यायाधीशों को प्रदान करने के आदेश जारी किए थे। इसके साथ सरकार ने यह भी शर्तें निर्धारित कर दी कि राशि प्रदान करने के लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश का अनुमोदन प्रतिवर्ष आवश्यक है।

याचिका में कहा गया है कि वर्ष 2005 से पूर्व सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश की उम्र 80 साल से अधिक है। जिला व सत्र न्यायालय के अनुमोदन के लिए उन्हें प्रतिवर्ष उसे जिला में जाना होना,जहां उनकी पदस्थापना है। इसके पूर्व उन्हें सिर्फ बैंक में अपने जीवित होने का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होता था। सरकार के संशोधित नियमों के कारण उन्हें भत्ते के रूप में मिलने वाली राशि जारी नहीं की गई है। सरकार का नया नियम वृद्धावस्था में उन्हें परेशान करने वाला है।

## जिला बार एसोसिएशन भूख हड़ताल के निर्णय पर अडिग

जबलपुर। जिला बार एसोसिएशन अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 25 सितंबर से भूख हड़ताल पर जाने के निर्णय पर अडिग है। इस सिलसिले में हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश को पत्र के जरिए सूचित कर दिया गया है। जिला बार अध्यक्ष मनीष मिश्रा व सचिव ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आडिटोरियम का निर्माण लंबे समय से लंबित है। इससे बार एसोसिएशन को परेशानी हो रही है। कार्यक्रमों का आयोजन अपेक्षाकृत गरिमामय तरीके से नहीं हो पाता। इसी तरह चार में से दो लिफ्ट खराब हैं। इससे वकीलों को दिक्कत हो रही है। झंड़ा वंदन वाला ओपन स्पेस भी कवर नहीं किया जा रहा है। बैठक व प्रसाधन की असुविधा भी बनी हुई है। महिला वकीलों के लिए बेहतर सुविधा की कमी है। वाई फाई भी संचालित नहीं है। इन तमाम समस्याओं से वकील हलकान हैं। कई बार शिकायत की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही।

## जिला बदर आदेश का उल्लंघन करने पर सजा व जुर्माना

जबलपुर । प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी डीपी सूत्रकार की अदालत ने जबलपुर निवासी राहुल उर्फ काला को जिला बदर के आदेश का उल्लंघन करने का दोषी पाया। कोर्ट ने उसे चार माह के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही एक हजार रुपये जुर्माना लगाया। अभियोजन की ओर से एडीपीओ अरुणप्रभा भारद्वाज ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आरोपित एक शातिर बदमाश है। जिसे कोतवाली पुलिस ने मारपीट व अवैध हथियार रखने के मामले में 17 जनवरी, 2021 को हिरासत में लिया था। आरोपित के अपराधिक रिकार्ड को देखते हुए 14 अगस्त, 2020 को उसे जबलपुर सहित आसपास के जिलों की राजस्व सीमाओं से एक वर्ष के लिए निष्कासित किया गया था। आदेश की तामीली 19 अगस्त, 2020 को करा दी गई थी। आदेश का उल्लंघन करते हुए आरोपित को गौरीघाट के ललपुर क्षेत्र से पुलिस ने 20 नवंबर, 2020 को गिरफ्तार किया था। जिसके विरुद्ध मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई थी। पूरे मामले का अवलोकन करने के बाद अदालत ने आरोपित को सजा सुना दी।

# सांसदों की बैठक.. मीडिया से किस बात का परहेज.....?

**आखिर क्या छुपा रहा है महाप्रबंधक और मण्डल कार्यालय**

हरिभूमि, जबलपुर।

कहने को तो जबलपुर रेलवे का जोन है, यहां पर पश्चिम मध्य रेलवे की योजनाओं को साकार रूप दिया जाता है, परंतु जनमानस को इस बात का पता ही नहीं चलता कि रेलवे द्वारा उनके लिए क्या योजनाएं बनाई गई हैं। इसका सबसे बड़ा कारण पश्चिम मध्य रेलवे का महाप्रबंधक कार्यालय की मीडिया से दूरी बताई जा रही है। दरअसल बुधवार को मण्डल रेल जबलपुर के अंतर्गत आने वाले सभी सांसदों की बैठक का आयोजन एक आलीशान होटल में किया गया। आयोजन का जीएम और डीआरएम कार्यालय ने मीडिया संस्थानों का जानकारी देना तो दूर भनक भी नहीं लगने दी। जबकि इस आयोजन में मध्य भारत के तमाम सांसद और उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे। जिससे सवाल उठने लगा है कि आखिर रेल महाप्रबंधक और डीआरएम क्या छुपाना चाहते हैं।

गौरतलब है कि पमरे और जबलपुर रेल मंडल द्वारा शहर के आलीशान होटल में सांसदों की बैठक का आयोजन किया, इस दौरान इस बैठक में सांसद गणेश सिंह, आशीष दुबे, दर्शन सिंह चौधरी, राहुल सिंह लोधी, डॉ. राजेश मिश्रा तथा राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया सहित सांसदों के प्रतिनिधि शामिल रहे। बैठक में पमरे जीएम बंदोपाध्याय ने रेलवे द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों का विस्तार से ब्यौरा दिया।

**अभी तक नहीं आया 11 हजार करोड़ रुपये की पिंक बुक का ब्यौरा**

### 11 हजार करोड़ की पिंक बुक

सूत्रों का कहना है कि बजट आये लगभग सात माह का समय हो गया है, लगभग 11 हजार करोड़ रुपये की पिंक बुक भी आ चुकी है। परंतु उसका ब्यौरा अभी तक नहीं मिल पाया कि पश्चिम मध्य रेल के तीनों मंडलों में क्या कार्य होना है, या उसमें कितने कार्य प्रगति पर हैं। यही नहीं जबलपुर रेलवे स्टेशन के लिए लगभग तीन वर्ष से डिजाइन तैयार हो रही है, इसका भी टेंडर अभी तक जारी नहीं हो पाया है। जानकारी के मुताबिक पहले यह कार्य लगभग 3 करोड़ रुपये की लागत से होना था, अब उसकी लागत में भी कटौती हो गई।

### प्रक्रिया में नहीं है मीडिया को बुलाना

अधिकारियों की मानें तो उनका कहना है कि जबलपुर मण्डल की बैठक है, इस बैठक में मीडिया को बुलाना प्रक्रिया में शामिल नहीं है। वहीं अगर बात करें तो मीडिया सांसदों से या जनप्रतिनिधियों से अपने क्षेत्र में चल रहे रेलवे के कार्यों के संदर्भ में अधिकारियों से चर्चा एवं सांसदों से सवाल जवाब हो सकते थे।

# अंशिका ने 1250 फीट की ऊंचाई से विमान से कूदकर प्राप्त की सफलता



**जबलपुर।** ए.पी.एन. महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट अंशिका शिवहरे ने हाल ही में आगरा वायुसेना स्टेशन के एयर बेस पर आयोजित 23 दिवसीय पेरा बेसिक फोर्स प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा किया। इस दौरान अंशिका ने 1250 फीट की ऊचाई से विमान पैराशूट के माध्यम से कूदने का अभ्यास किया।

उन्हें एनसीसी के विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर मिला, जिसमें पूरे भारतवर्ष से चुनिंदा कैडेट्स ने शिरकत की। अंशिका को एएन-32 विमान में बैठाकर उड़ान भरी गई और इसके बाद 1250 फीट की ऊचाई से पेराशूट के माध्यम से कूदने का साहसिक कदम उठाया। इस कड़ी मेहनत और साहसिक प्रयास के साथ वह लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह के साथ जम्प लगाई।इस विशेष प्रशिक्षण में केवल 1 एमपी बटालियन की अंशिका ही चयनित हुई थी, जो इस उपलब्धि को प्राप्त करने वाली एकमात्र कैडेट बनीं। महाविद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता का श्रेय 1 एमपी बटालियन के कमांडिंग अधिकारी कर्नल समीर बोडस को दिया। महाविद्यालय के अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने समस्त 1 एमपी बटालियन के साथ एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट (डॉ) दिव्या पाराशर को भी इस सफलता के लिए बधाई दी। इस अवसर पर महाविद्यालय रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह, डायरेक्टर मयंक श्रीवास्तव और प्राचार्या डॉ. सोनल खरे ने अंशिका को उनकी सफलता के लिए बधाई दी और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

**-हनुमानताल तालाब और ग्वारीघाट भटौली विसर्जन कुंड का किया संयुक्त निरीक्षण**

# कलेक्टर, कप्तान और नगर निगम कमिश्नर ने लिया घाटों का जायजा

हरिभूमि, जबलपुर।

दुर्गात्सव समापन के अवसर पर होने वाली प्रतिमा विसर्जन की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस ने संयुक्त रूप से व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बुधवार को कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय एवं नगर निगम कमिश्नर राम प्रकाश अहिरवार ने अधिकारियों के साथ हनुमानताल तालाब एवं ग्वारीघाट भटौली विसर्जन कुंड का निरीक्षण किया।

### नहीं होनी चाहिए अव्यवस्था-असुविधा

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने साफ-सफाई, पहुंच मार्ग की दुरुस्ती, प्रकाश व्यवस्था, नाविकों की तैनाती और पार्किंग व्यवस्था जैसी व्यवस्थाओं पर विशेष जोर दिया। कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि विसर्जन के दिन किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या असुविधा नहीं होनी चाहिए, इसके लिए संबंधित विभाग तुरंत कार्रवाई करें।

### सुरक्षा, सफाई को मिले प्राथमिकता

कप्तान उपाध्याय ने सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता बताते हुए कहा कि भीड़ प्रबंधन, यातायात नियंत्रण और घाटों पर पुलिस बल की तैनाती सख्ती से सुनिश्चित की जाए। वहीं नगर निगम कमिश्नर अहिरवार ने साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था के लिए फील्ड अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



### यह रहे उपस्थित

निरीक्षण के दौरान एएसपी सिटी आयुष गुप्ता, एएसपी जोन-2 पल्लवी शुक्ला, एसडीएम गोरखपुर, सीएसपी गोहलपुर मधुर पटैरिया, सीएसपी गोरखपुर एमडी नागोतिया, टीआई हनुमानताल धीरज राज, टीआई ग्वारीघाट सुभाष चंद्र बघेल समेत प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।



# 310 प्रशिक्षणार्थियों ने 'आंतरिक शुद्धि' सत्र में लिया हिस्सा

हरिभूमि, जबलपुर।

**- 6वीं वाहिनी विसबल में हार्टफुलनेस मेडिटेशन का सफल आयोजन**

पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार पुलिस जवानों के मानसिक तनाव को दूर कर उन्हें आंतरिक शांति प्रदान करने के उद्देश्य से हार्टफुलनेस मेडिटेशन कार्यक्रम का आयोजन पुलिस इकाइयों में किया जा रहा है। इसी क्रम में 24 सितंबर को 6वीं वाहिनी विसबल में ध्यान का दूसरा सत्र 'आंतरिक शुद्धि' सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। सेनानी 6वीं वाहिनी सिद्धार्थ चौधरी के निर्देशन में आयोजित इस सत्र में वाहिनी की प्रशिक्षण शाला के 310 प्रशिक्षणार्थियों एवं प्रशिक्षक दल ने भाग लिया।

### प्रशिक्षित प्रशिक्षकों ने दिया प्रशिक्षण

ध्यान सत्र का संचालन हार्टफुलनेस आश्रम जबलपुर से पधारे सेवा निवृत्त मेजर जनरल आनंद मुद्रे और वाहिनी के प्रशिक्षित प्रशिक्षक आरक्षक सुरेंद्र विश्वकर्मा द्वारा कराया गया। इस दौरान प्रतिभागियों को ध्यान की विभिन्न प्रक्रियाओं से अवगत कराते हुए मन की शांति, सकारात्मक सोच और कार्यक्षमता में वृद्धि के उपाय बताए गए।

### नियमित अभ्यास से रहे तनाव मुक्त

कार्यक्रम के दौरान जवानों ने सामूहिक ध्यान कर मानसिक तनाव को दूर करने और आत्मिक संतुलन बनाने का अनुभव साझा किया। आयोजकों का कहना था कि नियमित अभ्यास से पुलिस जवान न केवल तनाव मुक्त रहेंगे बल्कि अपनी ड्यूटी और अधिक प्रभावी ढंग से निभा सकेंगे।

### इनका कहना है-

पुलिस बल के जवान दिन-रात कठिन परिस्थितियों में ड्यूटी निभाते हैं। ऐसे में हार्टफुलनेस मेडिटेशन उन्हें मानसिक रूप से मजबूत बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

**-सिद्धार्थ चौधरी, सेनानी 6वीं वाहिनी विसबल**

# गहोई समाज का गरबा महोत्सव सम्पन्न





**जबलपुर।** श्री गहोई वैश्य समाज पंचायत के तत्वाधान में नारी मंडल एवं नवयुवक मंडल द्वारा बुधवार, 24 सितम्बर 2025 को दमोह नाका स्थित एम.जी.जी. मैरेज पैलेस ग्राउंड में गरबा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि समाज सेवी श्री सौरभ बड़ेरिया, चेयरमैन, ग्लोबल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस एवं अपोलो हॉस्पिटल रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री श्याम सोहाने, अध्यक्ष, गहोई चेम्बर ऑफ कॉमर्स और आर.एन. पहारिया, अध्यक्ष, तक्षशिला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। समारोह की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष इंजी. राम गोपाल ददरिया ने की, जिसमें समाज के पूर्व अध्यक्षों, वर्तमान पंच शम्भूदयाल बड़ेरिया और विजय सुहाने की उपस्थिति रही।

गरबा महोत्सव के संयोजकगण नारी मंडल की अध्यक्ष श्रीमती मेघा बड़ौन्या, मंत्री श्रीमती हर्षना तीतबिलासी और नवयुवक मंडल के अध्यक्ष अभिषेक ब्रिजपुरिया, मंत्री अभिषेक गेड़ा के मार्गदर्शन में देवी आराधना और आरती से गरबा महोत्सव की शुरुआत की गई। इसके बाद एकल, सामूहिक डांस, डांडिया डांस और गरबा में सभी प्रतिभागियों ने उत्तम प्रदर्शन किया, जिसे सभी ने सराहा।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. अरुण सरावगी, इंजी. अरुण खर्द, सुभाषचंद्र रावत, डॉ. अरुण रावत, गोपाल दास नीखरा, ब्रजबिहारी नगरिया, सुनील कुरेले, विजय सरावगी, श्याम बिहारी चैदहा, डॉ. श्रीकृष्ण बिलैया, इंजी. कमलकांत गुप्ता, अजय रावत, राकेश सिजारिया, रीतेश खरया, राजू बांगर, नवीन बड़ेरिया, रवि बड़ौन्या, संतोष सुहाने, एड. अशोक गुप्ता, उत्तमचंद बिलैया, अशोक नौगरैया, कैलाश लहरिया और सभी पंचगणों का उल्लेखनीय योगदान रहा।कार्यक्रम के संचालन का कार्य श्रीमती मेघा बडौन्या ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन श्रीमती हर्षना तीतबिलासी ने किया। इस आयोजन में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों और पूर्व महासभा अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा ददरया, श्रीमती रश्मि पहारिया, डॉ. शोभना बिलैया, उर्मिला सिपौलया का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश, मंत्री राकेश सिंह ने जताया गहरा दुख, पीड़ित परिवारों को मिलेगी आर्थिक सहायता**

तिलवारा थाना अंतर्गत बरगी हिल्स में दर्दनाक हादसा

# करंट की चपेट में आए दो मासूम, मौत

हरिभूमि, जबलपुर।

तिलवारा थाना अंतर्गत बरगी हिल्स में बुधवार की रात एक हृदय विदारक हादसे ने शहर को झकझोर दिया। दरअसल बरगी हिल्स स्थित दुर्गा पंडाल के बाहर विद्युत सजावट के लिए लगाए गए तार में करंट फैलने से दो मासूम बच्चों की मौत हो गई। यह हादसा इतना अचानक हुआ कि लोग कुछ समझ ही नहीं पाए और देखते ही देखते खुशियों के बीच मातम पसर गया। टीआई बृजेश मिश्रा ने बताया कि रात करीब 9 बजे चीफ इंजीनियर ऑफिस के सामने सड़क किनारे लगे बिजली के तार के संपर्क में आने से छह वर्षीय आयुष झारिया पिता आशीष झारिया और 10 वर्षीय वेद सेन पिता विपिन सेन करंट की चपेट में आ गए। दोनों बच्चों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। मृतक बच्चों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया।

### कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

घटना की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने तत्काल जांच के आदेश जारी किए। उन्होंने एसडीएम गोरखपुर अनुराग सिंह के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच दल गठित किया है। इस दल में लोक निर्माण विभाग के एसडीओ (ईएंडएम) एसके शर्मा और पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सहायक यंत्री दिनेश पाल को सदस्य बनाया गया है।





### तीन दिन के अंदर देनी होगी रिपोर्ट

कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि हादसे के कारणों और जिम्मेदारियों की गहनता से जांच कर तीन दिन के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। प्रशासन का कहना है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर लापरवाही बरतने वाले व्यक्तियों या विभागों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### मंत्री राकेश सिंह ने जताया शोक, सहायता राशि की घोषणा-

हादसे की जानकारी मिलते ही लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने भी गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने इसे एक हृदय विदारक घटना बताते हुए कहा कि यह पूरे शहर के लिए एक दर्दनाक क्षण है। मंत्री श्री सिंह ने कलेक्टर से चर्चा कर पीड़ित परिवारों की तत्काल सहायता सुनिश्चित करने को कहा।उन्होंने निर्देश दिए कि रेडक्रॉस सोसाइटी से दोनों परिवारों को दो-दो लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जाए। साथ ही उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रशासनिक और तकनीकी स्तर पर ठोस कदम उठाए जाएंगे।

### इलाके में गमगीन माहौल-

बरगी हिल्स का इलाका और आसपास के मोहल्लों में यह हादसा चर्चा का विषय बना हुआ है। दुर्गा पंडाल के बाहर जहां रौनक और उत्साह का माहौल था, वहां मातम छा गया। मोहल्ले के लोग बच्चों की असमय मृत्यु को अब तक स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। गली-मोहल्लों में मातम पसरा है और हर आंख नम है।

**सुरक्षा इंतजाम को लेकर आक्रोश-**

स्थानीय लोगों का कहना है कि त्योहारी सीजन में जगह-जगह पंडाल सजाए जाते हैं, लेकिन सुरक्षा इंतजाम अक्सर लापरवाही का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर ऐसे बिजली के तार खुले क्यों छोड़े गए थे, जिनसे मासूमों की जान चली गई।

### जांच से उठेंगी परतें, जिम्मेदारों पर गिरेगी गाज-

कलेक्टर द्वारा गठित जांच समिति अब यह पता लगाएगी कि घटना के पीछे तकनीकी खामी थी या मानवीय लापरवाही। प्रारंभिक चर्चा में माना जा रहा है कि सजावट में उपयोग किए गए तारों का सही ढंग से इंसुलेशन नहीं किया गया था और बारिश या नमी की वजह से उनमें करंट दौड़ गया। प्रशासन और पुलिस ने पीड़ित परिवारों को न्याय का भरोसा दिलाया है। जांच दल की रिपोर्ट सामने आने के बाद यह साफ होगा कि इस हादसे का जिम्मेदार कौन है।

### जिम्मेदारी तय करने की मांग-

घटना के बाद नागरिक संगठनों और स्थानीय निवासियों ने आवाज उठाई है कि सिर्फ जांच कमेटी गठित करना काफी नहीं होगा। दोषियों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई परिवार ऐसी पीड़ा से न गुजरे।

## विकास की नई दिशा

# पश्चिम विधानसभा में 49 सीसी सड़कों की सौगात

हरिभूमि जबलपुर।

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के त्रिपुरी और गढ़ा वार्ड में 49 नई सीमेंट कांक्रीट सड़कों का भूमिपूजन किया। करीब 12 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इन सड़कों का उद्घाटन क्षेत्रवासियों के बीच हुआ, जिससे लोगों को राहत मिलेगी और उनके आवागमन में सुधार होगा। समारोह के दौरान मंत्री श्री सिंह ने क्षेत्रवासियों से बात करते हुए उन्हें भरोसा दिलाया कि विकास की गति लगातार तेज होगी और जनता की हर जरूरत को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा, जनता की आवाज को सुनना और उनके विकास के लिए काम करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है।

इन सड़कों के निर्माण से क्षेत्र में यातायात की समस्या दूर होगी और रहवासी क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। इस परियोजना में 5 लाख से लेकर 1 करोड़ रुपये तक की सड़कों का निर्माण होगा।




### नवीन विकास योजनाओं का ऐलान

श्री सिंह ने पश्चिम विधानसभा में आगामी विकास कार्यों की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में 21 करोड़ रुपये के नए विकास कार्यों की स्वीकृति मिली है। इस दौरान उन्होंने जबलपुर शहर में प्रस्तावित पांच नए फ्लाईओवरों की भी जानकारी दी, जिनमें से तीन पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में बनेंगे।

### जबलपुर के लिए बड़े प्रोजेक्ट्स

लोक निर्माण मंत्री ने जबलपुर में प्रदेश के सबसे बड़े फ्लाईओवर के निर्माण का जिक्र करते हुए बताया कि शहर के यातायात को सुगम बनाने के लिए दो रोप-वे परियोजनाओं की स्वीकृति भी मिल चुकी है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य शहर में यातायात को तेज और सुविधाजनक बनाना है। साथ ही, मदनमहल पहाड़ी पर वन्य प्राणियों के लिए रेस्क्यू सेंटर और जू भी बनाया जाएगा, जिससे पर्यटन और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

### गौरीघाट में नर्मदा घाटों का सौंदर्यीकरण

श्री सिंह ने नर्मदा घाटों के सौंदर्यीकरण की योजना का भी उल्लेख किया, जिसमें गौरीघाट को एक प्रमुख पर्यटन स्थल बनाने के लिए काम किया जाएगा। उन्होंने कहा, यह घाट देश में नर्मदा के किनारे बने खूबसूरत घाटों में सबसे पहला होगा, जो पर्यटकों को आकर्षित करेगा।

### समारोह में उपस्थित प्रमुख लोग

इस समारोह में नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अभय सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र, प्रणय और क्षेत्र के सभी पार्षद तथा गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



## हाई कोर्ट बार एसोसिएशन में निःशुल्क नेत्र शिविर सम्पन्न

**शिविर में 400 से ऊपर अधिवक्तागणों का नेत्र परीक्षण किया गया**

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में दादा वीरेंद्रपुरी नेत्र संस्थान (देवजी नेत्रालय) और बार एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में नेत्र कांचियाबिंद स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन मप्र उच्च न्यायलय के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर अन्य सभी गणमान्य न्यायाधीश, अधिवक्तागण तथा बार एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। शिविर में देवजी नेत्रालय की टीम द्वारा 400 से ऊपर अधिवक्तागणों का नेत्र परीक्षण किया गया जिसमें से 30 अधिवक्ताओं को मोतियाबिंद और 43 को आँख का प्रेशर बढ़ा होने के कारण कांचियाबिंद स्क्रीनिंग के लिए चुना गया। डॉ. पवन स्थापक ने कांचियाबिंद के कारण अंधत्व पर प्रकाश डाला एवं अत्याधिक स्क्रीन टाइम होने के कारण आंख में बढ़ते सूखेपन की गंभीरता को बताते हुए सावधानियाँ बताई।

मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा ने बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को आयोजन के लिए बधाई और शुभकामनायें दी।

देवजी नेत्रालय की टीम से डॉ. अपूर्वा स्थापक, डॉ. प्रिया जैन, रामसेवक दीक्षित, दीपक यादव और नरेंद्र मालवीय उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एड. धन्य कुमार जैन, सेक्रेटरी एड. पारितोष त्रिवेदी, एड. अमित जैन, एड. प्रशांत अवस्थी, एड. योगेश सोनी, एड. राजेंद्र प्रताप सिंह, एड. रजनीश उपाध्याय, एड. मनोज कुशवाहा, एड. सपना तिवारी, एड. विनोद मिश्रा, एड. गरिमा तिवारी, एड. रविंद्र प्रताप सिंह, एड. प्रियंक चंसोरिया, एड. स्मिता केहरी और एड. अपर्णा स्थापक का सहयोग रहा।




## सेवा पखवाड़ा अभियान व एनएसएस स्थापना दिवस पर किया पौधारोपण

**जबलपुर।** श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय जबलपुर में मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा आयोग के निर्देशानुसार महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान एवं एनएसएस स्थापना दिवस के अवसर पर 24 सितम्बर 2025 को पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार एमएस चावला एवं प्राचार्य डॉ. आरएस चंडोक ने आंवले का पौधा रोपित किया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि एनएसएस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का प्रतीक है। इसका आदर्श वाक्य "Not Me But You" विद्यार्थियों को निःस्वार्थ भाव से समाज सेवा की प्रेरणा दता है। कार्यक्रम का सफल संयोजन एनएसएस इकाई द्वारा किया गया, जिसमें सभी प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थी उत्साहपूर्वक उसथ्ति रहे।

## डिस्ट्रिक डांस प्रतियोगिता 28 सितम्बर को



**जबलपुर।** डांस स्पोर्ट्स जबलपुर जिला एसोसियेशन ने बताया कि अब डांस भी ओलंपिक में आ चुका है। जिला डांस स्पोर्ट्स के अध्यक्ष विवेक रंजन शुकला व सचिव मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि आगामी 28 सितम्बर को जबलपुर डिस्ट्रिक डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बच्चों की निःशुल्क एंट्री रखी गई है। सिर्फ रजिस्ट्रेशन शुल्क 100 रुपये देय होगा। प्रतियोगिता मानकुंवर मैरिज गार्डन आईटीआई में प्रातः 08 बजे से आरंभ होगी।

## कृषि कॉलेज में वाद-विवाद एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**जनेकृविवि के 62वें स्थापना दिवस सप्ताह के तहत प्रतियोगिताएं**

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर में मंगलवार को वाद-विवाद एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय था "वैश्विक व्यापार युद्ध में भारत की टैरिफ नीति देश की ढाल है" जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़चढ़कर भाग लिया और अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने वाद-विवाद के विषय पर तार्किक एवं प्रभावशाली तर्क रखकर वातावरण को जीवंत बना दिया। इसके साथ ही, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता एवं कलात्मक अभिव्यक्ति का परिचय दिया। रंग-बिरंगे पोस्टरों के माध्यम से विद्यार्थियों ने विभिन्न सामाजिक, कृषि एवं समसामयिक मुद्दों को उजागर किया।

गौरतलब है कि जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय,जबलपुर के 62वें स्थापना दिवस सप्ताह अंतर्गत विद्यार्थियों की स्नातक स्तर पर महाविद्यालयीन स्तर पर वाद-विवाद एवं चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें विद्यार्थी बढ़चढ़कर भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, इन प्रतिभागियों का चयन विश्वविद्यालयीन स्तर की प्रतियोगिता हेतु होगा। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक संयोजक डॉ. बी.एस.द्विवेदी एवं डॉ.ए.एन. गौतम द्वारा किया गया।

### खड़े ट्रक से बैटरी और टर्निमल चोरी

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना अतंर्गत रिलायंस जियो में खड़े एक ट्रक का जैक, 2 बैटरी तथा टर्निमल अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। भेड़ाघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार एलआईसी रतननगर रोड एकता विहार गढ़ा निवासी 66 वर्षीय ट्रांसपोर्ट व्यापारी सुनील कुमार गुप्ता गत सुबह लगभग 8 बजे रिलायंस जियो पेट्रोल पंप के पास अपना टाटा ट्रक क्रमांक एमपी 20 एचबी 99335 को निकालने गये थे। जैसे ही ट्रक को देखा तो देखा तो उनके होश उड़ गए।



## मॉडल हेल्थ क्लब की सफलता

**जबलपुर।** विगत दिवस जिला पॉवर लिफ्टिंग बेंच प्रेस/डेड लिफ्ट आमंत्रण स्पर्धा में मॉडल हेल्थ क्लब शांतिनगर के समस्त विजयी प्रतिभागियों को पूर्व MIC एवं पूर्व पार्षद श्रीराम शुक्ला एवं डॉ. बलराम पटेल, श्रीमती संगीता बलराम पटेल के आतिथ्य में स्वर्ण पदक विजेता सुश्री रूपाली परोहा, अनिल कुमार नामदेव, शैलेष यादव, निखिल चौधरी, शिवम पटवा, कृष्णा पटवा एवं आदित्य सांगले का सम्मान किया गया एवं अनिल नामदेव के द्वारा प्रशिक्षक सचिन यादव को 1551/- की पारितोषिक राशि देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर श्रीराम शुक्ला ने अपने आशीर्वचन में समस्त विजेताओं की प्रशंसा की एवं आगे भी ऐसे आयोजनों को कराने हेतु सहायता का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ए.के. दुबे, ब्रज यादव, जगदीश चौहटेल, पंकज यादव, डैनी बुंदेला, मनीष यादव, बंटी लालवानी, राजेन्द्र प्रजापति, आशीष गुप्ता, क रिण नामदेव, पवन जैन एवं रत्नेश नामदेव आदि ने समस्त विजेताओं का उत्साहवर्धन किया।

# आदि कर्मयोगी योजना अभियान की द्वितीय बैठक आयोजित



**सिहोरा।** जनपद पंचायत सिहोरा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गांधीग्राम में जनजाति बहुल ग्राम धमकी में आदि कर्मयोगी योजना अभियान के तहत द्वितीय ग्राम सभा का आयोजन किया गया जिसमें संबंधित सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे ग्राम सभा में सभी ग्राम वासियों को आदि कर्म योगी योजना अभियान की सम्पूर्ण जानकारी दी गई साथ ही शत प्रतिशत सैचुरेशन के लिए सभी अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग की जानकारी के साथ ही विजन 2030 पर भी चर्चा की।

ग्राम का नजरी नक्शा तैयार कर सामाजिक बसाहट एवं ग्राम में उपलब्ध संसाधन को चिन्हित किया गया था उसका ट्रांजिट वॉक किया गया,ग्राम वासियों को योजनाओं का लाभ देने हेतु चिन्हित किया गया साथ ही ग्राम विकास विजन के कार्यों का चयन हेतु एक विस्तृत कार्य योजना पर चर्चा की गई ट्रांजिट विजिट में आदि केंद्र खुलने के लिए भवन का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर सरपंच राधा विवेक चौरसिया, सचिव अनिल दत्त तिवारी, सहायक सचिव प्रमोद साहू, कृषि विस्तार अधिकारी बृजभान अहिरवार, शिक्षक राजेंद्र तिवारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उर्मिला पांडे, आशा कार्यकर्ता शकुन बाई पटेल, पंच सुशीला बाई ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## सेवा पखवाड़ाः बौद्धिक दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण वितरित



**पाटन।** पाटन तहसील के नम्रता स्पेशल स्कूल में सेवा पखवाड़ा के तहत बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के लिए सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पाटन विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजय बिश्नोई रहे, जिन्होंने इन बच्चों को **MSID** किट, व्हीलचेयर, और वॉकर जैसी सहायक सामग्री प्रदान की। विधायक अजय बिश्नोई ने समाज सेवक नितिन विश्वकर्मा और नम्रता संस्था की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे लोगों की मेहनत और समर्पण दिव्यांग बच्चों के लिए बहुत बड़ी मदद साबित होती है। उन्होंने समाज से आग्रह किया कि वे भी अपने आस-पास के दिव्यांग बच्चों को गोद लेकर उनकी मदद करें। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि आनंद मोहन पल्हा ने भी दिव्यांग बच्चों की सहायता करने की अहमियत पर बात की और उनके आस-पास रहने वाले बच्चों को गोद लेने की अपील की।

## आवारा पशुओं के कारण बढ़ रही दुर्घटनाएं



**मझौली।** नगर में हर शाम मुख्य मार्गों पर आवारा पशुओं की धमा चौकड़ी से लगातार दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता जा रहा है। सीहोरा रोड, बचैया तिराहा, इंद्रना रोड, पोला रोड, और कटंगी रोड जैसे प्रमुख मार्गों पर पशुओं के बैठने और चलने से वाहन चालकों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी और डॉ. विजय नेमा ने बताया कि उन्होंने नगर परिषद से इस समस्या की कई बार शिकायत की है। उनका कहना है कि नगर परिषद के हांका गैंग द्वारा इन पशुओं को नगर से बाहर करने के प्रयास औपचारिकता बनकर रह जाते हैं। इसके अलावा, नवरात्र के दौरान जगह-जगह स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं के कारण खतरा और बढ़ गया है, क्योंकि अब और अधिक लोगों की आवाजाही बढ़ गई है। नगर परिषद से दुर्गा प्रतिमाओं के पंडाल संचालकों ने भी मांग की है कि रोज शाम को हांका गैंग के द्वारा आवारा पशुओं को नगर से बाहर किया जाए, ताकि दुर्घटनाओं की संभावनाओं को रोका जा सके। मझौली के पास स्थित हटौली ग्राम पंचायत में शासकीय गौशाला होने के बावजूद आवारा पशु वहां नहीं पहुंच पाते। इस संबंध में एक समाधान का प्रस्ताव यह है कि सभी आवारा पशुओं को शासकीय गौशाला तक पहुंचाया जाए। इस पहल से न केवल नगर की सुरक्षा में सुधार होगा, बल्कि स्थानीय लोगों को भी राहत मिलेगी।



## विद्यालय में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**सिहोरा।** शिक्षा के अलावा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय द्वारा अनेक तरह की प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाता है उसी कड़ी में गत दिवस शालेम इंग्लिश मीडियम स्कूल में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षावार आयोजित इस प्रतियोगिता में कक्षा 10 वी की छात्रा सृष्टि कुर्मी ने प्रथम,छवि चौहान ने द्वितीय,श्रेया पटेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया संस्था प्रमुख एम भास्करन ने छात्राओं को बधाई दी।

## *शिक्षिका के सूने घर का ताला तोड़कर जेवर व नगदी चोरी*

**जबलपुर।** खमरिया थाना अतंर्गत कुंडम रोड आमाखोह में एक शिक्षिका के सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर व नगदी रुपए चोरी कर ले गए। खमरिया पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुण्डम रोड आमाखोह निवासी 28 वर्षीय शिक्षिका श्रीमति जयंती यादव गत दिवस ब्रिलियंट कान्वेंट स्कूल से लगभग 2 बजे अपने घर आई और घर के सामने वाला दरवाजे का ताला खोलकर आराम करने लगी। कुछ देर बाद अपने कमरे में गई तो देखा कमरे के पीछे का दरवाजा खुला था। अलमारी चैक करने पर अलमारी में चाबी लगी हुई थी और लॉकर में रखे चांदी की एक जोड़ी पायल, एक जोड़ी बिछिया, एक चूड़ी, 1 अंगूठी, 1 नग हाफ करधन, 1 जोड़ी हाय तथा नगदी 2 हजार रूपये अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**डॉ. सी.बी. सिंह-** जेएनकेविवि के पूर्व संचालक विस्तार सेवाएं एवं पूर्व अधिष्ठाता से वा नि वृ त्त प्राध्यापक डॉ. सी. बी. सिंह का बुधवार को निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।



**श्रीमती बच्ची बाई गुप्ता-** बजरंग नगर व्हीकल रोड रांझी निवासी श्री विनोद गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती बच्ची बाई गुप्ता (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लल्लू पासी-** शीतलामाई पुत्री शाला के पास निवासी ओएफके से सेवानिृत्त श्री लल्लू पासी (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रवि स्वामी-** गोरखपुर ईसाई मोहल्ला निवासी श्री रवि स्वामी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अरविंद खंडेलवाल-** दक्षिण मिलौनीगंज निवासी श्री अरविंद खंडेलवाल (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री प्रमोद कुमार तिवारी-** हाथीताल गुरूद्वारा के सामने निवासी श्री उमा शंकर तिवारी के पुत्र श्री प्रमोद कुमार तिवारी (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती फूलवती सोनकर-** भरतीपुर बड़ी ओमती निवासी श्री दिलीप सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती फूलवती सोनकर (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजाराम यादव-** शंकर नगर करमेता निवासी श्री राजाराम यादव (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री श्याम लाल बेन-** भानतलैया बकरा मार्केट निवासी श्री श्याम लाल बेन (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मुन्नी-** रामपुर पटेल मोहल्ला निवासी श्री बाबू लाल की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।




**श्रीमती शोभा बाई बंशकार-** प्रेमसागर शीतलामाई रोड निवासी श्री प्रेमी बंशकार की धर्मपत्नी श्रीमती शोभा बाई बंशकार का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गरूड़ भूषण विश्वकर्मा-** सन्मति नगर अंधुवा बायपास निवासी श्री बीबी विश्वकर्मा के पुत्र श्री गरूड़ भूषण विश्वकर्मा (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सरोज-** बेलबाग महर्षि अरविंद वार्ड निवासी श्री ठाकुर दीन डुमार की धर्मपत्नी श्रीमती सरोज (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**सुश्री प्राची मेहरा-** गौतम नगर महाराजपुर निवासी श्री अनिल कुमार की पुत्री सुश्री प्राची मेहरा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गेंदा बाई बंशकार-** गणेश चौक सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री बिसराई बंशकार की धर्मपत्नी श्रीमती गेंदा बाई बंशकार (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राम भरोसे साहू-** कुदवारी अमखेरा निवासी श्री राम भरोसे साहू (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री किशन लाल चौधरी-** कांचघर झंडा चौक निवासी श्री किशन लाल चौधरी (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री चंद्रभान सिंह-** सुभाष नगर महाराजपुर निवासी श्री चंद्रभान सिंह (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जुगराज चौधरी-** बाबा टोला जानकीदास मंदिर के पास निवासी श्री जुगराज चौधरी (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब मात्र 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
सिंगल साइज:- 1x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
सिंगल साइज:- 1x4 से.मी. रंगीन 400/-
सिंगल साइज 10x3 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362160

## खबर संक्षेप

### एलएंडटी ने किया बीईएल के साथ समझौता




**नई दिल्ली।** बुनियादी ढांचा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने बुधवार को कहा कि उसने भारतीय वायुसेना के लिए अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकियां उपलब्ध कराने के लिए नवरत्न रक्षा सार्वजनिक उपक्रम भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के साथ गठजोड़ किया है।

### बजाज इलेक्ट्रिकल्स मॉर्फी रिचर्ड्स का ब्रांड खरीदेगी




**नई दिल्ली।** घरेलू उपकरण विनिर्माता कंपनी बजाज इलेक्ट्रिकल्स आयरलैंड स्थित ग्लेन इलेक्ट्रिक से मॉर्फी रिचर्ड्स के बौद्धिक संपदा अधिकारों का अधिग्रहण करेगी। निदेशक मंडल ने भारत, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, मालदीव और श्रीलंका के लिए मॉर्फी रिचर्ड्स के ब्रांड अधिकार हासिल करने के वास्ते 146 करोड़ रुपये के सौदे को मंजूरी दे दी है।

### मेकमाईट्रिप के शीर्ष नेतृत्व में बदलावों की घोषणा




**नई दिल्ली।** यात्रा बुकिंग कंपनी मेकमाईट्रिप ने मोहित काबरा को समूह मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) और दीपक बोहरा को समूह मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) के पद पर नियुक्त करने की घोषणा की। शीर्ष स्तर पर हुए ये बदलाव सांस्थानिक नेतृत्व और वृद्धि तेज करने पर कंपनी के ध्यान को दर्शाते हैं।

### फोनपे ने आईपीओ की सेबी से मंजूरी मांगी



**नई दिल्ली।** डिजिटल भुगतान प्रदाता फोनपे ने आईपीओ लाने के लिए बाजार नियामक सेबी के समक्ष दस्तावेज दाखिल किए हैं। फोनपे लिमिटेड ने 'प्री-फाइलिंग' गोपनीय मार्ग के जरिये आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए बाजार नियामक सेबी के समक्ष दस्तावेज दाखिल किए हैं।

### स्विगी, रैपिडो में अपनी हिस्सेदारी बेचेगी




**नई दिल्ली।** ऑनलाइन खाद्य आपूर्ति कंपनी स्विगी ने मंगलवार को कहा कि अपनी हिस्सेदारी बिक्री को मंजूरी दे दी है। यह सौदा 2,400 करोड़ रुपये का है। वह 10 इक्विटी शेयर और 1,63,990 सीरीज-डी अनिवार्य रूप से परिवर्तनीय वरीय शेयरों को नीदरलैंड स्थित कंपनी एमआईएच इन्वेस्टमेंट्स को बेचेगी।

# वोल्वो ईएक्स30 : सिंगल चार्ज में 480 किमी रेंज, कैमरा, रडार व साथ लांच

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वोल्वो कार इंडिया ने अपनी नई इलेक्ट्रिक एसयूवी, ईएक्स30, को 41 लाख रुपए की एक्स-शोरूम कीमत पर लांच किया है। त्योहारों के खास अवसर पर, जो ग्राहक 19 अक्टूबर 2025 से पहले प्री-रिजर्वेशन करेंगे, उन्हें यह एसयूवी 39.99 लाख रुपए में मिलेगी। इस लग्जरी इलेक्ट्रिक कार की डिलीवरी नवंबर के पहले सप्ताह में शुरू होगी। यह स्वीडिश कार निर्माता की भारत के लिए तीसरी इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) है, एक्ससी40 रिचार्ज और सी40 रिचार्ज के बाद। अन्य दो की तरह, ईएक्स30 को भी वोल्वो के होसकोटे प्लांट में असेंबल किया जाएगा, जो बेंगलुरु के पास स्थित है।

- लग्जरी इलेक्ट्रिक कार की डिलीवरी नवंबर के पहले सप्ताह से

कंपनी का कहना है कि इससे कीमतें प्रतिस्पर्धी रहेंगी और डिलीवरी भी तेजी से हो सकेगी। हर कार के साथ तीन साल की वारंटी, सर्विस और रोडसाइड असिस्टेंस का पैकेज मिलेगा, साथ ही पांच साल की कनेक्टेड सर्विसेज भी शामिल होंगी। खरीदारों को एक वॉल बॉक्स चार्जर और 8 साल की बैटरी वारंटी भी मानक के रूप में मिलेगी।

### एसयूवी ईएक्स30 की एक्स-शोरूम कीमत 41 लाख रुपए

#### पावरट्रेन और प्रदर्शन

ईएक्स30 को सिंगल मोटर एक्सटेंडेड रेंज वर्शन में पेश किया जा रहा है। यह 272एचपी और 343एनएम का टॉर्क विकसित करता है, जो 69केडब्ल्यूएच लिथियम-आयन बैटरी से जुड़ा है। यह ईवी 480किमी की अप्रूव्ड रेंज देती है और 0-100किमीप्रतिघंटे की रफ्तार सिर्फ 5.3 सेकंड में पकड़ लेती है। इसकी टॉप स्पीड इलेक्ट्रॉनिकली 180किमीप्रतिघंटे तक सीमित है।



#### कॉम्पैक्ट लेकिन पावरफुल ईवी

वोल्वो ईएक्स30 को एक कॉम्पैक्ट लेकिन पावरफुल ईवी के रूप में पेश कर रही है। इसकी ड्राइविंग डायनामिक्स शहर में आसानी से चलने के लिए बनाई गई है। ईएक्स30 तेज और फुर्तीला महसूस होता है, जिसमें एक-पेडल ड्राइविंग शहरी उपयोग को स्ट्रेस फ्री बनाती है। स्टीयरिंग हल्का लेकिन सटीक है, जबकि सस्पेंशन आराम और हैंडलिंग के बीच संतुलन बनाए रखता है।

*सेफ्टी और फीचर्स : वोल्वो परिवार के अनुसार, सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। ईएक्स30 को पांच-स्टार यूरो एनसीएपी रेटिंग मिली है। फीचर्स में कई एयरबैग, सेफ स्पेस टेक्नोलॉजी, लेन कीपिंग असिस्ट, एडेप्टिव क्रूज कंट्रोल, इंटरसेक्शन ऑटो-ब्रेक, 360-डिग्री कैमरा और ब्लाइंड स्पॉट मॉनिटरिंग शामिल हैं।*

## कंपनियों को कीमतें तय करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा

# एफएमसीजी कंपनियों को दो महीने के भीतर कीमतों में पूर्ण समायोजन की उम्मीद

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

जीएसटी की कम दरें लागू होने के साथ रोजमर्रा के इस्तेमाल वाली वस्तुएं बनाने वाली कंपनियों को अपने उत्पादों के लिए कम कीमतें तय करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन उन्हें दो महीने के भीतर कीमतों में पूर्ण समायोजन की उम्मीद है। रोजमर्रा के इस्तेमाल वाली वस्तुएं बनाने वाली (एफएमसीजी) कंपनियों ने अपने उत्पाद के मूल्य कम से कम दो रुपये, पांच रुपये और 10 रुपये तक कम किए हैं। अब पारले जी बिस्कुट का एक छोटा पैकेट जिसकी कीमत पहले पांच रुपये थी अब वह 4.5 रुपये का हो गया है। शैम्पू का पाउच जिसकी कीमत दो रुपये थी अब 1.75 रुपये का हो गया है।

#### गैर-मानक कीमत अपनाना ही विकल्प

उद्योग जगत से जुड़े लोगों एवं विशेषज्ञों के अनुसार, कंपनियों के पास "गैर-मानक" कीमतें अपनाने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है क्योंकि उनके पास चीजों का वजन (ग्रामेज) तेजी से बढ़ाने के लिए पर्याप्त समय नहीं है, जिसके लिए कारखाने के ढांचे में बदलाव की आवश्यकता होती है।

### चीजों का वजन तेजी से बढ़ाने के लिए पर्याप्त समय नहीं है

**जीएसटी कम होने से कंपनियों ने उत्पादों के दो, पांच व दस रुपए कम किए**

**कंपनियों के पास "गैर-मानक" कीमतें अपनाने के अलावा कोई विकल्प नहीं**



*बदलाव के लिए लगेगा समयः शाह*

*पारले प्रोडक्ट्स के उपाध्यक्ष मयंक शाह ने कहा, " हां, यह पूरी तरह से अस्थायी है। आम तौर पर जब भी आप किसी बदलाव या ऐसी किसी चीज की बात करते हैं, तो पैक के वजन में बदलाव करते हैं। इस तरह की चीजों में लगभग डेढ़ से दो महीने का समय लगता है। कंपनियां आमतौर पर डेढ़ से दो महीने का अतिरिक्त समय लेकर काम करती हैं।"*

*निर्देशों का पालन करने खुदरा कीमत कम की*

*अस्थायी उपाय के तौर पर उन्होंने सरकारी निर्देशों का पालन करने के लिए लोकप्रिय मूल्य पैक की अधिकतम खुदरा कीमत कम कर दी है। माल एवं सेवा कर (जीएसटर) की दो स्तरीय पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत दरें 22 सितंबर से प्रभावी हो गई हैं।*

#### कंपनियां अपने सामान का वजन बढ़ाएंगी

*नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज के अबनीश रॉय ने कहा कि ये एफएमसीजी कंपनियों द्वारा "अल्पकालिक उपाय" हैं। उन्होंने कहा, " आखिरकार कंपनियां अपने (सामान का) वजन बढ़ाएंगी और दो रुपये, पांच रुपये और 10 रुपये आदि के मूल्य पर वापस आ जाएंगी क्योंकि स्पष्ट रूप से 4.5 रुपये या 4.6 रुपये के मूल्य व्यावहारिक नहीं हैं।"*

#### पैक की कीमतों में समायोजन कियाः डाबर

डाबर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मोहित मल्होत्रा ने कहा कि उनकी कंपनी ने अपने पैक की कीमतों में समायोजन किया है। उन्होंने कहा, " डाबर में हमारा मानना है कि सामर्थ्य कभी भी गुणवत्ता की कीमत पर नहीं आना चाहिए। इसीलिए हमने अपने खंड में कीमतों को सक्रिय रूप से समायोजित किया है। जीएसटी कटौती के अनुरूप हम सुनिश्चित कर रहे हैं कि हर उपभोक्ता इसका लाभ उठा सके...।"

#### अभी वजन में बदलाव करना मुश्किलः पारले

वर्तमान में पारले जी बिस्कुट का एक पैकेट जिसकी कीमत पहले पांच रुपये थी, अब जीएसटी लाभ लागू होने के बाद 4.45 रुपये में बिक रहा है। शाह ने कहा, " आज, जब हम बात कर रहे हैं, मेरे अक्टूबर और नवंबर के रैपर छप चुके हैं। अब मेरे लिए बाहर जाकर वजन में कोई बदलाव करना और एमआरपी स्थिर रखना मुश्किल है। तो जाहिर है हम इसे गैर-मानक मूल्य बिंदुओं पर इन्हें बेच रहे हैं।'

# शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन गिरावट; सेंसेक्स 386 अंक टूटा

एजेंसी ▸▸ मुंबई

बैंक, वाहन तथा पूंजीगत वस्तुओं के शेयरों में मुनाफावसूली से स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 386 अंक के नुकसान में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी 112 अंक टूटा। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और अमेरिकी एच-1बी वीजा शुल्क में वृद्धि से भी निवेशकों की धारणा पर असर पड़ना जारी है। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 386.47 अंक यानी 0.47 प्रतिशत टूटकर 81,715.63 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 494.26 अंक तक लुढ़क गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 112.60 अंक यानी 0.45 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,056.90 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एक्सिस बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं।



- बैंक, वाहन शेयरों में रही मुनाफावसूली
- वीजा शुल्क में वृद्धि से निवेशकों की धारणा पर असर

*आईटी शेयरों का प्रदर्शन कमजोर*

*एच-1बी शुल्क वृद्धि के कारण आईटी शेयरों का प्रदर्शन कमजोर रहा, जबकि जारी व्यापार वार्ताओं के बीच अमेरिकी व्यापार संबंधी बयान और कमजोर वैश्विक संकेतों के कारण निवेशक सतर्क रुख अपना रहे हैं।*

दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में पावर ग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एनटीपीसी और एचसीएल टेक शामिल हैं।

विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 3,551.19 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे।

#### एशियाई बाजार में मिलाजुला रुख

एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी गिरावट के साथ बंद हुआ, जबकि जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार मंगलवार को नकारात्मक दायरे में बंद हुए थे।

# मुनाफा वसूली से सोना और चांदी रिकॉर्ड ऊंचाई से नीचे



- पॉवेल की टिप्पणी से बहुमूल्य धातुओं पर दबाव
- सोने की कीमतों में 900 रुपए की गिरावट आई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल के नीतिगत ब्याज दर में कटौती पर सतर्क रुख अपनाने के बाद व्यापारियों द्वारा ऊंचे स्तर पर मुनाफावसूली से बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतें अपने रिकॉर्ड ऊंचाई से नीचे आ गई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 900 रुपये की गिरावट के साथ 1,18,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रही, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,18,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई थी।स्थानीय सराफा बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बुधवार को 900 रुपये की गिरावट के साथ 1,17,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। मंगलवार को यह 2,650 रुपये बढ़कर 1,18,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। अमेरिकी डॉलर में सुधार और फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल द्वारा मंगलवार को दिए गए भाषण में की गई आक्रामक टिप्पणियों के कारण सोने की कीमतें अपने रिकॉर्ड उच्च स्तर से थोड़ी कम हुई हैं।''

#### रिकॉर्ड ऊंचाई के बाद मुनाफावसूली

कोटक सिक्योरिटीज की एवीपी (जिंस शोध) कायनात चैनवाला ने कहा, "रिकॉर्ड ऊंचाई के बाद निवेशकों द्वारा मुनाफावसूली करने से हाजिर सोने में गिरावट आई। हालांकि उसके बाद से कीमतें बढ़ी हैं और वर्तमान में 3,760 डॉलर प्रति औंस के आसपास रही।

### खाद्य मंत्रालय का एफसीआई से करार...




**नई दिल्ली।** खाद्य मंत्रालय ने चालू वित्त वर्ष के लिए सरकारी स्वामित्व वाली भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें सब्सिडी के महत्तम प्रबंधन को खाद्यान्न खरीद और वितरण कार्यों में सुधार हेतु मापनीय लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। एक सरकारी बयान के अनुसार, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग और भारतीय खाद्य निगम ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता ज्ञापन खाद्य सब्सिडी निधि के महत्तम प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी और प्रणाली-आधारित दृष्टिकोणों का लाभ उठाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### ईरान की मुद्रा का भाव 10.74 लाख रियाल प्रति डॉलर पर आया

एजेंसी : दुबई। ईरान की मुद्रा रियाल की विनिमय दर बुधवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले गिरकर अपने अबतक के सबसे निचले स्तर 10.74 लाख रियाल प्रति डॉलर पर आ गई। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रियाल में आई इस भारी गिरावट के पीछे ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई द्वारा अमेरिका के साथ परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत से इनकार को प्रमुख वजह माना जा रहा है।

# कतर में भी यूपीआई के जरिए भुगतान सेवा की हुई शुरुआत

- कतर नेशनल बैंक के साथ मिलकर सुविधा की शुरुआत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अब भारतीय यात्री कतर में भी यूपीआई के जरिये भुगतान कर सकेंगे। एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) ने कतर नेशनल बैंक (क्यूएनबी) के साथ मिलकर इस सुविधा की शुरुआत की है। इस पहल के तहत क्यूएनबी से जुड़े दुकानदार और नेटस्टार्स के भुगतान समाधान का इस्तेमाल करने वाली पॉइंट-ऑफ-सेल मशीनों पर यूपीआई क्यूआर कोड से भुगतान किया जा सकेगा। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने बुधवार को बयान में कहा कि 'कतर ड्यूटी फ्री' की दुकानें इस सुविधा का इस्तेमाल करने वाले शुरुआती प्रतिष्ठान हैं। धीरे-धीरे यह सुविधा अन्य प्रमुख पर्यटक स्थलों और बाजारों में भी उपलब्ध होगी। कतर आने वाले अंतरराष्ट्रीय आगंतुकों में भारतीय यात्री दूसरे स्थान पर हैं। नई सुविधा से उन्हें नकदी रखने और मुद्रा बदलने की परेशानी से छुटकारा मिलेगा। एनआईपीएल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रितेश शुक्ला ने कहा, ''यह साझेदारी यूपीआई की वैश्विक स्वीकृति बढ़ाने और एक अंतरराष्ट्रीय भुगतान नेटवर्क बनाने की दिशा में अहम कदम है।''

#### खुदरा व पर्यटन क्षेत्र को फायदा होगा

एनआईपीएल देश में डिजिटल भुगतान प्रणाली का संचालन करने वाली कंपनी एनपीसीआई की एक अनुषंगी है। क्यूएनबी के समूह मुख्य व्यवसाय अधिकारी यूसुफ महमूद अल-नीमा ने कहा कि इस पहल से भारतीय यात्रियों को सुविधा मिलेगी और कतर के खुदरा एवं पर्यटन क्षेत्र को भी फायदा होगा।

# सेबी ने निवेशक संपत्ति के संरक्षकों के लिए नियमों में किए बदलाव

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बाजार नियामक सेबी ने संरक्षकों के लिए न्यूनतम नेटवर्थ यानी शुद्ध संपत्ति की शर्त को 50 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 75 करोड़ रुपये कर दिया है। इसका उद्देश्य संरक्षकों के जोखिम प्रबंधन तंत्र को मजबूत करना है।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ने कहा है कि मौजूदा संरक्षकों को शुद्ध संपत्ति संबंधी नए प्रावधानों को पूरा करने के लिए तीन साल का समय मिलेगा। संरक्षक निवेशकों की संपत्ति की सुरक्षा और रखरखाव का जिम्मा संभालने वाला व्यक्ति या संस्था होता है। यह निवेशक के शेयर, बॉन्ड, म्यूचुअल फंड एवं अन्य निवेशों को सुरक्षित रखने के साथ उसके खाते का सही रिकॉर्ड भी रखता है। सेबी ने 18 सितंबर को जारी अधिसूचना में कहा, "जिस संरक्षक को 2025 के संशोधित नियम लागू होने से पहले पंजीकरण प्रमाणपत्र मिल चुका है, उसे तीन साल के भीतर अपनी शुद्ध संपत्ति कम से कम 75 करोड़ रुपये तक बढ़ानी होगी। यह शर्त हर गतिविधि के लिए अलग-अलग और स्वतंत्र रूप से लागू होगी। इसके अलावा सेबी ने संरक्षकों के लिए कई जिम्मेदारियां भी तय की हैं। इनमें उपयुक्त संचालन ढांचा, जोखिम प्रबंधन नीतियां, तकनीकी क्षमता और ढांचागत क्षमता शामिल हैं। सेबी ने संरक्षकों को किसी भी तरह की अनुचित प्रतिस्पर्धा से बचने और ग्राहकों या अन्य संरक्षकों को नुकसान पहुंचाने से रोकने का निर्देश भी दिया है।




- शुद्ध संपत्ति की शर्त को बढ़ाकर 75 करोड़ रुपए किया
- उद्देश्य संरक्षकों के जोखिम प्रबंधन तंत्र को मजबूत करना

*संरक्षक फर्मों के निदेशक विश्वसनीय हो : इसके साथ ही, संरक्षक फर्मों के सभी निदेशक और प्रमुख प्रबंधन अधिकारी हमेशा उपयुक्त एवं विश्वसनीय होने चाहिए। उन्हें सेबी के साथ सहयोग करना होगा तथा ग्राहकों के हितों की सुरक्षा भी करनी होगी।*

### वीएमएस टीएमटी एक फीसदी चढकर सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** टीएमटी बार विनिर्माता वीएमएस टीएमटी का शेयर बुधवार को 99 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले करीब एक प्रतिशत बढ़कर बंद हुआ। बीएसई पर शेयर की शुरुआत 105 रुपये पर हुई, जो निर्गम मूल्य से छह प्रतिशत अधिक है। बाद में यह 0.75 प्रतिशत की बढ़त के साथ 99.75 रुपये पर बंद हुआ। एनएसई पर यह 5.95 प्रतिशत की बढ़त के साथ 104.90 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। अंत में शेयर 0.65 प्रतिशत की बढ़त के साथ 99.65 रुपये पर बंद हुआ।




## लैरी एलिसन ने दान यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ कैलिफोर्निया को दिया

# दुनिया के दूसरे बड़े अमीर 95 प्रतिशत संपत्ति करेंगे दान

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

ओरेकल के फाउंडर लैरी एलिसन दुनिया के दूसरे सबसे अमीर शख्स हैं। दौलत के मामले में उनसे ऊपर सिर्फ टेस्ला के सीईओ एलन मस्क हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स रिपोर्ट के मुताबिक, लैरी एलिसन की कुल संपत्ति 373 बिलियन डॉलर है। उनकी संपत्ति में पिछले कुछ दिनों में तेज़ी से बढ़ोतरी हुई है, जिसकी सबसे बड़ी वजह एआई बूम और ओरैकल के शेयरों में जबरदस्त उछाल है। लेकिन बहुत कम लोगों को यह बात पता है कि लैरी एलिसन अपनी कुल संपत्ति का 95 प्रतिशत हिस्सा दान में देने का प्लान बना चुके हैं। हालांकि, उन्होंने साफ कहा है कि यह दान उनके अपने नियम और शर्तों पर होगा।

- एलिसन ने 200 मिलियन डॉलर कैंसर रिसर्च सेंटर बनाने के लिए दान किए

#### अपनी शर्तों पर संपत्तियों का दान

हालांकि, अपनी संपत्ति के दान के मामले में एलिसन हमेशा अपनी शर्तों पर ही चलते हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट बताती है कि ईआईटी को नेतृत्व परिवर्तन की वजह से कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। साल 2024 में एलिसन ने जॉन बेल को रिसर्च लीड करने के लिए नियुक्त किया था, लेकिन सिर्फ दो हफ्तों में ही उन्होंने इस्तीफा दे दिया और इस प्रोजेक्ट को बेहद चुनौतीपूर्ण बताया।




#### रिसर्च सेंटर को दिया दान

*ईआईटी का एक नया कैंपस 2027 में ऑक्सफोर्ड में खोला जाएगा। एलिसन लंबे समय से बड़े डोनेशन देते आ रहे हैं। उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ कैलिफोर्निया को 200 मिलियन डॉलर कैंसर रिसर्च सेंटर बनाने के लिए दान किए। इसके साथ ही, उन्होंने एलिसन मेडिकल फाउंडेशन को 1 बिलियन डॉलर दिए, जो बंद होने से पहले बुजुर्गों की बीमारियों की रोकथाम की दिशा में काम करता था।*

MP POORV KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.
BLOCK NO.7 SHAKTI BHAWAN, RAMPUR, JABALPUR (M.P.)
Tel No: 0761 2702473 , 2702473 CIN: U40109MP2002SGC015120 email: cepurez@yahoo.in
No. CGM(S&P)/EZ/GM-II/II/1730 TENDER NOTICE Jabalpur, dtd: 23.09.2025
Online Tenders are invited for following services:-

| S. No. | TS No. (For Discom/EZ/Pur | NAME OF ITEMS | Approx. Value (Rs. in Lakhs) | Tender fee (in Rs) | Date of Opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | TS-1623 (E-Tender No. 2025_PKVVC_453812_1) | Engagement of an Outsource Agency For Testing of LT CT Meters an Whole Current Meter Installed in the Premises of LT High Value Consumers under MPPKVVCL, Jabalpur | 164.02 | 5900.00 | 16.10.2025 |

For other details visit our website :- www.mpez.co.in & mptenders.gov.in
SAVE ENERGY FOR BETTER TOMORROW
विद्युत अनियमितता संबंधी शिकायत के लिए वी मित्र ऐप डाउनलोड करें और पाएं रु 50,000 तक का इनाम
CGM (S&P)

पश्चिम मध्य रेल
निम्नलिखित कार्य के लिए ई.-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (फ्रेट)/नकज, आर.ओ.एच. डिपो नकज, पश्चिम मध्य रेल, के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक दिनांक** JBP-M- Tender-16-2025, Dated 19/09/2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** सीएंडडब्ल्यू एनकेजे में वैगन में कपलर बॉडी और खराब ड्राफ्ट गियर को को बदलने का काम 2 साल की अवधि के लिए। **कार्य का विज्ञापित मूल्य रुपयेः** 10629366.24, **बयाना राशी रुपयेः** 203200.00, **समापन की अवधिः** 24 माह, **निविदा क्लोजिंग तिथि एवं समयः** 13.10.2025 15: 00 Hrs, उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट **http:// www. ireps.gov.in** पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। (हस्ता.)
मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक)
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

सीएम ने अफसरों को भी फोन कर दी हिदायत

# मुख्यमंत्री ने करीब 40 विधायकों से वन टू वन चर्चा कर समस्याएं सुनी और समाधान का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को करीब 40 विधायकों से वन टू वन चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने सभी समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री पिछले दिनों प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के पहले भी विधायकों से मिले थे। इसके साथ ही उन्होंने लगातार मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व में विधायकों से भेंट कर उनकी समस्याओं को सुना और समाधान भी किया। उनका यह प्रयास पिछले कुछ समय से लगातार जारी है।

## लगातार विधायकों की समस्याएं सुलझा रहे सीएम

पिछले दिनों सत्ता व संगठन के बीच तालमेल नहीं होने को लेकर दिल्ली तक संदेश पहुंचा था। इसके बाद केंद्रीय संगठन मंत्री बीएल संतोष भोपाल आए थे। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल समेत संगठन के कई नेताओं से चर्चा की थी। एक बैठक मुख्यमंत्री निवास में भी हुई थी। इसके अलावा भी समय-समय पर मुख्यमंत्री के दिल्ली दौरे के समय भी उन्हें संगठन व जनप्रतिनिधियों से तालमेल बैठाने को कहा गया था। हालांकि मुख्यमंत्री डॉ. यादव पहले भी प्राथमिकता के तौर पर विधायकों से मिलकर चर्चा करते थे। किंतु मंत्रियों के बीच किसी बात को लेकर सामंजस्य नहीं बैठ पा रहा था। इसकी शिकायत उच्च स्तर पर भी हुई थी। खासकर नौकरशाहों के कार्यों को लेकर ज्यादा नाराजगी थी। हालांकि बाद में संगठन स्तर पर हुई बैठकों में इस समस्या का भी समाधान कर लिया गया।



## कई महापौर ने भी मुख्यमंत्री से मुलाकात कर मुद्दों पर चर्चा की

मंगलवार को कैबिनेट की बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने खुद मंत्रालय स्थित अपने चैंबर में विधायकों से मिलकर उनसे चर्चा की। बताते हैं कि मुख्यमंत्री के साथ बैठक के लिए करीब 40 विधायकों को बुलाया गया था। इसके अलावा नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी महापौरों की बैठक बुला ली थी। बताते हैं कि कई महापौर ने भी मुख्यमंत्री से मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। कई विधायकों ने हरिभूमि को बताया कि मुख्यमंत्री का रूख काफी सकारात्मक है। उनसे किसी भी मुद्दे पर चर्चा कर सकते हैं। पहली बार ऐसा लग रहा है कि मुख्यमंत्री विधायकों की जरूरतों व दिक्कतों के प्रति काफी संवेदनशील हैं। शायद इसी वजह से वे मुलाकात के दौरान खुलकर चर्चा करते हैं। जरूरत पड़ने पर अधिकारियों को उसी वक्त फोन लगाकर बात करते हैं। हिदायतें भी देते हैं। इसी वजह से किसी भी विधायक का कोई गिला शिकवा नहीं रह गया है।



अमरकंटक ताप विद्युत गृह, चचाई की 11 हजार 476 करोड़ 31 लाख पुनरीक्षित लागत का भी अनुमोदन

# सतपुड़ा ताप विद्युत गृह की 11 हजार 678 करोड़ 74 लाख की पुनरीक्षित लागत का अनुमोदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र कैबिनेट ने मंगलवार को मप्र पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड (जेनको) की 660 मेगावाट की सतपुड़ा ताप विद्युत गृह, सारनी की पुनरीक्षित लागत 11 हजार 678 करोड़ 74 लाख रुपए (नॉन ईपीसी सहित) का अनुमोदन प्रदान कर दिया। इससे नई यूनिट को लेकर चली आ रही गतिरोध लगभग समाप्त हो गई है। परियोजना का वित्त पोषण 20:80 अंशपूंजी एवं ऋण के अनुपात में किया जाएगा।

कैबिनेट की बैठक मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई। इसमें एक दर्जन से अधिक प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इसमें हालांकि आधा दर्जन से अधिक प्रस्ताव विभिन्न विभागों की पेंशन रोकने, शासकीय सेवकों के खिलाफ विभागीय जांच को मंजूरी देने संबंधित प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। कैबिनेट में लिए गए निर्णयों के बारे में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि हेलीकाप्टर सेवा शुरू करने के साथ ही दो पावर हाउस की क्षमता बढ़ाने के लिए 660-660 मेगावाट यूनिट लगाने को मंजूरी दी गई। उन्होंने इस बारे में डिटेल जानकारी भी दी।

## कैबिनेट में 13 स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालयों में सीनियर रेसीडेंट के 354 पदों के सृजन की स्वीकृति



### 11 हजार 678 करोड़ 74 लाख रुपए की पुनरीक्षित लागत का अनुमोदन

सतपुड़ा ताप विद्युत परियोजना का वित्त पोषण 20:80 अंशपूंजी एवं ऋण के अनुपात में किया जाएगा। राज्य शासन ने 20 प्रतिशत अंशपूंजी में से 684 करोड़ 53 लाख रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। शेष राशि की व्यवस्था मप्र पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड की ओर से स्वयं के स्त्रोत से की जाएगी। राज्य शासन की ओर से वित्तीय वर्ष 2025-26 तक प्रदान/आवंटित की गई 431 करोड़ 45 लाख रुपए की राशि के अतिरिक्त शेष राज्यांश वित्तीय वर्ष 2026-27 से वर्ष 2030-31 तक की अवधि में 50 करोड़ 62 लाख रुपए विभागीय बजट के माध्यम से प्रत्येक वर्ष मप्र पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड को उपलब्ध कराई जाएगी।

### 66 करोड़ 98 लाख रप्रत्येक वर्ष मप्र पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड को उपलब्ध कराए जाएंगे

कैबिनेट ने मप्र पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड की 660 मेगावाट की अमरकंटक ताप विद्युत गृह, चचाई की पुनरीक्षित लागत 11 हजार 476 करोड़ 31 लाख रुपए का अनुमोदन प्रदान किया गया है। परियोजना का वित्त पोषण 20:80 अंशपूँजी एवं ऋण के अनुपात में किया जाएगा। राज्य शासन ने 20 प्रतिशत अंशपूंजी में से 699 करोड़ 90 लाख रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। शेष राशि की व्यवस्था मप्र पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड द्वारा स्वयं के स्त्रोत से की जाएगी। राज्य शासन की ओर से वित्तीय वर्ष 2025-26 तक प्रदान आवंटित की गई। 365 करोड़ रुपए की राशि के अतिरिक्त शेष राज्यांश वित्तीय वर्ष 2026-27 से वर्ष 2030-31 तक की अवधि में 66 करोड़ 98 लाख रुपए विभागीय बजट के माध्यम से प्रत्येक वर्ष मप्र पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड को उपलब्ध कराई जाएगी।

### सीनियर रेसीडेंट के 354 नवीन पदों के सृजन की मंजूरी

कैबिनेट ने 13 स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालयों में राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग के मापदण्डों अनुसार मान्यता प्राप्त करने के लिए नॉन क्लीनिकल एवं पैरा क्लीनिकल संकायों में सीनियर रेसीडेंट के 354 नवीन पदों के सृजन की स्वीकृति प्रदान की गई है। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, सतना, विदिशा, रतलाम, खण्डवा, शहडोल, शिवपुरी, दतिया और छिंदवाड़ा में स्थित स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालयों में इन पदों का सृजन किया गया हैं। इससे राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग के मापदण्डों अनुसार चिकित्सा महाविद्यालयों का सुचारू संचालन सुनिश्चित हो सकेगा। चिकित्सा महाविद्यालयों से उत्तीर्ण स्नातकोत्तर छात्र सीनियर रेसीडेंटशिप चिकित्सा महाविद्यालय में ही कर पाएंगे और नॉन क्लीनिकल एवं पैरा क्लीनिकल संकायों में भी प्रदेश को चिकित्सा शिक्षक प्राप्त हो सकेंगे।

ताइवान के प्रतिनिधि मंडल ने निवेश अवसरों पर की चर्चा

# मप्र के संसाधन और ताइवान की तकनीक उद्योग क्षेत्र में प्रस्तुत करेंगे नई मिसाल : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ताइवान की निर्माण तकनीक और मध्यप्रदेश की विशाल औद्योगिक तथा उपभोक्ता क्षमता मिलकर विकास, नवाचार और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित करेगी। सेमीकंडक्टर, पीसीबी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नवकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्र मध्यप्रदेश और ताइवान सहयोग के नए केंद्र बन रहे हैं। ताइवान की तकनीक और मध्यप्रदेश के संसाधन मिलकर वैश्विक स्तर पर दृढ़ और प्रतिस्पर्धी उद्योग विकसित कर सकते हैं।

आने वाला समय दोनों पक्षों के लिए अनंत संभावनाएं ला रहा है। प्रदेश सरकार ताइवानी निवेश को आकर्षित करने और सफल बनाने के लिए पूरी सुविधा, नीतिगत समर्थन और प्लग-एंड-प्ले अवसंरचना उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश और ताइवान के बीच व्यापार और निवेश अवसरों पर ताइवान व्यापार विकास परिषद और ताइवान आर्थिक एवं सांस्कृतिक केंद्र के प्रतिनिधियों से मंत्रालय में चर्चा के दौरान यह बात कही।

## ताइवान के साथ नई साझेदारी की ओर अग्रसर मध्यप्रदेश



### ताइवान के साथ शिक्षा और सांस्कृतिक क्षेत्र में भी होगा आदान-प्रदान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप हम ताइवान के साथ एक विश्वसनीय साझेदार के रूप में नए साझेदारी की ओर अग्रसर हो रहे हैं। ताइवान अपनी तकनीक और नवाचार में अग्रणी है और मध्यप्रदेश प्रचुर संसाधनों, कुशल मानव संसाधन और विभिन्न सेक्टर में अनंत संभावनाओं के साथ सहयोग का इच्छुक है। मध्यप्रदेश से ताइवान को मुख्य रूप से इलेक्ट्रॉनिक मशीनरी, फार्मास्युटिकल्स, रासायन तथा खाद्य पदार्थ निर्यात होते हैं, वहीं ताइवान से मध्यप्रदेश इलेक्ट्रॉनिक पुर्जे, मशीनरी और सेमीकंडक्टर्स आयात करता है।

### ताइवान और मध्यप्रदेश तैयार करेंगे एक स्पष्ट रोडमैप

*ताइवान के प्रतिनिधि मंडल द्वारा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में सक्रिय सहभागिता की गई। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर ने ताइवान के विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू किया है, जो शिक्षा, अनुसंधान, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और औद्योगिक साझेदारी को बढ़ावा देगा। मध्यप्रदेश अपनी भौगोलिक स्थिति, संसाधनों और उद्योग सहयोगी नीतियों के कारण ताइवानी निवेशकों के लिए एक आदर्श गंतव्य है। ताइवान और मध्यप्रदेश एक स्पष्ट रोडमैप तैयार कर निवेश बढ़ाने की दिशा में अग्रसर होंगे। चर्चा में प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेन्द्र कुमार सिंह सहित ताइवान विकास परिषद के डायरेक्टर जनरल चुन यू चांग, सेकंड सेक्रेटरी जिह शेंग वांग, ताइवान आर्थिक एवं सांस्कृति केन्द्र के निदेशक विक लिन तथा ट्रेड प्रमोशन विशेषज्ञ सुश्री कीर्तन नांबियार शामिल हुईं।*

गुजरात के मुख्यमंत्री पटेल भी हुए बैठक में शामिल

# मुख्यमंत्री ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री पाटिल से जल समृद्धि रणनीति पर किया विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को नई दिल्ली प्रवास के दौरान राज्य हित के विषयों पर उच्च स्तरीय बैठक में मंत्रणा की।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल एवं गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल के साथ बैठक में सहभागिता कर विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की।



## जलशक्ति मंत्री ने मध्यप्रदेश के कार्यों को सराहा

केंद्रीय मंत्री पाटिल ने मध्यप्रदेश की ओर से केंद्रीय योजनाओं का लाभ लेने के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जल संरक्षण और संवर्धन की दिशा में मध्यप्रदेश ने अच्छा काम किया है। प्रदेश में सिंचाई की पर्याप्त व्यवस्था और हर घर जल पहुंचाने का भी प्रशंसनीय कार्य हुआ है। उन्होंने केंद्र सरकार के जल समृद्धि बढ़ाने के मध्यप्रदेश के प्रयासों को पूरा सहयोग देने की बात की। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की नई रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की और केंद्र सरकार के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। बैठक में जनहित के महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा की गई। इस अवसर पर संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

64 लाख के इनामी 30 माओवादी और 20 महिलाएं शामिल

# 71 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

दंतेवाड़ा में बुधवार को 30 इनामी माओवादियों सहित 71 माओवादियों ने हिंसा छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया है। यह माओवादी संगठन के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। 71 माओवादियों में 51 पुरुष हैं और 20 महिलाएं हैं।

आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों पर कुल 64 लाख रुपए का इनाम घोषित था, जिनमें कुछ प्रमुख कमांडर भी शामिल थे। इनमें बामन मड़काम (8 लाख का इनामी), शमिला कवासी (5 लाख का इनामी) और गंगी बारसे (5 लाख का इनामी) जैसे नाम प्रमुख हैं। ये सभी माओवादी बंद सप्ताह के दौरान सड़क काटने, पेड़ गिराने और पुलिस मुठभेड़ों में शामिल रहे थे।



इस अभियान का नेतृत्व पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी, डीआईजी कमलोचन कश्यप, एसपी गौरव राय और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में किया गया। इस सफलता में डीआरजी-बस्तर फाइटर्स, विशेष आसूचना शाखा और सीआरपीएफ की विभिन्न बटालियनों का योगदान महत्वपूर्ण रहा। आत्मसमर्पण के बाद इन माओवादियों को शासन की पुनर्वास नीति के तहत सभी लाभ दिए जाएंगे। इनमें 50,000 रुपए की प्रारंभिक सहायता राशि, कौशल विकास प्रशिक्षण और स्वरोजगार के अवसर शामिल हैं, ताकि वे सम्मानजनक जीवन जी सकें। पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने बताया कि पुलिस की आक्रामक रणनीति और लगातार अभियानों के कारण माओवादी संगठन कमजोर हो रहा है, जिसका नतीजा यह है कि बड़ी संख्या में नक्सली अब आत्मसमर्पण कर रहे हैं।

रकम पर प्रतिदिन 2 प्रतिशत मुनाफा देने का वादा किया

# झांसा देकर 5 करोड़ रुपए की ठगी आरोपी कंपनी का संचालक फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर में एक बड़े निवेश घोटाले का राजफाश हुआ है। टिकरापारा थाना पुलिस ने ए स्क्वायर ग्लोबल कंसल्टेंसी कंपनी के संचालक अनिरुद्ध दलवी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। आरोप है कि कंपनी ने लोगों को 100 दिन में रकम दोगुनी करने का झांसा देकर करोड़ों रुपए हड़प लिए और बाद में संचालक फरार हो गया।

शिकायतकर्ता अनवर मोहम्मद निवासी रायपुर ने थाना पहुंचकर लिखित आवेदन में बताया कि अनिरुद्ध दलवी ने सोशल मीडिया और सेमिनारों के जरिए निवेशकों को अपनी कंपनी में रकम लगाने के लिए प्रेरित किया। उसने दावा किया था कि कंपनी में जमा रकम पर प्रतिदिन 2 प्रतिशत मुनाफा मिलेगा और सौ दिन बाद रकम दोगुनी लौटा दी जाएगी। विश्वास जमाने के लिए अनिरुद्ध दलवी ने निवेशकों को बैंक खाते में रकम ट्रांसफर कर शुरुआती दिनों में कुछ भुगतान भी किया। लेकिन अप्रैल 2025 के बाद पैसे लौटाने के नाम पर बहाने बनाने लगा। कभी कंपनी की वेबसाइट हैकिंग, तो कभी ट्रेडिंग अकाउंट में तकनीकी गड़बड़ी का हवाला देकर निवेशकों को टालता रहा। अंततः रुपए लेने के बाद मोबाइल नंबर बंद कर फरार हो गया। पीड़ित अनवर मोहम्मद ने बताया कि उसने स्वयं 5.40 लाख रुपए कंपनी के खाते में जमा किए, जबकि उसके परिचितों और मित्रों ने मिलकर करीब 5 करोड़ रुपए निवेश किया।

# 8 वैज्ञानियों को मिली स्टैनफोर्ड एल्सेवियर की लिस्ट में जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के 8 विज्ञानियों ने विश्व के शीर्ष दो प्रतिशत विज्ञानियों की प्रतिष्ठित सूची में अपनी जगह बनाई है। इसमें पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय (पीआरएसयू) के छह प्राध्यापकों को स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी (अमेरिका) द्वारा तैयार और एल्सेवियर द्वारा प्रकाशित वैश्विक डाटाबेस में विश्व के शीर्ष दो प्रतिशत विज्ञानियों में शामिल किया गया है।

इस सूची में बलरामपुर जिले के डॉ. सचिन गुप्ता को भी इस लिस्ट में जगह मिली है। साथ ही कोलंबिया इंस्टीट्यूट की डॉ. बीना का नाम इस लिस्ट में चौथी बार शामिल किया गया है। स्टैनफोर्ड-एल्सेवियर की यह सूची विश्व की सबसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में से एक है। इस सूची में स्थान प्राप्त करना उत्कृष्ट शोध योगदान और वैश्विक स्तर पर शैक्षणिक उत्कृष्टता की पहचान है। बलरामपुर जिले के छोटे से गांव बसकेपी से निकलकर डॉ. सचिन गुप्ता ने यह उपलब्धि हासिल की है। डॉ. गुप्ता को यह सम्मान सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी, विशेषकर नेटवर्किंग एवं दूरसंचार क्षेत्र में किए गए उनके उत्कृष्ट शोध कार्यों के लिए प्रदान किया गया है।

वर्तमान में वे सतीश धवन अंतरिक्ष विज्ञान केंद्र, केंद्रीय विश्वविद्यालय जम्मू के अंतर्गत इसरो केंद्र के एवियोनिक्स विभाग में रिसर्च प्रोफेसर एवं विज्ञानी के रूप में कार्यरत हैं। पीआरएसयू के छह प्राध्यापकों में फार्मेसी विभाग से प्रो. शैलेन्द्र साराफ, प्रो. स्वर्णलता साराफ, प्रो. मंजू सिंह, प्रो. दीपेन्द्र सिंह, प्रो. अंबर व्यास और रसायन शास्त्र विभाग से प्रो. कमलेश श्रीवास का नाम है।

सीएम डॉ.मोहन ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में विश्व में योग एवं आयुर्वेद की स्वीकार्यता बढ़ी

# आयुर्वेद के सिद्धांतों का पालन करने से आयुष्मान भव को कर सकते हैं चरितार्थ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा शायद मुझे यह नहीं कहना चाहिए, लेकिन सच यही है कि आज मैं जितना स्वस्थ हूं, उसका श्रेय आयुर्वेद को जाता है। न मुझे बीपी की समस्या है, न शुगर, न चश्मे की जरूरत और न ही कोई दूसरी गंभीर बीमारी। जबकि मेरी उम्र अब साठ वर्ष से अधिक हो चुकी है। उन्होंने आगे कहा एलोपैथी तब काम आती है, जब बीमारी हो जाती है, लेकिन आयुर्वेद ऐसी जीवनशैली है, जो व्यक्ति को बीमार नहीं होने देती।

यही सबसे बड़ी ताकत है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 10 वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में आरोग्यं परमं भाग्यं की मान्यता है। हमारी संस्कृति में निरोग रहने को परम भाग्य माना गया है, पूर्वजों के बताए गए सात सुखों में पहला सुख निरोगी काया है। निरोग रहने के लिए हमारे ऋषियों ने योग और आयुर्वेद जैसे अद्वितीय विज्ञान विश्व को दिए, जिसका मूल ऐसी जीवनशैली अपनाना है, जिससे हम बीमार ही न पड़ें और रोग से पहले स्वास्थ्य की रक्षा हर व्यक्ति की सर्वोच्च प्राथमिकता हो।

## आयुर्वेद में है अटूट विश्वास

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वास्थ्य रक्षा के लिए उनका स्वयं का भी आयुर्वेद में अटूट विश्वास है। आयुर्वेद के नियम-संयम के पालन का ही परिणाम है कि वे उच्च रक्तचाव, शुगर जैसी जीवनशैली जन्य किसी भी रोग से पीड़ति नहीं है और जनसेवा को समर्पित जीवन में निरंतर सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद के साथ हमें दैनिक दिनचर्या में सुधार पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग एवं आयुर्वेद की स्वीकार्यता विश्व में बढ़ी है। आज दुनिया के 150 से अधिक देश आयुर्वेद अपना रहे हैं। इस वर्ष दसवें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस की थीम 'आयुर्वेद फॉर पीपल एंड प्लैनेट' रखी गई है।



## मरीजों को योग और ध्यान के साथ स्वस्थ जीवनशैली अपनाने करें प्रेरित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जीएसटी सुधार से आयुर्वेदिक दवाएं सस्ती होंगी। आयुर्वेद दिवस पर प्रदेश के लोगों को 12 आयुष अस्पतालों की सौगात मिल रही है। आयुष वेलनेस टूरिज्म के तहत उज्जैन और खजुराहों में 50-50 बिस्तरों वाले दो अस्पताल खोल जा रहे हैं। साथ ही 10-10 बिस्तरों वाले छोटे अस्पताल पचमढ़ी, मंदसौर, आगर-मालवा, चित्रकूट, चंदेरी, दतिया, सिंगरौली, ओरछा, ओंकारेश्वर और अलीराजपुर में स्थापित होंगे। साथ ही कैंसर मरीजों के इलाज के लिए आयुर्वेद पर आधारित एक नया जन स्वास्थ्य कार्यक्रम कारुण्य भी शुरू किया जा रहा है।

### औषधीय खेती के लिए टोल फ्री नंबर

औषधीय खेती की जानकारी के लिए नया टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर आज से शुरू किया जा रहा है। वर्तमान में जन स्वास्थ्य कार्यक्रम 9 आयुष महाविद्यालयों में संचालित हो रहे हैं। अब इसे प्रदेश के 51 जिलों तक बढ़ाया जा रहा है, हर जिले में एक-एक यूनिट खुलेगी। मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों से मरीज को योग और ध्यान के साथ-साथ स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने का भी आह्वान किया।

## वेलनेस को बढ़ावा देने के लिए आयुष और पर्यटन विभाग के बीच हुआ एमओयू

*प्रदेश में वेलनेस को बढ़ावा देने के लिए आयुष और पर्यटन विभाग के बीच समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आयुष जनस्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 55 जिलों की 55 इकाइयों में प्रसार गतिविधियों, कैंसर रोगियों के लिए कारुण्य कार्यक्रम और औषधि पौधों के लिए हेल्पलाईन का शुभारंभ किया। साथ ही मासिक पत्रिका मध्य हर्बल दर्पण' के प्रथम अंक और जन आरोग्य समिति की नियमावली का विमोचन किया। इस अवसर पर विभागीय गतिविधियों पर लघु फिल्मों का प्रदर्शन भी किया गया।*

## जिले के 3500 युवाओं को मिला रोजगार, मुख्यमंत्री ने सौपे नियुक्ति पत्र

# सीएम ने किसानों की खुशहाली के लिये दिये धान प्रोत्साहन राशि

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बालाघाट जिला सौभाग्यशाली है, क्योंकि इसे भगवान का आशीर्वाद मिला है। पहले लोग बालाघाट के नाम से ही घबराते थे और यहां आने के लिये विचार करते थे। कभी क्षेत्र के युवा रोजगार की तलाश में भटकते हुए गलत राह पर चल पड़े थे, लेकिन अब समय बदल गया है। उन्होंने कहा कि यहां के किसानों और जवानों के खून-पसीने से क्षेत्र की तस्वीर बदली है और विकास की नई राहें खुली हैं। प्रदेश सरकार ने युवाओं को रोजगार और सम्मानजनक जीवन देने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बालाघाट जिले के कटंगी में मुख्यमंत्री कृषि उन्नति योजना के अंतर्गत धान उत्पादक किसानों को प्रोत्सांहन राशि वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री कृषि उन्नति योजना अंतर्गत प्रदेश के 669272 किसानों के खाते में 337.12 करोड रुपये के धान प्रोत्साहन राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण किया। उन्होंने 244 करोड 52 लाख रुपये के 78 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया तथा जिले के ग्रामीण व नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के 3500 युवाओं को प्रायवेट कम्पनियों में नियुक्ति के पत्र सौपें। कार्यक्रम में बालाघाट, मण्डला, डिण्डौरी जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र के 815 युवाओं को विशेष सहयोगी दस्ता में नियुक्ति के पत्र दिये गयें। विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया।

इस अवसर पर जिले के प्रभारी तथा परिवहन व स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, पीएचई मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, सांसद श्रीमती भारती पारधी, विधायक गौरव सिंह पारधी, राजकुमार करांहे, मप्र पिछडा वर्ग कल्याण आयोग की सदस्य श्रीमती मौसम बिसेन, पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन, रामकिशोर कावरे, प्रदीप जायसवाल, लोचनलाल ठाकरे, पूर्व विधायक रमेश भटेरे, भगतसिंह नेताम, जिला पंचायत सदस्य, कृषि विभाग के अतिरिक्त प्रमुख सचिव अशोक वर्णवाल, जबलपुर संभाग के कमिश्नर धनंजय सिंह, कलेक्टर मृणाल मीना सहित अन्य जनप्रतिनिधी व गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बालाघाट, मण्डला एवं डिण्डोंरी जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के 815 युवाओं को पुलिस में विशेष सहयोगी दस्ता के पद पर नियुक्ति कर न केवल उनका भविष्य सुरक्षित किया जा रहा है, बल्कि क्षेत्र की रक्षा और सुरक्षा व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया जा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि स्थानीय लोगों से बेहतर अपने क्षेत्र को कोई नहीं जानता, इसलिए उनकी भागीदारी से विकास और सुरक्षा दोनों मजबूत होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व में प्रदेश और देश से नक्सली गतिविधियों को समाप्त करने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मार्च 2026 तक नक्सली गतिविधियों का पूरी तरह अंत हो जाएगा और शांति एवं समृद्धि का वातावरण स्थापित होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश की महिलाएं लाड़ली बहना योजना की राशि से परिवार की जरूरतों, बच्चों की पढ़ाई और घरेलू खर्चों में इसे लगाती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना में बहनों को मिलने वाली 1250 रुपए की राशि को दिवाली के त्योहार के बाद 1500 रुपए कर दिया जाएगा।

### जिसके घर गाय वह गोपाल – मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार गौ माता के संरक्षण और संवर्धन के लिए ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध है और इसके लिये विशेष कानून बनाया गया है। नए कानून के तहत गौ हत्या करने या इसमें संलिप्त पाए जाने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा रही है। गौ वंश की तस्करी करने वालों को जेल भेजा जा रहा है और उनके वाहनों को राजसात किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में गौ पालन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। "जिसके घर गाय वह गोपाल" की परिकल्पना के तहत 25 से अधिक गायों का पालन करने वाले व्यक्तियों को 40 लाख रुपये तक का ऋण तथा 10 लाख रुपये तक का अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी तरह गौशालाओं में भी प्रति गाय 40 रुपये अनुदान राशि प्रदान कर गौ संरक्षण और प्रबंधन को बढ़ावा दिया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री ने की विभिन्न घोषणाएं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने उद्बोधन में क्षेत्रीय विधायक श्री गौरव सिंह पारधी की मांग पर अनेक महत्वपूर्ण विकास कार्यों की घोषणाएँ की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हर वर्ग और क्षेत्र के संतुलित विकास के लिए संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने कटंगी–सिवनी सडक मार्ग पर खिड़कीघाट में उच्च स्तरीय पुल, कटोरी–भोरगढ़ पंचायत मार्ग, खमरिया–बिसापुर, कोडबी–महकेपार, कटेदरा–मानेगांव, बोपली–कटेरा तथा दिग्धा-कोडबी मार्ग सहित नंदलेसरा–अतरी मार्ग पर चनई नदी पर पुल एवं बिछुवा–चंदाडोह मार्ग पर पुल निर्माण, स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए कतरकना व दुधारा में स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण तथा नवेगांव, टेकाड़ी तथा लिंगापौनार के हाईस्कूल का हायर सेकेंडरी में उन्नयन करने और कटंगी नगरीय क्षेत्र के तालाब के उन्नयन कार्य हेतु 10 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कटंगी क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिये राजीव सागर परियोजना से नहलेसरा बांध की इंटरलिंकिंग परियोजना का परीक्षण कर कार्य कराया जाएगा। उन्होंने नेशनल पार्क से लगे किसानों के खेतों की फसलों की जंगली जानवरों से सुरक्षा के लिए सोलर फेंसिंग लगाने की घोषणा की। उन्होनें पिछले दिनों वन्य जीवों के कारण मृत व्यक्तियों के परिजनों को पूर्व में दी गई 8-8 लाख रुपये की आर्थिक सहायता के अतिरिक्ति 17-17 लाख रुपये राशि प्रदाय करने की घोषणा की। मंचीय कार्यक्रम के पहले मुख्य मंत्री डॉ. यादव एवं अन्य अतिथियों ने कन्या पूजन, भगवान बलराम जी की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किये। कार्यक्रम में बने रैम्प मे चलकर उन्होनें किसानों पर पुष्प वर्षा की एवं उनका अभिवादन किया।

## फर्जी एनओसी लगाकर ठेकेदार को किया भुगतान

# पीडब्ल्यूडी के तत्कालीन ईई और ठेकेदार पर ईओडब्ल्यू में एफआईआर दर्जः 2.59 करोड़ की रॉयल्टी हेराफेरी

रीवा।




लोक निर्माण विभाग में फर्जी दस्तावेजों के सहारे करोड़ों रुपये की खनिज रॉयल्टी में हेराफेरी का मामला सामने आया है। जिसमे आर्थिक अपराध अन्वेषण संगठन (ईओडब्ल्यू) ने सतना के तत्कालीन कार्यपालन यंत्री मनोज द्विवेदी और दिल्ली की ठेकेदार कंपनी मे. एसआर कंस्ट्रक्शन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। फर्जी एनओसी के माध्यम से 2.59 करोड़ रुपये की राशि ठेकेदार को गलत तरीके से भुगतान की गई। मामला वर्ष 2017 का है, जब सीआरएफ योजना के तहत रीवा और सतना जिले की सीमा पर स्थित गांवों को जोड़ने के लिए 46.70 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कराया गया था। सड़क सेमरिया बनकुइयां मार्ग से गाजन, मझियार, बक्रिया, लौलाछ, मगरवार, भटिगवां, खाम्हा, किडवरिया इटौरा, मैनपुरा, अकौना, टिकरी, खमरिया, गौरैया मार्ग का निर्माण कराने के लिए एसआर कंस्ट्रक्शन को कार्य दिया गया था। निर्माण कार्य तय समय पर पूरा न होने के कारण विभाग ने 2.59 करोड़ रुपये की राशि रोक ली थी। बाद में ठेकेदार द्वारा कार्य पूर्ण करने का दावा कर भुगतान की मांग की गई। जांच में सामने आया कि सतना के तत्कालीन कार्यपालन यंत्री मनोज द्विवेदी ने ठेकेदार के साथ मिलीभगत कर खनिज विभाग रीवा का फर्जी एनओसी पत्र दस्तावेजों में संलग्न किया। इसके आधार पर रुकी हुई 2.59 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान कर दिया गया। जबकि जांच में स्पष्ट हुआ कि ऐसी कोई एनओसी रीवा खनिज विभाग द्वारा जारी ही नहीं की गई थी। रीवा कलेक्टर ने भी पत्र के माध्यम से इस बात की पुष्टि की। ईओडब्ल्यू ने इस मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी), 120बी (षड्यंत्र), 409 (सरकारी धन का दुरुपयोग), 467, 468, 471 (जालसाजी से जुड़े अपराध) के तहत मामला दर्ज किया है। साथ ही भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7सी, 13(1) ए, एवं 13(2) भी शामिल की गई है।बॉक्स 3.30 करोड़ की रॉयल्टी मे हेराफेरी , जांच में 2.59 करोड़ की पुष्टिशिकायत में यह आरोप लगाया गया था कि इस फर्जीवाड़े से विभाग को कुल 3.30 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया गया। हालांकि ईओडब्ल्यू की शुरुआती जांच में 2.59 करोड़ रुपये की हेराफेरी की पुष्टि हुई है। मामले की शिकायत रीवा के सामाजिक कार्यकर्ता बीके माला द्वारा की गई थी। इसके पहले संभागायुक्त ने भी सतना और रीवा के कलेक्टरों से रिपोर्ट तलब की थी, जिसमें अनियमितता की पुष्टि हुई थी।बाक्स खनिज रॉयल्टी जमा नहीं, फिर भी कर दिया भुगताननियमों के अनुसार, सड़क निर्माण में उपयोग की गई गिट्टी (2.06 लाख घनमीटर) और बालू (73 हजार घनमीटर) की रॉयल्टी राशि को ठेकेदार को विभाग के पास जमा करना होता है। लेकिन उक्त राशि जमा कराने के बजाय ठेकेदार ने फर्जी खनिज अनुमति पत्र प्रस्तुत कर दिया, जिससे विभाग ने बिना सत्यापन के भुगतान कर दिया।बॉक्स रीवा में भी हो चुकी पदस्थापना, अन्य मामलों की जांच भी जारीगौरतलब है कि मनोज द्विवेदी रीवा में भी कार्यपालन यंत्री के पद पर पदस्थ रह चुके हैं। उनके कार्यकाल से जुड़े अन्य कई मामलों की शिकायतें भी पहले की जा चुकी हैं, जिनकी जांच अभी भी लंबित है। ऐसे में इस मामले के अलावा भी उनके खिलाफ अन्य आरोपों की परतें खुलने की संभावना जताई जा रही है।

## मैहर मेले के लिए 13 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें शुरू

**मैहर।** नवरात्रि मेले के दौरान भक्तों की सुविधा के लिए रेलवे ने कटनी साउथ और सतना के बीच 13-13 ट्रिप वाली अनारक्षित मैहर मेला स्पेशल ट्रेनें चलाई हैं। यह ट्रेनें 24 सितंबर से 6 अक्टूबर, 2025 तक चलेंगी। ट्रेन संख्या 09015 (कटनी साउथ से सतना): यह ट्रेन प्रतिदिन सुबह 5:05 बजे कटनी साउथ से चलेगी और 8:50 बजे सतना पहुंचेगी। रास्ते में यह पटवारा,झुकेही,पकरिया रोड, अमदरा,घुनवारा,भदनपुर,मैहर,उंचेहरा और लगरगवां स्टेशनों पर रुकेगी। ट्रेन संख्या 09016 (सतना से कटनी साउथ): यह ट्रेन प्रतिदिन रात 7:25 बजे सतना से चलेगी और 11:50 बजे कटनी साउथ पहुंचेगी। यह भी उन्हीं स्टेशनों पर रुकेगी। इन ट्रेनों में सामान्य श्रेणी और एसएलआरडी कोच उपलब्ध हैं। समय-सारणी की अधिक जानकारी के लिए आप रेलवे हेल्पलाइन 139 या वेबसाइट का उपयोग कर सकते हैं।

# शादी के नाम पर हाई-टेक ठगी



**शहडोल।** शादी के नाम पर हाई-टेक ठगी का खुलासा करने में कोतवाली पुलिस की तत्परता और साहस सराहनीय रही। गुरु नानक चौक स्थित फर्जी मैरिज ब्यूरो सात फेरे रिश्ते प्वाइंट के मास्टरमाइंड योगीराज समेत उसके दो सहयोगियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने कानून का पालन सुनिश्चित किया। इस कार्रवाई से जिले में आम जनता का विश्वास बढ़ा और अपराधियों के खिलाफ प्रशासन की सजगता सामने आई। जिले की कानून व्यवस्था और प्रशासनिक तंत्र की पोल खुलकर सामने आ चुकी है, गुरु नानक चौक स्थित एक होटल से सात फेरे रिश्ते प्वाइंट नामक फर्जी मैरिज ब्यूरो संचालित किया जा रहा था, जहां शादी जैसे पवित्र रिश्ते को ठगी का जरिया बना दिया गया। हाई-टेक गैंग न सिर्फ भोले-भाले युवाओं से लाखों रुपए ऐंठ रहा था बल्कि आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर इसे संगठित कारोबार की शक्ल दे चुका था। इस ठगी का पर्दाफाश तब हुआ जब सत्य प्रकाश गुप्ता से 1 लाख रुपए लेकर शादी की व्यवस्था नहीं की गई। विरोध करने पर 60 हजार वापस किए गए और 40 हजार हड़प लिए गए। मामला थाने पहुंचा और पुलिस हरकत में आई। छापेमारी में लैपटॉप, डेस्कटॉप और 24 से अधिक मोबाइल फोन बरामद हुए। मास्टरमाइंड योगीराज बिलासपुर फरार है, जबकि उसके साथी शिवम साहू बिलासपुर और दामेंद्र साहू मुंगेली गिरफ्तार हो चुके हैं। शुरुआती जांच में सामने आया है कि सैकड़ों युवक-युवतियां इस गिरोह का शिकार हुए हैं। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में आए दिन बाहरी लोग कई तरह के धंधे खड़े कर देते हैं। कोई फर्जी फर्म खोलकर लोगों को लूटता है, तो कोई गैंग चलाकर अपराध करता है, लेकिन सबसे बड़ी चूक पुलिस और प्रशासन की है, जो कभी भी इनका सत्यापन नहीं कराता। आखिरकार जिले में कौन आ रहा है, कहां ठहर रहा है और किस काम से आया है, यह जानना क्या पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है?

**दिन में भिक्षा, रात में रहस्य** : वर्तमान में जिला मुख्यालय की हालत इतनी खराब है कि सडकों पर आम आदमी का खड़ा होना मुश्किल हो गया है। हर चौक-चौराहे पर भीख मांगने वाले गुटों ने डेरा डाल रखा है। दिन में यह लोग भिक्षा मांगते हैं, लेकिन रात में ये कहां जाते हैं, किसके साथ रहते हैं और इनकी वास्तविक पहचान क्या है, इसका कोई रिकॉर्ड प्रशासन के पास नहीं है। अगर जानकारी है, तो फिर सवाल यह है कि इन्हें सडकों पर क्यों छोड़ दिया गया है? **जिम्मेदार विभागों पर सवाल**: ठगी करने वाले कथित मैरिज ब्यूरो और फर्जी फर्मों का पंजीयन कहां हुआ और किसकी निगरानी में हुआ? श्रम विभाग ने कभी जांच की? नगर निगम और सामाजिक न्याय विभाग की जिम्मेदारी थी कि भीख मांगने वालों की मानिटरिंग करे, लेकिन यहां किसी विभाग को अपने कर्तव्यों की सुध तक नहीं है। नतीजा यह है कि जिला मुख्यालय अपराधियों, फर्जी फर्मों और भिक्षा माफियाओं का अड्डा बनता जा रहा है। **जरूरी है सख्त कदम** : अब वक्त आ गया है कि जिला प्रशासन न सिर्फ ऐसे हाई-टेक ठग गिरोहों को पूरी तरह खत्म करे, बल्कि भीख मांगने वालों के खिलाफ भी कठोर कदम उठाए। इसके लिए जिला स्तर पर समर्पित सेल बनाई जानी चाहिए, जो बाहरी लोगों का सत्यापन करे, फर्जी फर्मों की पहचान करे और सडकों को भीख मांगने वालों से मुक्त कराए। यदि प्रशासन ने अभी भी आंखें मूंदे रखीं, तो शहडोल आने वाले दिनों में अपराधियों और ठगों का गढ़ बन जाएगा। यह घटना सिर्फ एक फर्जी मैरिज ब्यूरो तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जिले की नाकामी, लापरवाही और भ्रष्ट तंत्र का आईना है, जिसे तोडना अब अनिवार्य हो गया है।

## 20 बच्चों को आग से सुरक्षित बाहर निकाला

**सतना।** दिदौध ग्राम पंचायत स्थित रजहरा भठिया शासकीय प्राथमिक स्कूल में बुधवार को आंगनबाड़ी केंद्र के किचन में दोपहर के समय गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई। कर्मचारियों ने बच्चों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया सूचना मिलते ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका ने तुरंत किचन के पास मौजूद करीब 20बच्चों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। इसके बाद ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी गई। डायल 112 पर सूचना मिलने के बाद कोठी थाना टीआई गिरिजा शंकर बाजपेई अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस कर्मियों ने सूझबूझ दिखाते हुए एक कंबल को पानी में भिगोकर जलते सिलेंडर पर डाल दिया। इस तरह आग पर काबू पाया गया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई की ग्रामीणों ने सराहना की। सिलेंडर में आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## नाबालिग से पैसे की लालच देकर करता था अश्लील हरकत

**शहडोल। जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र से एक बेहद चौंकाने वाला और संवेदनशील मामला सामने आया है, जिसमें एक स्कूल की पांचवीं कक्षा की छात्रा के साथ उसके स्कूल के पास रहने वाले व्यक्ति द्वारा अश्लील हरकत और बैड टच किए जाने का आरोप लगा है। पीड़िता के परिजनों ने यह जानकारी मिलने के बाद तुरंत थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।**

जानकारी के अनुसार, छात्रा ने अपने परिवार को बताया कि आरोपी उसे रुपयों का लालच देकर बार-बार मिलने का दबाव डाल रहा था। आरोपी का कथित कहना था कि अगर वह रोज उसके पास आएगी तो उसे प्रतिदिन पैसा मिलेगा। यह सनसनीखेज मामला तब सामने आया जब बच्ची ने अचानक स्कूल जाने से मना कर दिया। इसके बाद परिजन तुरंत पुलिस के पास पहुंचे और घटना की गंभीर शिकायत दर्ज करवाई। ब्यौहारी पुलिस ने बताया कि जांच पूरी गंभीरता और गोपनीयता के साथ चल रही है। आरोपी की तलाश के लिए विशेष टीम बनाई गई है, और पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि जैसे ही आरोपी पकड़ा जाएगा, उसे हिरासत में लेकर सख्त पूछताछ की जाएगी। इस घटना ने पूरे इलाके में सन्नाटा और चिंता का माहौल पैदा कर दिया है। पुलिस ने अभिभावकों और युवाओं से अपील की है कि वे अपने बच्चों की सुरक्षा के प्रति सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना स्थानीय थाने को दें।

### इनका कहना है...

यह मामला बहुत ही गंभीर है और आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शीघ्र सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस पूरे क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा रही है ताकि इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

**अभिषेक दीवान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक**

# मैहर में भक्तों की उमंग, मां शारदा के दर्शन को उमड़ रही भीड़







सतना, मैहर।

शक्तिपीठ मैहर में नवरात्रि का महापर्व पूरे उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। मां शारदा के दरबार में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है।नवरात्रि के पहले दिन से ही मैहर धाम में भक्तों का सैलाब देखने को मिल रहा है,जो दूर-दूर से मां के दर्शन और आशीर्वाद लेने पहुंच रहे हैं। सतना सहित आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में भक्त मैहर पहुंच रहे हैं। सड़क मार्ग पर वाहनों और पैदल यात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर मैहर की ओर जाने वाले रास्ते पर सुबह से शाम तक भक्तों का तांता लगा रहता है। कई श्रद्धालु अपनी आस्था और भक्ति का प्रदर्शन करते हुए पदयात्रा कर मैहर पहुंच रहे हैं,जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया है। प्रशासन ने भक्तों की सुविधा और सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं।शहर के प्रवेश द्वारों पर पुलिस बल तैनात है और यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए अतिरिक्त जवान लगाए गए हैं। मंदिर परिसर में भी भीड़ को नियंत्रित करने और दर्शनार्थियों की कतार व्यवस्थित करने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। भक्तों के लिए पानी,शौचालय और चिकित्सा जैसी बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। नवरात्रि के दौरान मैहर की रातें भी जगमगा रही हैं।मंदिर परिसर और उसके आसपास रंग-बिरंगी रोशनी से सजावट की गई है,जो भक्तों को और भी आकर्षित कर रही है। सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं,जिनमें भजन,कीर्तन और देवी गीतों की प्रस्तुति हो रही है।यह सब मिलकर मैहर में एक अद्भुत और आध्यात्मिक माहौल बना रहा है। मां शारदा के दर्शन के लिए भक्तों की यह उमंग और उत्साह देखने लायक है। मैहर में भक्तों की यह भीड़ न केवल उनकी गहरी आस्था को दर्शाती है,बल्कि यह भी साबित करती है कि मां शारदा का दरबार सभी के लिए खुला है। जैसे-जैसे नवरात्रि आगे बढ़ रही है,मैहर में भक्तों की संख्या और भी बढ़ने की उम्मीद है। प्रशासन भी इसके लिए पूरी तरह से तैयार है और भक्तों को सुरक्षित और सुखद दर्शन सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है।

## नशीली कफ सिरप की तस्करी करते दो तस्कर गिरफ्तार

**रीवा।** नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रायपुर कर्चुलियान पुलिस ने अवैध रूप से नशीली कफ सिरप की तस्करी करते दो आरोपियों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक एनएच 30 रोड ग्राम रोर ओवर ब्रिज के नीचे आरोपी विकाश उर्फ रिंशू शुक्ला पिता संतोष शुक्ला 22 वर्ष निवासी कोष्टा व अजय मिश्रा पिता सुरेश मिश्रा 29 वर्ष निवासी दुबहाई कला थाना मनगवां हाल-खुटेही थाना विश्वविद्यालय के कब्जे 34 शीशी अवैध नशीली कफ सिरप जब्त की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक काले रंग का बैग जब्त किया जिसकी तलाशी में 6 हजार रुपए से अधिक कीमत की 34 शीशी नशीली आनरेक्स कफ सिरप मिली है।

## मंदिरों में हो रहा भव्य श्रृंगार, सुबह से देर रात तक चहल पहल

# पंडालों में विराजी भवानी, भक्तों का लगा मेला

**जबलपुर।** नवरात्र पर्व पर माँ जगदम्बा की भक्ति में संस्कारधानी सराबोर है। देवी मंदिरों में भक्तिगीतों की स्वर लहरियां गूंज रही हैं। आज गुरुवार को नवरात्र की चतुर्थी तिथि है। चतुर्थी में माँ के चौथे रुप कूष्मांडा का पूजन किया जाएगा। पंचमी तिथि को प्रायः अधिकांश स्थानों पर जगत जननी की प्रतिमाओं की स्थापना कर ली जाएगी, और इसी के साथ ही माँ के विविध रुपों के दर्शनार्थ श्रद्धालुओं का जनसैलाब सड़कों पर दिखाई देगा। गढ़ा फाटक और पड़ाव की महारानी के रुप में प्रसिद्ध माता महाकाली के दरबार में भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। सुबह से ही पूजन अर्चन करने वालों का तांता लग जाता है जो देर रात तक जारी रहता है।

### माँ कूष्मांडा के पूजन से आयु, यश, बल की प्राप्ति

नवरात्र के चौथे दिन माता कूष्मांडा का पूजन मंदिरों एवं घरों में किया जाएगा। इस संबंध में पंड़ित पीएल गौतमाचार्य ने बताया कि नवरात्रि पर भगवती कूष्मांडा के पूजन का विशेष महत्व होता है और उन्हें सृष्टि की उत्पत्ति का कारक भी माना गया है, इसलिये माता कूष्मांडा को कुम्हड़ा अवश्य भेंट करना चाहिए, साथ ही मालपुआ एवं खीर का भोग भी लगाने से आयु, यश, बल एवं आरोग्य की प्राप्ति होती है। भगवती कूष्मांडा अल्प सेवा से ही प्रसन्न हो जाती है। चौथे दिवस पर 5 वर्ष की कन्या को आमंत्रित कर वस्त्र एवं सौन्दर्य सामग्री भेंट करना चाहिए। इससे जीवन में आने वाली बाधाएं दूर होती है।



### बगलामुखी मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश आस्था के केन्द्र बने

श्री बगलामुखी सिद्धपीठ शंकराचार्य मठ में शारदेय नवरात्र पर्व पर नित्यप्रति धार्मिक अनुष्ठान चल रहे है मां भगवती पीताम्बरा देवी का पूजन अर्चन एवं मां भगवती राजराजेश्वरी का विशेष पूजन किया जा रहा हैं। यहां मनोकामना अखण्ड ज्योति कलश आस्था व श्रद्धा का केन्द्र बने हुए है।सिद्धपीठ में बनी यज्ञशाला में 1001 भक्तों द्वारा अखण्ड ज्योति कलश मनोकामना पूर्ण करने के लिए प्रज्वलित की गई है। यज्ञशाला में विशेष पूजन अर्चन किया जा रहा है। वहीं मंदिर में मां बगुलामुखी की विशेष पूजा अर्चना ब्रह्मचारी चैतन्यानंद द्वारा की जा रही है। रात में प्रतिदिन महाआरती होती है। दिनभर मंदिर में भक्तों का मेला लगा रहता है। भक्तों से उपस्थिति की अपील प्रकाश द्विवेदी, मधु यादव, मनोज सेन आदि ने की है।



### सदर में डिज्नीलैंड परेड झांकी का निर्माण

श्री दुर्गा सेवा मंडल, आज़ाद चौक, सदर बाजार समिति के महामंत्री निशांत खंडेलवाल ने बताया कि अपने 79वे वर्ष के उपलक्ष्य में डिज्नीलैंड की परेड की भव्य झांकी का निर्माण कर रही है, जो विशेष तौर पर बच्चो के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगी। इस झांकी को थर्माकोल से 2 महीने के अथक प्रयासों से बनाया गया है, ये भव्य झांकी पंचमी के दिन से लोगो के दर्शनार्थ चालू की जाएगी।

## सदर रामलीला में राम वन गमन



**जबलपुर।** धनुष यज्ञ रामलीला सदर में बुधवार को राम वन गमन की लीला का मंचन किया गया। भगवान राम के वन प्रस्थान करने पर अयोध्या वासी दुखी हो जाते हैं सुमंत के साथ भगवान रथ पर बैठकर अयोध्या से वन की ओर चल देते हैं अयोध्या के नर नारी रथ का पीछा करते हैं बार-बार विनय करते हैं वनको ना ज ई आरती, आलोक मिश्रा डॉक्टर आलोक चंसोरिया अभिषेक चौकसे सीताराम कुरचानिया प्रवण अवस्थी संतोष तिवारी आशीष पाठक डॉक्टर शंकर पांडे संजय शुक्ला दिनेश शुक्ला ओम प्रकाश पाठक रजनीकांत अवस्थी आदि द्वारा की गई। आज, केवट संवाद दशरथ मरण लीला का मंचन किया जाएगा उपस्थिति की अपील धनंजय वाजपेई प्रचार संदीप चौकसे रवि महावर प्रकाश सोनी राहुल रजक नरेश तिवारी शारदा तिवारी सौरभ गौतम चमन धानुका सुभाष सिंह विजय पांडे निशांत शर्मा नितलेश बावरिया, प्रमेश सोनी आदि ने की है।



## गंगाजल से पखारे प्रभु श्रीराम के पैर

**जबलपुर।** गोविंदगंज रामलीला में विगत दिवस मंचित केवट प्रसंग की लीला में बनारस से आए गंगाजल से प्रभु श्रीराम, माताजानकी और अनुज लक्ष्मण के पाँव पखारे गए। केटव की निश्छलता की सजीव प्रस्तुति सराही गई। मंच से प्रस्तुत भजनों ने समां बांध दिया। केवट के साथ निषाद मिलन की लीला और फिर दशरथ मरण की लीला भी द्रवित कर गई।

**केवट प्रसंग में बही भक्ति की रसवर्षा, मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु**

### भक्तों ने की पुष्प वर्षा

केवट ने जब भगवान को गंगा पार कराई तो दर्शक मंत्रमुग्ध हो सुध-बुध खो बैठे। मंच में नाव का संचालन दर्शनीय बन गया। शानदार संगीत, बढ़िया तकनीक और सुंदर अभिनय के कारण ये दृश्य यादगार बन गया। केवट का अभिनय पवन पांडे ने जीवंत कर दिया। वहीं निषाद के रूप में शंकर शर्मा, श्रीराम के रूप में ओम दुबे, सीता के रूप में विहान जोशी, लक्ष्मण के रूप में मानस पांडे, दशरथ के रूप में राकेश पाठक, सुमंत के रूप में प्रवीण तिवारी ने शानदार अभिनय किया।

### आज चित्रकूट सभा

अध्यक्ष पं. अनिल तिवारी ने बताया कि आज गुरुवार को रामलीला मंच पर भरत आगमन-चित्रकूट सभा की लीला मंचित की जाएगी। चित्रकूट से भरत श्रीराम की खड़ाऊं लेकर अयोध्या आएंगे। श्रीराम की खड़ाऊं चांदी से बनवाई गई है। उन्होंने अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर रामलीला का दर्शन लाभ लेने की अपील की है।



## ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के बाद भी मरीजों ने किया गरबा

**जबलपुर।** हमारी संस्कारधानी जबलपुर में आयोजन किया गया गरबा नाइट 2025 का, जहां ऐसे मरीजों को शामिल किया गया जिनकी ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी डॉक्टर अमित जयकुमार जैन (कोट वाले) ने की है। जहां पर लगभग 400 से भी अधिक मरीज इस गरबे नाइट में शामिल हुए और उन्होंने संदेश दिया कि ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के बाद भी वह पूरा लाइफ को इंजॉय कर सकते हैं, डांस कर सकते हैं और माता रानी की आराधना कर सकते हैं।ज्ञात हो 23 सितंबर 2025 दिन मंगलवार को इस गरबा नाइट का आयोजन, बोन एंड जॉइंट बैलेंस क्लीनिक डॉक्टर अमित जयकुमार जैन के द्वारा किया गया। मरीज को इनकरेज करने लिए हर साल की तरह इस साल भी गरबा एक्टिविटी का आयोजन किया गया।

## मप्र हाउसिंग बोर्ड समिति ने पंजाब बाढ़ पीड़ितों को भेजा 51 लाख का बैंक ड्राफ्ट



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड विकास समिति, धनवंतरी नगर, जबलपुर द्वारा पंजाब बाढ़ पीड़ितों की सहायता हेतु एकत्रित राशि का (51 लाख रुपये) बैंक ड्राफ्ट कलेक्टर, जबलपुर को सौंपा गया। इस अवसर पर समिति के संरक्षक विक्रम गौतम, डॉ. अरुण मिश्रा, प्रदीप वाधवा, एडवोकेट रामकिशोर शिवहरे, रितेश सिंह, ओ.एन. मिश्रा, श्री गुप्ता सहित समिति के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समिति ने सभी सहयोगकर्ताओं एवं समाजसेवियों का आभार व्यक्त किया है, जिनके सहयोग से यह महान कार्य संभव हुआ।

### संभागीय श्रमिक खेलकूद प्रतियोगिता आज

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश श्रम कल्याण मंडल भोपाल द्वारा श्रमिकों की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली संभागीय श्रमिक खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत जबलपुर संभाग की श्रमिक खेलकूद प्रतियोगिता 25 सितम्बर को रांझी खेल मैदान, जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज के पीछे गोकलपुर रांझी में होगी। इसमें जबलपुर संभाग के कारखानों, स्थापनाओं में कार्यरत लगभग 800 श्रमिक खिलाड़ी भाग लेंगे। मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी सुनील जैन ने बताया कि श्रमिक खेलकूद प्रतियोगिता प्रातः 08 बजे से प्रारंभ होकर शाम 06 बजे तक चलेगी। प्रातः 8.30 बजे उद्घाटन व शाम 5.30 बजे पुरस्कार वितरण होगा। प्रतियोगिता में जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, मंडला, सिवनी, बालाघाट एवं छिंदवाड़ा जिले के औद्योगिक संस्थाओं, स्थापनाओं, हॉस्पिटल, होटल, शोरूम आदि के 800 से अधिक श्रमिक कर्मचारी हिस्सा लेंगे।

## श्री श्री दुर्गा उत्सव समिति की झांकी "द हॉरर ट्रैन" रहस्य और रोमांच से भरी



**जबलपुर।** माँ दुर्गा के पावन पर्व पर श्री श्री दुर्गा उत्सव समिति, यादव कॉलोनी इस वर्ष अपनी 32वीं वर्षगांठ मना रही है। इस विशेष अवसर पर समिति ने भक्तों और दर्शकों को एक अद्भुत अनुभव देने का प्रयास किया है। समिति द्वारा इस बार प्रस्तुत की गई झांकी का नाम है "द हॉरर ट्रैन", जो पूरी तरह से रहस्य और रोमांच से भरी हुई है। समिति के अध्यक्ष रंजीत पटेल ने बताया कि इस वर्ष की झांकी का आधार पश्चिम बंगाल का दमदम स्टेशन है, जिसे भारत के सबसे रहस्यमयी और भूतिया स्टेशनों में गिना जाता है। झांकी में इस स्टेशन की भयावहता और रहस्य को सजीव कला और आधुनिक तकनीक के माध्यम से दर्शाया गया है, ताकि दर्शक झांकी का अनुभव करते हुए रोमांचित और विस्मित महसूस करें। समिति के अन्य प्रमुख सदस्य, जिनमें संदीप पाठक, सोनू अग्रवाल, राहुल मिश्रा, राम पटेल, विन्नु शर्मा, अनिकेत चौरसिया, चिन्मय जोशी, आशीष शर्मा, राहुल पटेल, शरद पटेल, शेंकी पटेल, समर्थ मिश्रा, मयूर पटेल, राकेश पटेल, आकाश गुप्ता, राहुल कनोजिया आदि शामिल हैं, इस झांकी के निर्माण में सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

## नगर निगम आउटसोर्स कर्मचारियों को वेतन देने महापौर, निगमायुक्त ने दिए निर्देश



**जबलपुर।** नगर निगम जबलपुर में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों ने अजाक्स संघ एवं नगर निगम अधिकारी, कर्मचारी संघ को अपने वेतन चार-पांच माह से भुगतान नहीं किए जाने के संबंध में अपनी परिस्थिति बताई, इस दौरान संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा एवं संघ के पदाधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू एवं निगम अध्यक्ष रिंकु विज एवं आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार से चर्चा की जिस पर महापौर एवं निगमायुक्त ने संबंधित वित्त अधिकारी प्रशांत गोंटिया को तत्काल वेतन भुगतान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अजाक्स के अध्यक्ष अमित मेहरा, अक्षय कोरी, मन्नू पटेल, जगदीश नन्हेट, गुलशन जबलपुरी, कृष्णकांत रावत, राजेन्द्र मेहरा, आनंद राव सहित समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।



## रामलीला गढा: सिद्ध मंच में हुआ राम विवाह एवं मंथरा कैकई संवाद लीला का मंचन

**जबलपुर।** श्री रामलीला समिति गढा.जबालीपुरम में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के धनुष तोड़ने के उपरांत महाराज जनक ने चक्रवर्ती सम्राट दशरथ को बारात लेकर जनकपुरी बुलाया। श्री राम का विवाह भगवान शंकर के धनुष भंग होने के अधीन था परंतु धनुष भंग होने के साथ-साथ भरत, शत्रुघ्न एवं लक्ष्मण का विवाह भी संपन्न हुआ। महाराज दशरथ जनकपुरी पहुंचे तो विश्वामित्र जी ने जनक जी के आचार्य श्री सतानंद से शेष तीनों राजकुमारियों के विवाह का प्रस्ताव भी रखा। इस प्रकार सीता का विवाह श्री राम जी से, मांडवी का विवाह भरत जी से, उर्मिला का विवाह लक्ष्मण जी से एवं श्रुति कीर्ति का विवाह शत्रुघ्न से संपन्न हुआ। पांव पखरई कार्यक्रम में लेखराज सिंह मुन्ना भैया, स्थाई सदस्य सीताराम दुबे, डॉक्टर अखिलेश गुमास्ता, पार्षद प्रिया संजय तिवारी, पूजा श्रीराम पटेल, मंडल अध्यक्ष प्रणय गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लेकर भगवान राम व सीता मैया का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस वर्ष श्रीमती पूजा सतीश कोष्टा ने शक्ति के अभिनय करताओं को वस्त्र,आभूषण और मुकुट दान किए। समिति के संचालक अशोक मनोध्याय, अध्यक्ष राकेश पाठक, महामंत्री लोकराम कोरी, निर्देशक राजेश मिश्रा, रमाशंकर कटारे, राजेंद्र प्यासी, शरद दुबे कुररिया, उमाशंकर मिश्रा, हरीश मनोध्याय, आदि पदाधिकारी स्थाई एवं आजीवन सदस्यों ने पांव पखरई कर भगवान राम का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके उपरांत मंथरा कैकई संवाद की रोचक लीला का मंचन हुआ। जनक, कैकई, मंथरा एवं दशरथ के अभिनय कर्ता नितिन पटेल, राजेश परोहा,श्याम मिश्रा एवं मोती शिवहरे के अभिनय की सभी ने मुग्ध कंठ से सराहना की।आज गुरुवार को कैकई दशरथ संवाद, राम वन गमन, निषाद प्रसंग एवं केवट संवाद की रोचक लीला का मंचन होगा समस्त भक्त जनों से अनुरोध है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर लीला का आनंद लें।

## स्वच्छता पखवाड़ा पर स्वच्छता बनाये रखने का संकल्प दिलाया

**जबलपुर।** स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाए जाने वाले अभियान के क्रम में, संभाग क्रमांक 11 के वार्ड क्रमांक 65 में वार्ड पार्षद श्याम कनौजिया के नेतृत्व में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वार्ड के समर्पित सफाई मित्रों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद श्री कनौजिया ने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सफाई मित्र समाज की रीढ़ हैं, जो स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाए रखने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से स्वच्छता की



शपथ दिलवाई और सभी को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प दिलवाया। इस दौरान सफाई मित्रों को उनकी सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी गई तथा उन्हें अपने कार्य के दौरान व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों (पॉवर/मास्क, दस्ताने आदि) का नियमित उपयोग करने की समझाइश दी गई।

### सामाजिक कुरीतियों पर व्याख्यान संपन्न

**जबलपुर।** सेवा पखवाड़ा के अवसर पर पीडी अंजुमन इस्लामिया महिला महाविद्यालय में सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूकता से संबंधित व्याख्यान का आयोजन 23 सितम्बर को प्राचार्य डॉ. शबाना अंजुम एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सुधा भोला एवं राशिदा तबस्सुम के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## बर्फानी सिक्यूरिटी का ठेकेदार सफाई कर्मचारियों को नहीं दे रहा वेतन!

### भारतीय सफाई मजदूर संघ ने पुलिस कप्तान से की शिकायत



**जबलपुर।** भारतीय सफाई मजदूर संघ मप्र ने पुलिस कप्तान को ज्ञापन देकर बताया कि बर्फानी सिक्यूरिटी सर्विसेस का ठेकेदार रितेश टंडन काम कराने के उपरांत भी कर्मचारियों को वेतन नहीं दे रहा है, जिस पर कार्यवाही की जाए। बताया गया रितेश टंडन अपने ही नियम व शर्तों का उल्लंघन कर हम सफाई कर्मचारियों को निर्धारित वेतन से कम वेतन देता था, पूछने पर अभद्र व्यवहार और काम से निकालने की धमकी देता था। जून, जुलाई, अगस्त माह का वेतन काम के उपरांत भी नहीं दिया गया, हमने नगर निगम आयुक्त को वेतन प्राप्ति के लिए ज्ञापन दिया, तो रितेश टंडन हमें प्रताड़ित कर जातिसूचक शब्दों से अपमानित कर रहा है और अपनी पहचान बड़े-बड़े नेताओं और अधिकारियों से होने की बात कर कह रहा है कि कोई मेरा बाल भी बांका नहीं कर सकता, तुम नीच लोग मेरा क्या कर लोगे। अतः आपसे निवेदन है कि रितेश टंडन पर कार्यवाही कर हमें वेतन दिलाकर हमारी रक्षा की जाए। ज्ञापन देते समय अमर ग्रावकर, रंजीत समुद्रे, राजेश कछवाहा, सविता मोगरे, रेनु, प्रदीप, विकास, कार्तिकेय, राजकुमार, अजीत, रंजीत कुमार, मनको रान, जानकी बाई, रजनी मुठेल, सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे।



### कजरवारा में हुई विख्यात महाकाली की स्थापना

**जबलपुर।** जबलपुर के कजरवारा स्थित श्री महाकाली उत्सव समिति भीटा के द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी विख्यात कजरवारा की महाकाली को विराजमान किया गया। सर्वप्रथम बड़े ही धूमधाम से शोभायात्रा के माध्यम से ढोल, नगाड़े, डीजे, पुष्प वर्षा के साथ सड़क मार्ग से स्थापना स्थल तक माता रानी महाकाली को लाया गया जिसमें पूरा गांव सहित आजू-बाजू ग्रामीण क्षेत्र से श्रद्धालुओं ने स्वागत अभिनंदन किया। श्री महाकाली उत्सव समिति भीटा के आयोजनकर्ताओं ने सभी भक्तजन श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि प्रतिदिन स्थापना स्थल पर पहुंचकर आरती में सम्मिलित हों एवं महाकाली का आशीर्वाद प्राप्त करें। महाकाली के स्वागत आगमन शोभायात्रा में क्षेत्रीय पार्षद कृष्णा चौधरी, संरक्षक मंतो पहलवान, समिति अध्यक्ष अविनाश चौधरी, संगठन मंत्री आनंद चौधरी, विवेक जसेले, शशि जसेले, नकुल गुप्ता, आशीष चौधरी, संतोष यादव, संतोष रजक, डॉक्टर अशोक यादव, विनय, अंकुश चौधरी, पवन रजक एवं समिति के अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/780/अ-6/2025-26
**आम इश्तहार**
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अजय कुमार बैनर्जी S/o स्व. सुनील कुमार बैनर्जी निवासी-2180 निर्मल चंद जैन वार्ड कंचनपुर ने नजूल ब्लाक नं.- प्लाट नं.- निर्मित रकवा/ रकवा 2700 व.फु./ अवि. हिस्सा- व.फु./ हे. विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक- 26/02/1996 मृत्यु दिनांक- को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र- खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।
प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं.- प्लाट नं.- निर्मित रकवा/ रकवा-2700 व.फु./ अवि. हिस्सा- व.फु.हे. / ग्राम -भडपुरा प.ह.नं.-22 खसरा नं.-52/1/8 रकवा-2700 व.फु./ हे. के नाम दर्ज है।
अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 06/10/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
इश्तहार आज दिनांक 17/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक-17/09/2025
पेशी दिनांक-06/10/2025
मुद्रा
तहसीलदार
रांझी, जबलपुर

**नाम सुधार**
मैं, सुनिता चौधरी पत्नी श्री कमोद सिंह चौधरी उम्र 44 वर्ष निवासी ग्राम पलादेवरी, तहसील सोहागपुर, जिला होशंगाबाद (नर्मदापुरम) पोस्ट आफिस-बाहरनपुर, पिन कोड-461668 मध्य प्रदेश आधार कार्ड संख्या 6061 8329 9257। मुझ शपथकर्ती का नाम भारतीय सेना के दस्तावेजिक रिकार्ड में सुनिता बाई दर्ज हो गया है जो कि गलत व असत्य नाम है। मुझ शपथकर्ती के आधार कार्ड के अनुसार मेरा सही व सत्य नाम सुनिता चौधरी है। सुनिता बाई एवं सुनिता चौधरी दोनों ही नाम की मै एक मात्र महिला हूँ। अत: मेरा नाम भारतीय सेना के दस्तावेजिक रिकार्ड एवं अन्य सभी दस्तावेजों में सुनिता चौधरी दर्ज करे एवं भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जावे। शपथ पत्र दिनांक - 24/09/2025 समक्ष पब्लिक नोटरी महोदय रामदास शर्मा मप्र उच्च न्यायालय जबलपुर मप्र।
सही नाम- सुनिता चौधरी
गलत नाम-सुनिता बाई

**CHANGE OF NAME**
I, **RAKESH KUMAR** is legally Father of No **15437918X** Rank **NK** Name **HEMENDRA PRATAP SINGH** presently, residing at **VILL-FATEHGANJ EAST, PO- FATEHGANJ EAST, TEH-FARIDAPUR, DISTT-BAREILLY (UTTAR PRADESH)-24356** I, have changed of my name from **RAKESH KUMAR YADAV** (Name as per my SON, Army service records) to **RAKESH KUMAR** (name as per my **AADHAR CARD**) vide affidavit dated **24/09/2025** formerly before Public Notary JABALPUR (MP)
CORRECT NAME
RAKESH KUMAR
INCORRECT NAME
RAKESH KUMAR YADAV

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्रां क्रं-स.अधि./13/मुख्यालय/2025-26/एम/125
दिनांक:- 23/09/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति हरलीन कौर कोहली पति श्री मंदीप सिंह कोहली ने मकान नं. 834/P 597/1 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान खुली भूमि-405 व.फु. विक्रय प्रमाण पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्रां क्रं-स.अधि./13/मुख्यालय/2025-26/एम/124
दिनांक:- 23/09/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति राजवी महिधर पति श्री चेंतन महिधर ने मकान नं. 314 TO 316 शॉप नं. 07 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 344.8 व.फु. विक्रय प्रमाण पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

# आचार्य बालकृष्ण विश्व रैंकिंग में शीर्ष 2 फीसदी वैज्ञानिकों की सूची में पुनः सम्मिलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

आचार्य बालकृष्ण को अमेरिका के प्रतिष्ठित स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के शोध समूह और विश्वप्रसिद्ध प्रकाशक एल्सेवियर द्वारा जारी विश्व के शीर्ष 2 फीसदी वैज्ञानिकों की सूची में पुनः सम्मिलित किया गया है।

इस उपलब्धि की ऐतिहासिक पुनरावृत्ति, आचार्य बालकृष्ण के लिए व्यक्तिगत रूप से ही नहीं, अपितु पतंजलि, आयुर्वेद एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष के लिए हर्ष का विषय है। भारत के सनातन ज्ञान को साक्ष्य-आधारित वैज्ञानिक दृष्टिकोण के धरातल पर प्रमाणित कर, आचार्य बालकृष्ण ने सिद्ध कर दिया है कि अगर प्रबल इच्छाशक्ति हो तो कोई भी कार्य असंभव नहीं है। उनके द्वारा किए गए शोध कार्य, विश्व भर के वैज्ञानिकों के लिए प्राकृतिक जड़ी-बूटियों से जुड़ें भविष्य के शोध कार्यों के लिए मार्ग प्रशस्त करेंगे। आचार्य की अनुसंधानीय एवं आयुर्वेदिक कार्यों में गहन विशेषज्ञता एवं उनके गतिशील मार्गदर्शन से प्रेरणा लेकर 300 से अधिक शोध लेखों का प्रकाशन अंतरराष्ट्रीय रिसर्च जर्नल्स में किया गया है। आचार्य जी के सतत निर्देशन में पतंजलि द्वारा 100 से अधिक साक्ष्य-आधारित आयुर्वेदिक औषधियों को विकसित किया गया है, जिससे जनमानस को आयुर्वेदिक औषधियों का एक सुगम एवं एलोपैथिक दवाइयों का दुष्प्रभाव रहित विकल्प उपलब्ध हुआ है।




**आयुर्वेद का शंखनाद, पुनः गुंजायमान, स्वर्णिम क्षण की ऐतिहासिक पुनरावृत्ति**

### विश्वभर के वैज्ञानिक समूहों द्वारा सराहा गया

*योग और आयुर्वेद पर 120 से अधिक पुस्तकों और 25 से अधिक अप्रकाशित प्राचीन आयुर्वेद पांडुलिपियों का लेखन उनके आयुर्वेद के प्रति आस्था एवं समर्पण का परिणाम है। प्राकृतिक जड़ी - बूटियों को हर्बल एनसाइक्लोपीडिया के माध्यम से सूचीबद्ध कर भविष्य की वैज्ञानिक पीढ़ी को एक समग्र कोष प्रदान करने की उनकी दूरदृष्टि को विश्वभर के वैज्ञानिक समूहों द्वारा सराहा गया है। विश्व के अनेक देशों की प्रचलित पारम्परिक चिकित्सा पद्धतियों को एक सूत्र में पिरोकर, उत्तराखंड के मालागांव स्थित हर्बल वर्ल्ड के माध्यम से जनमानस के समक्ष प्रस्तुत कर आचार्य ने इसे एक ज्ञानवर्धक स्वरुप दिया है, जोकि आगंतुकों के मध्य जागरूकता जगा रहा है।*

### विश्व के शीर्ष वैज्ञानिकों में सम्मिलित किया जाना इस बात का प्रमाण- आयुर्वेदिक ज्ञान में अपार संभावनाएं

*इस अवसर पर योगऋषि स्वामी रामदेव ने कहा कि आचार्य बालकृष्ण ने न केवल आयुर्वेद को वैज्ञानिक प्रमाणों के साथ स्थापित किया है, बल्कि विश्वभर के शोधकर्ताओं के लिए आयुर्वेद में शोध के नए द्वार भी खोले हैं। उन्होंने आगे कहा कि विश्व के शीर्ष वैज्ञानिकों में सम्मिलित किया जाना इस बात का प्रमाण है कि प्राकृतिक जड़ी-बूटियों और सनातन आयुर्वेदिक ज्ञान में अपार संभावनाएं छिपी हैं। स्वामी ने इसे भारत की अनुसंधान क्षमता और वैश्विक नेतृत्व की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। इस अवसर पर पतंजलि के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने कहा कि यह हम सबका सौभाग्य है कि हमें आचार्य के सानिध्य में कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ है।*

## हीरो ने लांच किया नया हीरो डेस्टिनी 110 स्कूटर



नई दिल्ली। हीरो मोटोकॉर्प ने मार्केट में नया डेस्टिनी 110 स्कूटर लांच कर दिया है। ये स्कूटर 2 वेरिएंट्स वीएक्स और जेएक्स में पेश किया है, जिनकी कीमत 72,000 रुपए और 79,000 रुपए रखी गई है। डेस्टिनी 110 दिखने में डेस्टिनी125 जैसा है, जिसमें एच-शेप्ड एलईडी डीआरएल और एलईडी टेललैंप शामिल हैं। स्कूटर का चौड़ा फ्लोरबोर्ड और लंबी सीट सवारी के लिए डिजाइन की गई है। कलर ऑप्शन में वीएक्स में ग्रे, ब्लू, व्हाइट औरजेएक्स में ग्रे, ब्लू, रेड शामिल हैं। इंजन की बात करें तो इसमें 110.9 सीसी का इंजन है, जो 8.1 बीएचपी पावर और 8.87 एनएम टॉर्क जेनरेट करता है।

## मिलावटखोरों ने कुट्टू आटा, साबूदाना सहित सेंधा नमक को भी नहीं बख्शा

# मिलावट का दंश : देसी घी 600 रुपए के पार मगर पूजा का घी 350 रुपए किलो

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

शारदीय नवरात्रि की शुरूआत के साथ ही बाजारों में मिलावटखोर भी सक्रिय हो गए हैं। घर-घर खाने में इस्तेमाल होने वाला देसी घी बाजार में 600 रुपए किलो के पार बिक रहा है लेकिन पूजा का घी 350 रूपए किलो है। इस घी को भी देशी घी बताकर बेचा जाता है। जो की राजधानी के बाजारों में कई नामों से 200 ग्राम लेकर एक किलो तक के पैक में बिक रहा है। जिसकी सर्वाधिक खपत मंदिरों के आसपास व ग्रामी क्षेत्र में सर्वाधिक है। अक्सर लोग बाजार में घी की पहचान उसकी महक से तय करते हैं कि वो असली है, लेकिन अब ऐसा नहीं है। बाजारों में नकली घी धड़ल्ले से बिक रहा है और हैरानी की बात ये कि लोग उसे बड़े भरोसे के साथ खरीद रहे हैं। सबसे ज्यादा गोलमाल पूजा का घी बताकर बेचे जाने वाले घी में हो रहा है। इस तरह का घी हरी दर्शन, लक्ष्मी, ग्वाला आदि नामों से बेचा जा रहा है। कारोबारियों के मुताबिक यह माइल्ड फाइल्ड होता है। जो कि न देशी घी की गिनती में आता है और न ही वनस्पति घी की गिनती में आता है। धार्मिक कार्यों में देशी घी, सरसों तेल व तिल के तेल का प्रयोग किया जाता है। ऐसे में देशी घी के नाम पर जो पूजा का घी बताकर बेचा जा रहा है, वह पूरी तरह से मिलावटी है।



### टीम ने कुल राजधानी भोपाल से कई नमूने लिए

*मिलावटखोरों ने व्रत के दौरान खाई जाने वाले फलाहारी थाली को भी मिलावटखोर नहीं बख्श रहे हैं। पूर्व में सेंधा नमक, कुट्टू आटा, साबूदाना आदि में मिलावट पकड़ी जा चुकी है। पिछले नवरात्रों में खाद्य औषधि सुरक्षा प्रशासन की टीम ने कुल राजधानी भोपाल से कई नमूने लिए थे। जिसमें से अधिकांश अधोमानक व असुरक्षित श्रेणी में आए। इनमें मूंगफली, मखाना, सिंघाड़ा आटा, कुट्टू आटा शामिल है।*

### भोपाल में बहुत ही कम है कुट्टू के आटे की मांग

*राजधानी के जुमेराती बाजार स्थित सूखा मेवी आइटम विक्रेता फर्म के संचालक बताते है कि राजधानी भोपाल में कुट्टू आटे की डिमांड और खपत बहुत ही कम*

### मिलावटी वस्तुएं शरीर के लिए हानिकारक



यह इस बात पर निर्भर करता है कि कुट्टू के आटे में किन चीजों की मिलावट की गई है। मिलावट के अलग-अलग प्रकार शरीर पर अलग असर डाल सकते हैं। जैसे अगर आटे में खराब क्वालिटी का आटा मिलाया गया है तो पेट में दर्द, उल्टी, मतली और डायरिया जैसी समस्याएं हो सकती हैं। वहीं अगर कुट्टू के आटे में गेहूं, बेसन या अन्य अनाज मिलाए गए हैं तो इससे पेट फूलने, गैस, अपच और कब्ज जैसी समस्याएं पैदा हो सकती है।

**डॉ. जीआर अड़लक**
डायरेक्टर, गायत्री मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल भोपाल

### दुकानों का निरीक्षण कर सैंपलिंग की कार्रवाई जारी है



नवरात्र के दौरान मिलावटी कुट्टू आटा बेचने वालों के खिलाफ खाद्य एवं औषधि सुरक्षा प्रशासन का मैदानी अमला कड़ी निगरानी रखे हुए है। और इस पर शिकंजा कसा गया है। मिलावट रोकने के लिए विभिन्न त्यौहारी सीजन में प्रशासन द्वारा विशेष अभियान भी चला जा रहा है और दुकानों का निरीक्षण कर सैम्पलिंग की कार्रवाई जारी है।

**डीके वर्मा**
सीनियर डीओ , फूड सेफ्टी ऑफिसर भोपाल

### मुनाफाखोरी और मिलावट यह दोनों ही है घोर जघन्य अपराध



नवरात्रि या अन्य कोई भी पर्व हो श्रद्धालु भगवान की उपासना में व्रत रखते है ऐसे वक्त में मुनाफाखोरी और मिलावट यह घोर जघन्य अपराध है। ऐसे व्यापारी को गिरफ्तार कर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत आजीवन कारावास की सजा होनी चाहिए। आम लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ करने की इजाजत किसी को भी नहीं देना चाहिए। सरकार को भी समय रहते दुकानों की रूटीन चेकिंग करते रहना चाहिए, जिससे दुकानदारों को मुनाफाखोरी और मिलावट का मौका ना मिल पाए

**समीर भार्गव**, अध्यक्ष, थोक अनाज व्यापार संघ सिरोंज

### मिलावटियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए



नवरात्रि जैसे पावन पर्व पर मिलावटखोरों द्वारा मुनाफाखोरी करने की मिलावटी व्रत और पूजन सामग्री बिक्री करने के मामलों में एकदम से बढ़ोत्तरी हो जाती और प्राशासन भी ढुलमुल रवैया अपनाता है । प्रशासन के मैदानी अमला पूरी मुस्तैदी के साथ ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करें। जो लोग जनता की धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ करते हैं। उन्हें न सिर्फ आर्थिक दंड लगाया जाना चाहिए बल्कि कठोर कारावास भी होना चाहिए।

**हरीश चोइथानी** , महासचिव, 10 नं. मार्केट व्यापारी संघ

### मिलावटी व्रत और पूजन सामग्री बेचना अत्यंत निंदनीय और अमानवीय कृत्य



नवरात्रि जैसे पावन पर्व पर श्रद्धालुओं की आस्था से खिलवाड़ करते हुए मिलावटी कुट्टू का आटा और अन्य व्रत-पूजन सामग्री बेचना अत्यंत निंदनीय और अमानवीय कृत्य है। यह केवल उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर वार नहीं, बल्कि उनकी धार्मिक भावनाओं के साथ भी विश्वासघात है। कैट मांग करता है कि दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई हो, ऐसे कृत्य व्यापरियों की साख भी खराब करते हैं कार्यवाही इसलिए अवश्यक है ताकि भविष्य में कोई भी व्यापारी मुनाफाखोरी के लिए ऐसी हरकत करने का साहस न कर सके। साथ ही सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि व्रत एवं पूजा से जुड़ी वस्तुओं की नियमित जांच और निगरानी की जाए, जिससे उपभोक्ता सुरक्षित और निश्चिंत रह सकें।

**धर्मेंद्र शर्मा** जिला अध्यक्ष कैट, भोपाल

# ओला इलेक्ट्रिक ने शुरू किया ओला सेलिब्रेट्स इंडिया कैंपेन

## मुहूर्त महोत्सव में ईवी अब सिर्फ 49,999 रुपए से उपलब्ध

**जबलपुर।** ओला इलेक्ट्रिक ने फेस्टिव सीज़न को ध्यान में रखते हुए नया कैंपेन, ओला सेलिब्रेट्स इंडिया शुरू किया है। इस कैंपेन के तहत कंपनी ने ओला मुहूर्त महोत्सव पेश किया है, जिसमें एस1 स्कूटर्स और रोडस्टर एक्स मोटरसाइकिलें अब पहले कभी न देखे गए दामों पर उपलब्ध होंगी, जिसकी शुरुआती कीमत 49,999 रुपए रखी गई है। यह ऑफर 23 सितंबर से 9 दिनों तक जारी रहेगा। ओला मुहूर्त महोत्सव के तहत ग्राहक अब हर दिन ओला की स्कूटर्स और मोटरसाइकिलें बेहद खास दामों में खरीद सकते हैं। इस महोत्सव में एस1 एक्स 2 केडब्ल्यूएच और रोडस्टर एक्स 2.5 केडब्ल्यूएच की कीमत 49,999 रुपए रखी गई है, जबकि एस1 प्रो + 5.2 केडब्ल्यूएच और रोडस्टर एक्स + 9.1 केडब्ल्यूएच की कीमत 99,999 रुपए है। दोनों ही मॉडल्स में 4680 भारत सेल बैटरी पैक दिए गए हैं।कंपनी इन कीमतों पर एस1 और रोडस्टर की सीमित यूनिट्स 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर उपलब्ध कराएगी और हर दिन ब्रांड के सोशल मीडिया हैंडल पर मुहूर्त के स्लॉट्स घोषित किए जाएँगे। ओला इलेक्ट्रिक के प्रवक्ता ने कहा, "ओला सेलिब्रेट्स इंडिया के जरिए हम प्रगति, संस्कृति और पहुँच को एक साथ ला रहे हैं, जो इस फेस्टिव सीज़न की भावना के साथ बखूबी मेल खाती है। मुहूर्त महोत्सव सिर्फ पहले कभी न देखे गए दामों के बारे में नहीं है, बल्कि यह हर भारतीय घर तक वर्ल्ड-क्लास ईवी पहुँचाने और इस साझा विश्वास का जश्न मनाने पर भी आधारित है कि भारत की आधुनिकता उसकी अपनी पहचान में निहित होनी चाहिए। यह कैंपेन हमारे इस संकल्प को दर्शाता है कि हम भारतीय तरीके से प्रगति को फिर से परिभाषित करना चाहते हैं।




## कुरकुरे ने पूरे किए 25 साल, 'ज्वार पफ्स' पेश

**नई दिल्ली।** पेप्सिको इंडिया का मशहूर देसी स्नैक ब्रांड कुरकुरे अपनी 25वीं सालगिरह मना रहा है। इस खास अवसर पर ब्रांड ने 'कुरकुरे ज्वार पफ्स' पेश किए हैं। इसी के साथ कुरकुरे ने बेहतरीन स्वाद और एक्साइटमेंट की पावर को साथ लाते हुए भारत की मिलेट-बेस्ड स्नैकिंग कैटेगरी में कदम रख दिया है।

## केनस्टार ने उतारे नए 5-स्टार वाटर हीटर्स

**नई दिल्ली।** होम अप्लायंसेज ब्रांड्स में से एक केनस्टार ने वॉटर हीटर्स की अपनी नई रेंज लांच की है। आधुनिक भारतीय घरों के लिए डिजाइन किए गए ये वॉटर हीटर्स न सिर्फ पानी को तेजी से गरम करते हैं, बल्कि ज्यादा आउटपुट देते हैं और बिजली की बचत भी सुनिश्चित करते हैं। लांच के साथ ही केनस्टार ने अपना नया कैंपेन बाथ बन जाए पेश किया है। नई रेंज स्विरलहीट टेक्नोलॉजी से लैस है। जो 20 फीसदी ज्यादा गर्म पानी है। हाई-डेंसिटी पीयूएफ इंसुलेशन की वजह से हॉटहाट 10 फीसदी अधिक समय तक बना रहता है और बिजली की सुविधा कम होती है।

## बीएमडब्ल्यू वेंचर्स का आईपीओ आज खुलेगा

**मुंबई।** बीएमडब्ल्यू वेंचर्स लिमिटेड ने अपनी आईपीओ 24 सितंबर 2025 को खोलने जा रहीं है। इस आईपीओ के जरिए कंपनी 231.66 करोड़ जुटाने का लक्ष्य रख रही है, और इसके शेयर एनएसई और बीएसई पर सूचीबद्ध होंगे। बीएमडब्ल्यू वेंचर्स लिमिटेड के चेयरमैन एवं होल टाईम डायरेक्टर श्री विजय कुमार किशोरपुरिया ने कहाकि पिछले तीन दशकों में, बीएमडब्ल्यू वेंचर्स लिमिटेड ने व्यापार, वितरण और निर्माण के क्षेत्र में निरंतर अपने विस्तार को सुनिश्चित किया है।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें :- 8335914373 (रायपुर /11/ अक्टूबर/25)

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
**हरिभूमि वैवाहिकी**
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**छोटा लिंग निराश क्यों?**
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

**हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें**
**मों. 9340637789**

## भारत-यूएई रक्षा साझेदारी को बढ़ावा

# सीआरपीएफ को मिलेंगी आईकॉम-काराकल की 'मेक इन इंडिया' स्नाइपर राइफलें

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच रक्षा सहयोग लगातार मजबूत हो रहा है। इसी कड़ी में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ ) को अत्याधुनिक सीएसआर 338 स्नाइपर राइफलें मिलने जा रही हैं। इसके लिए यूएई की हथियार निर्माता कंपनी काराकल और भारत की आईकॉम टेली लिमिटेड (मेघा इंजीनियरिंग एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड समूह की इकाई) के बीच ऐतिहासिक अनुबंध हुआ है। अनुबंध के तहत 200 सीएसआई338 स्नाइपर राइफलों का निर्माण और आपूर्ति हैदराबाद स्थित आईकॉम-काराकल स्मॉल आर्म्स कॉम्प्लेक्स से की जाएगी। अप्रैल 2025 में शुरू हुई यह यूनिट भारतीय बलों की जरूरतों के साथ-साथ वैश्विक निर्यात को भी पूरा करने के उद्देश्य से स्थापित की गई थी।



### यह समझौता 'मेक इन इंडिया' पहल और भारत यूएई रक्षा सहयोग में एक मील का पत्थर

*काराकल के सीईओ हमद अल-अमेरी ने कहा कि यह समझौता 'मेक इन इंडिया' पहल और भारत-यूएई रक्षा सहयोग में एक मील का पत्थर है। वहीं, आईकॉम निदेशक सुमंत पाटुरु ने इसे स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को मजबूत बनाने की दिशा में बड़ी सफलता बताया। सीएसआर 338 स्नाइपर राइफल अपनी सटीकता और विश्वसनीयता के लिए जानी जाती है। कठिन परिस्थितियों में भी हाई-परफॉर्मेंस देने वाली यह राइफल जल्द ही iआरपीएफ के बेड़े में शामिल होगी। इसके पहले लॉट की डिलीवरी 2025 के अंत तक होने की संभावना है।*

## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

**कन्या** — नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**मकर** — आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

**मीन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता

## शब्द पहेली - 5999



**बाएँ से दाएँ**
1.महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य-5
4.आज्ञापत्र, पतंगा-4
7.शरीर, बदन-2
8.होशियार, हुनरमंद-3
9.नस, नाड़ी-2
10.तीर रखने का पात्र-4
11.गधा, गर्दभ-2
13.जो बंदी हो-3
14.पत्नी, भार्या-2
15.दृष्टि, निगाह-3
17.खैरात, दक्षिणा-2
19.अपने ही घर में कैद होना-5
22.भाग्यवाला-5
25.जी, इच्छा-2
26.तन, काया-3
28.दुनिया, संसार-2
29.वेतन-3
30.भीगा हुआ-2
32.सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी-4
34.परिणाम,हल,फ्रूट-2
36.सचेग-3
37.राजकपूर,नरगिस की फिल्म-2
38.चाणक्य के समय मगध की राजधानी-4
39.निरस्त करना-2,3

**ऊपर से नीचे**
1.आमिर,मनीषा कोइराला की फिल्म-2
2.रवि, सूर्य-3
3.तमाशा देखनेवाले-5
4.परीक्षण,जांच-3
5.सप्ताह का दिन-2
6.जो नापसंद हो (उर्दू-4)
7.गोविंदा व खुशबू की फिल्म-2,3
10.भाग्य,किस्मत-4
12.क्रिकेट में बनते हैं-2
16.नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म -3
17.खुजली-2
18.रस्सी पर अपराधी को लटकाना-2
20.आवश्यक-3
21.कैदी, बंधक-2
22.इसाई साध्वी-2
23.बालकपन-4
24.असावधान-5
25.महासमुद्र-5
26.सज्जनता, भद्रता-4
27.अभिषेक की फिल्म-2
31.मुद्दा (उर्दू-3)
33.वाचन करनेवाला-3
35.उद्देश्य-2
37.आगमन,आने का भाव-2

**शब्द पहेली- 5998 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | थ | ल | पु | थ | ल | | मा | न | व | ता |
| त | न | | ल | | ल | म्बा | ई | | श | र |
| ग्र | | आ | क | र्ष | क | | न | स | | को |
| धि | क्का | र | ना | | | अ | | च | प | ल |
| का | | क्ष | | भा | गी | दा | र | | र | |
| र | म | ण | यो | ग्य | | व | ज | न | दा | र |
| | ह | | ग | फ | ल | त | | म | | ह |
| द | ल | ना | | ल | | | य | की | न | न |
| श | | का | व्य | | त | न | म | न | | स |
| ह | रा | | स | ला | मी | | रा | | रा | ह |
| ग्र | ह | ज | न | | ज | हा | ज | चा | ल | न |

## सूडोकु नवताल - 6009

* * * * * कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6008 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |



## डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# व्रत में जरूर करें फलाहार नहीं महसूस होगी कमजोरी

**मेरी उम्र 32 वर्ष है। व्रत के दौरान केवल दूध और पानी लेने पर कमजोरी महसूस होती है। कृपया बताएं कि अपने फलाहार में कौन-कौन सी चीजें शामिल करूं, ताकि ऐसी समस्या न हो?**

**-विजय, रोहतक**

व्रत के दौरान केवल दूध या पानी लेना पर्याप्त नहीं होगा। आपको फल लेने चाहिए, जिसमें केले जरूर खाने चाहिए। इसके साथ ही इसकी स्मूदी बनाकर खा सकते हैं, जिसमें कई और फल शामिल कर सकते हैं। साथ ही इसमें ड्राई फ्रूट्स भी डाल सकते हैं। यह आपको दिन में तीन से चार बार लेना चाहिए। केवल आलू भी ना खाएं, इससे कोई न्यूट्रिशन नहीं मिलेगा।



**मेरी उम्र 54 वर्ष है। पिछले कुछ हफ्तों से मेरी गर्दन के पिछले हिस्से में दर्द बना रहता है। कभी-कभी खड़े होने पर आंखों के आगे अंधेरा छा जाता है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है?**

**-साकेत, रायपुर**

आपके लक्षण सुनकर ऐसा लगता है कि आपको सर्वाइकल की दिक्कत हो सकती है, क्योंकि गर्दन दर्द के साथ चक्कर आना जैसी समस्याएं सर्वाइकल में होती हैं। बेहतर होगा कि एक बार आप ऑर्थोपेडिक डॉक्टर से संपर्क करें। वो एक्सरे कराकर पता लगाएंगे और उसका प्रॉपर ट्रीटमेंट शुरू होगा। इस बात का ध्यान रखें कि दवा से ज्यादा जरूरी नियमित एक्सरसाइज है, जो आपको फिजियोथैरेपिस्ट बताएंगे।

**मेरी उम्र 44 वर्ष है। पिछले दो हफ्तों से मुझे लगातार खांसी आ रही है। छाती में दर्द और भारीपन भी रहता है। कफ-सीरप और दवाएं लेने के बाद भी कोई राहत नहीं मिल रही। कृपया बताएं कि मुझे क्या करना चाहिए?**

**-शुभम, भोपाल**

दो हफ्ते से अधिक खांसी हो रही है तो आपको इसकी जांच करानी चाहिए। जैसा आप बता रहे हैं कि खांसी के साथ कफ भी आ रहा है, सो गौर करें कि कफ का रंग कैसा है, पीला है या सफेद रंग का कफ है। लेकिन फिलहाल आप मास्क लगाकर ही रहें और फ्रिज में रखी ठंडी डिशेज या पानी खाना-पीना बिल्कुल बंद कर दें। डॉक्टर से कंसल्ट करके ही सीरप या दवा लें। आपको एंटीबायोटिक की जरूरत पड़ सकती है।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरे पेट में बाईं तरफ हल्का-हल्का दर्द बना रहता है। भूख नहीं लगती है और कभी-कभी बुखार भी आ जाता है। कृपया मेरी इस समस्या का कारण और समाधान बताएं।**

**-कपिल, महेंद्रगढ़**

पेट में दर्द कई बार संक्रमण की वजह से होता है और भूख नहीं लगती है। अगर यह समस्या लंबे समय से हो रही है तो आप इसे इग्नोर ना करें और एक बार डॉक्टर से संपर्क करें। लेकिन उससे पहले आप अधिक तला-भुना खाना बिल्कुल बंद कर दें। कोशिश करें कि घर का बना खाना ही खाएं। खाने में दही जरूर शामिल करें। साथ ही सलाद दोपहर में खाएं। इससे आराम मिलेगा।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। बीते दिनों लगातार धूप में घर से बाहर निकलने की वजह से मेरी स्किन टैन हो गई थी। अभी तक वह टैनिंग बनी हुई है। कृपया मेरे स्किन की टैनिंग दूर करने का कोई उपाय बताएं।**

**-रितेश, बिलासपुर**

अगर आपको टैनिंग होती है यानी आपकी स्किन अधिक सेंसिटिव है तो मार्केट से कोई भी क्रीम लगाने से बेहतर है कि आप धूप में निकलने से बचें। अगर धूप में निकलना जरूरी हो तो छाता लेकर निकलें। इस तरह बचाव करना ही ठीक रहेगा। अगर बहुत ही जरूरी हो तो आप टैनिंग के लिए क्रीम का इस्तेमाल डॉक्टर से पूछकर ही कर सकते हैं। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

## स्पेशलः वर्ल्ड हार्ट डे-29 सितंबर

हाल के वर्षों में ओल्ड एज ही नहीं मिड और यंग एज के लोगों में भी हार्ट प्रॉब्लम्स काफी देखी जा रही है। इसीलिए इस वर्ष हार्ट डे की थीम भी रखी गई है-डोंट मिस ए बीट। यानी हमें हार्ट हेल्थ को लेकर जरा भी लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। कोई भी लक्षण दिखने या समस्या होने पर तुरंत डॉक्टर से कंसल्ट करें। इस बारे में आपको दे रहे हैं बहुत यूजफुल सजेशंस।

# डोंट मिस ए बीट हार्ट रहेगा हेल्दी

## डॉक्टर्स एडवाइस



डॉ. प्रदीप पोखरना
सीनियर कार्डियक वेस्कुलर सर्जन
कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर



दवर्ल्ड हार्ट फेडरेशन के अनुसार हृदय से संबंधित अधिकतर बीमारियां गलत जीवनशैली से संबंधित हैं। हाई ब्लड प्रेशर, हार्ट अटैक और अन्य हृदय रोगों का एक प्रमुख कारण गलत जीवनशैली ही है।

**हार्ट डिजीज के कारणः** दिल की बीमारियों का एक कारण आनुवंशिक भी होता है या फिर कुछ ऐसे रोग भी होते हैं, जिन्हें मेडिकल भाषा में कंजेनाइटल हार्ट डिजीज या जन्मजात हृदय रोग से संबंधित बीमारियां कहा जाता है। जैसे बच्चों के दिल का विकारग्रस्त होना या उनके दिल में छेद होना अथवा उनका रूमैटिक हार्ट फीवर से ग्रस्त होना आदि। बावजूद इसके, हृदय से संबंधित ज्यादातर बीमारियां गलत जीवनशैली का नतीजा होती हैं।

**कोरोनरी हार्ट डिजीज (सीएडी):** हार्ट अटैक का एक सबसे प्रमुख कारण मानी जाने वाली बीमारी कोरोनरी हार्ट डिजीज (सीएडी) या हृदय धमनी रोग है। अस्वास्थ्यकर जीवनशैली से संबंधित इस बीमारी के कारण दुनिया भर में हार्ट अटैक से सबसे ज्यादा मौतें होती हैं। सीएडी ऐसी मेडिकल स्थिति है, जिसमें अस्वास्थ्यकर जीवन शैली के कारण हृदय की धमनियों की आंतरिक दीवार पर प्लाक संचित हो जाती है। प्लाक को आप एक विशेष प्रकार की वसा या फैट कह सकते हैं। नतीजतन, हृदय को रक्त की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में नहीं हो पाती और इस स्थिति में हार्ट अटैक होने का अंदेशा बढ़ जाता है।

**कार्डियोवेस्कुलर डिजीजः** इसके अंतर्गत कोरोनरी आर्टरी डिजीज, हार्ट अटैक, हाई ब्लड प्रेशर और पेरिफेरल वेस्कुलर डिजीज (पैरों में शिराओं से संबंधित समस्या) आदि शामिल हैं।

**युवा वर्ग और सीएडीः** मध्य आयु (मिडिल एज) और बुजुर्गों के अलावा अब तो युवा वर्ग भी कोरोनरी आर्टरी डिजीज (हृदय धमनी रोग यानी सीएडी) का शिकार बन रहे हैं। इसका कारण यह कि युवक करियर प्रेशर से तनाव और डिप्रेशन की गिरफ्त में फंस जाते हैं। इसके अलावा तनावपूर्ण जीवनशैली, गलत खान-पान और नशे की लत भी युवाओं में सीएडी के मामले बढ़ा रही है। आनुवंशिक कारण को छोड़कर सीएडी के ज्यादातर कारणों की रोकथाम की जा सकती है। हाई ब्लड प्रेशर पर नियंत्रण रखकर सीएडी की रोकथाम की जा सकती है।



**डायबिटीज पर कंट्रोलः** जो लोग डायबिटीज से ग्रस्त हैं, उन्हें अपनी ब्लड शुगर यानी रक्त शर्करा को नियंत्रित रखना चाहिए। इसके लिए अपने डॉक्टर से परामर्श लें।

**सीएडी का ट्रीटमेंटः** सीएडी के इलाज के शुरुआती दौर में डॉक्टर मरीज को कोलेस्ट्रॉल कम करने वाली दवाएं देते हैं और इसके साथ ही रक्त को पतला करने वाली दवाएं यानी ब्लड थिनर्स दी जाती हैं।

**कब करते हैं एंजियोप्लास्टीः** हृदय के बाएं भाग में दो कोरोनरी आर्टरीज और दाहिने भाग में एक कोरोनरी आर्टरी होती है। धमनियों में संचित प्लाक के कारण ही धमनियों की आंतरिक दीवार में अवरोध उत्पन्न हो जाता है और ब्लड क्लॉट्स बनने लगते हैं, जिसके परिणामस्वरूप कोई एक धमनी या शेष अन्य धमनियां अवरुद्ध या ब्लॉक्ड हो सकती हैं। धमनियों के अवरोध को दूर करने के लिए एंजियोप्लास्टी की जाती है।

**कब जरूरी होता है स्टेंटः** कभी-कभी बैलून एंजियोप्लास्टी के बाद हृदय की धमनियों में प्लाक से हुआ अवरोध दूर तो हो जाता है, लेकिन कालांतर में कोरोनरी आर्टरी में अवरोध फिर से उत्पन्न हो सकता है, जिसे लंबे समय तक दूर रखने के लिए स्टेंट लगाया जाता है। स्टेंट धातु से निर्मित सूक्ष्म ट्यूब होता है और यह धातु की जाली जैसा दिखता है। इस स्टेंट को इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट धमनियों के अंदर डालते हैं। स्टेंट का मुख्य कार्य धमनियों के अवरोध को दूर करना है।

**स्टेंट लगने के बाद सावधानी बरतेंः** स्टेंट लगने के बाद व्यक्ति को डॉक्टर के परामर्श से रक्त पतला करने वाली दवाएं या ब्लड थिनर्स लेना चाहिए। दवा लेने में कोई लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। किसी भी समस्या के उत्पन्न होने पर मरीज को अपने डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए।

**कब करते हैं बाईपास सर्जरीः** अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के अनुसार संभावित बाईपास सर्जरी किए जाने के संदर्भ में कार्डियोवेस्कुलर सर्जन का परामर्श महत्वपूर्ण है। अगर तीनों कोरोनरी आर्टरी में लगभग 70% से ज्यादा ब्लॉकेज नहीं है तो एंजियोप्लास्टी की जाती है और यदि 70 प्रतिशत से ज्यादा अवरोध या ब्लॉकेज हैं, तब बाईपास सर्जरी की जरूरत पड़ सकती है, लेकिन बाईपास सर्जरी का निर्णय मरीज की शारीरिक स्थिति, उसकी उम्र और पारिवारिक स्थिति के मद्देनजर किया जाता है।



**वॉल्व की समस्याएं-समाधानः** हार्ट में मौजूद चार वॉल्वों में भी कभी-कभी विकार उत्पन्न हो जाते हैं। जैसे कि ये संकरे (नैरो) हो जाते हैं या फिर इनमें लीकेज होने लगता है। इस स्थिति में मरीज की सांस फूलने लगती है और उनके दिल की धड़कन अनियमित हो जाती है। ऐसे में वॉल्वोप्लास्टी तकनीक से वॉल्व से संबंधित संकरेपन का इलाज संभव है। जरूरत पड़ने पर विकारग्रस्त हो चुके वॉल्व का सर्जरी के जरिए कृत्रिम वॉल्व प्रत्यारोपण भी किया जा सकता है।

**हार्ट प्रॉब्लम्स से बचाव के उपायः** अब जानते हैं, उन उपायों को जिन पर अमल कर हार्ट को हेल्दी रखा जा सकता है।

**जरूरी है नियमित व्यायामः** यदि आप प्रतिदिन 30 मिनट तक व्यायाम करते हैं, तो इससे जहां वजन को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी वहीं कॉलेस्ट्रॉल की समस्या से बचाव संभव है। प्रत्येक व्यक्ति की उम्र और शारीरिक क्षमता अलग-अलग होती है। कौन-सा व्यायाम कितनी देर करना है, इन सब बातों के संदर्भ में फिटनेस एक्सपर्ट से परामर्श लें।

**जंक फूड्स से दूरीः** जंक फूड्स में वसा अधिक मात्रा में पाई जाती है। इनमें नमक भी प्रचुर मात्रा में होता है। इससे कालांतर में कोरोनरी आर्टरी डिजीज और हाई ब्लड प्रेशर की समस्या बढ़ती है। इसलिए जहां तक संभव हो ऐसे फूड्स से परहेज करें या फिर इन्हें कभी-कभार ही खाएं।

**कम से कम नमक का सेवनः** नमक (सोडियम) हाइपरटेंशन की समस्या को बढ़ाता है। इसलिए अधिक नमक के सेवन से बचना चाहिए।

**तनाव को करें नियंत्रितः** इंडियन हार्ट फेडरेशन और वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन के अनुसार ज्यादातर समय तनावग्रस्त रहना हाइपरटेंशन को बुलावा देना है। इसलिए तनाव का प्रबंधन करने के लिए सकारात्मक रहें अपनी दिनचर्या में मेडिटेशन शामिल करें।

**धूम्रपान और शराब से दूरीः** धूम्रपान छोड़ने से हाई ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। इसी तरह अल्कोहल से परहेज करना हाइपरटेंशन और हार्ट हेल्थ के लिए फायदेमंद है।

**मोटापे पर नियंत्रणः** मोटापा दिल की सेहत का दुश्मन है, जो कालांतर में उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर) और हृदय धमनी रोग (कोरोनरी आर्टरी डिजीज संक्षेप में सीएडी) के खतरे को बढ़ा सकता है। खासतौर पर पेट पर संचित अतिरिक्त वसा हाइपरटेंशन और सीएडी के खतरे को बढ़ाती है। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**

### हार्ट अटैक-कार्डियक अरेस्ट-हार्ट फेल्योर में अंतर



**जब एकबार** दिल के किसी भाग में रक्त का संचार (ब्लड सर्कुलेशन) रुक जाता है तो इस स्थिति को सहज मेडिकल भाषा में हार्ट अटैक कहते हैं। इस मर्ज का इलाज शारीरिक स्थिति के अनुसार मेडिकेशन, एंजियोप्लास्टी और बाईपास सर्जरी है। हार्ट अटैक के कुछ लक्षणों के महसूस होने पर संबंधित व्यक्ति और उसके परिजनों को शीघ्र ही डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए। ये लक्षण हैं- घबराहट महसूस करना। सीने में दर्द होना। यह दर्द बांहों, कंधे से लेकर कभी-कभी जबड़े में भी हो सकता है। सीने में जकड़न या दबाव महसूस करना। सांस लेने में दिक्कत। जी मिचलाना, पसीना आना और चक्कर आना।

जब दिल अचानक पूरी तरह से अपना काम करना बंद कर देता है तो उस स्थिति को कार्डियक अरेस्ट कहते हैं। इस कंडीशन में दिल की धड़कन बंद हो जाती है और मरीज के बेहोशी में जाने की आशंकाएं कहीं ज्यादा बढ़ जाती है। इस गंभीर मर्ज का इलाज विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में इलेक्ट्रिक शॉक दिया जाता है। कार्डियक अरेस्ट के मरीज को 'सीपीआर' देना भी लाभप्रद है।

जब किन्हीं कारणों से हृदय कमजोर हो जाता है और वह सुचारु रूप से अपने क्रियाकलापों को समुचित रूप से अंजाम नहीं दे पाता तो इस स्थिति को हार्ट फेल्योर कहा जाता है। जिन लोगों की अतीत में एंजियोप्लास्टी या बाईपास सर्जरी हो चुकी है, उन्हें अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए और उन्हें जोखिम भरे कारकों जैसे हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज वालों को अपनी ब्लड शुगर को नियंत्रित रखना चाहिए। अपने डॉक्टर के परामर्श से दवाएं और खान-पान ग्रहण करना चाहिए।

## डिजीज

रजनी अरोड़ा

एड़ी दर्द की समस्या अलग-अलग वजह से हो सकती है। ऐसे में राहत के लिए अपने जीवनशैली में बदलावों के साथ आप कुछ घरेलू उपाय भी आजमा सकते हैं। इस बारे में विस्तार से जानिए।

# एड़ी दर्द जब करे परेशान बदलें जीवनशैली-करें उपचार

एड़ी का दर्द बहुत ही आम समस्या है, जो किसी भी उम्र के व्यक्ति को प्रभावित कर सकती है। लेकिन यह खासकर मध्यम आयु वर्ग और एथलीटों में ज्यादा देखी जाती है। डॉक्टर कई बार एड़ी के दर्द का कारण हड्डी बढ़ना बताते हैं, जिसे मेडिकल भाषा में हील स्पर या कैल्केनाइल स्पर कहते हैं।

**समस्या का कारणः** इस समस्या के कई कारण हो सकते हैं।

**प्लांटर फैसीसाइटिसः** एड़ी में दर्द का सबसे आम कारण होता है- फैसीसाइटिस। प्लांटर फेशिया एक मोटा ऊतक (टिश्यू) का बैंड होता है, जो एड़ी की हड्डी से लेकर पैर की अंगुलियों तक फैला होता है। यह पैर के आर्च (चाप) को सहारा देता है और चलने में मदद करता है। जब इस ऊतक पर लगातार दबाव या खिंचाव पड़ता है, तो इसमें सूजन आ जाती है, जिससे तेज दर्द होता है। यह दर्द अकसर सुबह बिस्तर से उठते ही पहला कदम रखने पर सबसे ज्यादा महसूस होता है।

**हड्डी बढ़ना (हील स्पर):** जब प्लांटर फेशिया पर लंबे समय तक तनाव और खिंचाव रहता है, तो शरीर उस जगह को ठीक करने की कोशिश करता है। इस प्रक्रिया में, एड़ी की हड्डी के नीचे कैल्शियम जमा होने लगता है। समय के साथ यह कैल्शियम जमाव एक नुकीली हड्डी जैसी संरचना में बदल जाता है, जिसे हील स्पर कहते हैं। कई बार यह हील स्पर दर्द का सीधा कारण नहीं होता, बल्कि यह प्लांटर फैसीसाइटिस के कारण होने वाली सूजन और ऊतक क्षति का एक परिणाम होता है। इसीलिए डॉक्टर इसे हड्डी बढ़ना कहते हैं, क्योंकि एक्स-रे में यह बढ़ी हुई हड्डी के तौर पर साफ दिखाई देता है। इनके अलावा कुछ अन्य कारणों से एड़ी में दर्द हो सकता है।



**गलत जूते पहननाः** बिना कुशन वाले या बहुत सख्त जूते, खासकर ऊंची हील वाली सैंडल पहनना।

**अधिक वजनः** शरीर का ज्यादा वजन एड़ी पर अतिरिक्त दबाव डालता है।

**अत्यधिक शारीरिक गतिविधिः** बहुत ज्यादा दौड़ना, कूदना या कठोर सतह पर बहुत देर तक खड़े रहना।

**फ्लैट फुट (पैर का सपाट होना) या हाई आर्च (ऊंचा चाप):** पैर की बनावट में असामान्यताओं के कारण भी एड़ी पर दबाव बढ़ सकता है।

**अन्य रोगः** गठिया अर्थराइटिस या नस की अन्य समस्या के कारण।

**आयुर्वेदिक-घरेलू उपायः** आयुर्वेद में एड़ी के दर्द को वातकंटक कहा जाता है, जिसका अर्थ है वात दोष के कारण कांटों जैसी पीड़ा होना। आयुर्वेद के अनुसार, वात दोष की वृद्धि से शरीर में बहुत रूखापन और कठोरता आती है, जिससे हड्डियों और जोड़ों में दर्द होता है। इसके उपचार के कुछ उपाय बताए गए हैं।



**गर्म तेल की मालिशः** वात को शांत करने के लिए तिल का तेल, महानारायण तेल या सहचरादि तेल को हल्का गुनगुना करके एड़ी और तलवे की धीरे-धीरे मालिश करें। यह मांसपेशियों को आराम देता है और रक्त संचार बढ़ाता है।

**लहसुन और सरसों का तेलः** लहसुन की कुछ कलियों को सरसों के तेल में गर्म करें, जब तक वे काली न हो जाएं। इस तेल को ठंडा करके दर्द वाली जगह पर लगाएं और मालिश करें। लहसुन में सूजन कम करने वाले गुण होते हैं।

**सेंधा नमक का सेंकः** एक टब में हल्का गर्म पानी लें और उसमें दो-तीन चम्मच पिसा सेंधा नमक डालें। इस पानी में अपने पैरों को 15-20 मिनट तक डुबोकर रखें। यह मांसपेशियों के तनाव को कम करता है और सूजन में आराम देता है।

**हल्दी-अदरक का पेस्टः** हल्दी और अदरक में शक्तिशाली एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। दोनों को पीसकर थोड़ा गर्म करें और दर्द वाली जगह पर लगाएं। इसे कुछ देर तक लगा रहने दें, फिर धो लें।

**एरंड का पेस्टः** एरंड या कैस्टर के पत्तों को पीसकर पेस्ट बनाएं और इसे एड़ी पर लगाएं। एरंड में भी सूजनरोधी गुण होते हैं।

**हल्दी वाला दूधः** रोज रात में सोने से पहले एक गिलास गर्म दूध में आधा चम्मच हल्दी मिलाकर पिएं। हल्दी का करक्यूमिन दर्द और सूजन को कम करने में बहुत प्रभावी है।

**त्रिफला चूर्णः** रात में सोने से पहले एक चम्मच त्रिफला चूर्ण गुनगुने पानी के साथ लें। यह पाचन को सुधारता है और शरीर में वात को संतुलित करने में मदद करता है।

**मेथी दानाः** एक चम्मच मेथी दाना रात में पानी में भिगो दें और सुबह खाली पेट चबाकर खाएं। इससे भी लाभ मिलेगा। *

**(एन.डी.एम.सी. आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी, दिल्ली के मेडिकल ऑफिसर डॉ. कोमल मलिक से बातचीत पर आधारित)**

### इन बातों का रखें ध्यान

**आराम और सही जूतेः** जब भी संभव हो, एड़ी को आराम दें। सही फिटिंग वाले, कुशन वाले और आर्च सपोर्ट वाले जूते पहनें। ऊंची हील वाले जूते और चप्पल पहनने से बचें।

**वेट कंट्रोलः** अगर आप ओवरवेटेड हैं, तो वजन कम करने का प्रयास करें। यह एड़ी पर पड़ने वाले दबाव को कम करेगा।

**पैरों की स्ट्रेचिंगः** नियमित रूप से पैर और एड़ी की स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज करें। दीवार के सहारे पैर को स्ट्रेच करना या एड़ी को ऊपर-नीचे करना फायदेमंद हो सकता है।

**नियमित व्यायामः** हल्के व्यायाम करें जैसे स्विमिंग या साइकलिंग, जो एड़ी पर ज्यादा दबाव नहीं डालते, ये बहुत फायदेमंद होते हैं।



# टी20 रैंकिंग: भारत का दबदबा, हार्दिक-वरुण और अभिषेक ने बरकरार रखा

## चक्रवर्ती ने 14 रेटिंग अंक के फायदे से शीर्ष पर अपनी स्थिति और मजबूत की

एजेंसी ▶▶| दुबई

ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या, रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने आईसीसी टी20 रैंकिंग में अपने-अपने वर्ग में शीर्ष स्थान बरकरार रखा। पिछले हफ्ते दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बने चक्रवर्ती ने 14 रेटिंग अंक के फायदे से शीर्ष पर अपनी स्थिति और मजबूत की। उनके 747 अंक हो गए हैं।

पिछले हफ्ते 11 स्थान की छलांग लगाने वाले पाकिस्तान के अबरार अहमद को नवीनतम रैंकिंग में 12 स्थान का फायदा हुआ है। बांग्लादेश के अनुभवी तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान ने छह स्थान के फायदे के साथ शीर्ष 10 में वापसी की है। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने एशिया कप के अपने पिछले दो मैच में आठ के औसत से छह







### अभिषेक का शीर्ष स्थान बरकरार

ऑलराउंडर सूची में शीर्ष पर बरकरार पंड्या गेंदबाजी रैंकिंग में छह स्थान आगे बढ़कर 60वें स्थान पर हैं। बल्लेबाजी रैंकिंग में सलामी बल्लेबाज अभिषेक ने अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। उन्होंने ओमान के खिलाफ भारत के अंतिम ग्रुप मैच में 38 रन की तेजतर्रार पारी खेलने के अलावा रविवार को पाकिस्तान के 171 रन के स्कोर का पीछा करते हुए 74 रन की मैच विजयी पारी खेली। पाकिस्तान के खिलाफ 19 गेंद में नाबाद 30 रन की पारी खेलकर भारत को लक्ष्य तक पहुंचने में मदद करने वाले तिलक वर्मा को भी तीन स्थान का फायदा हुआ है। कप्तान सूर्यकुमार यादव भी एक स्थान के फायदे से शीर्ष पांच में जगह बनाने के करीब पहुंच गए हैं।

# भारतीय टीम फाइनल में पहुंची बांग्लादेश को 41 रन से हराया



**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में बुधवार को खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने अभिषेक शर्मा की अर्धशतकीय पारी के दम पर 20 ओवर में छह विकेट पर 168 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश की टीम 19.3 ओवर में सिर्फ 127 रन ही बना पाई और ऑलआउट हो गई। भारत ने 41 रनों से जीत हासिल कर एशिया कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया। भारत ने बांग्लादेश को 41 रन से हराकर एशिया कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया। दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में बुधवार को खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने अभिषेक शर्मा की अर्धशतकीय पारी के दम पर 20 ओवर में छह विकेट पर 168 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश की टीम 19.3 ओवर में सिर्फ 127 रन ही बना पाई और ऑलआउट हो गई। उनकेलिए सैफ हसन ने सर्वाधिक 69 रन बनाए। वहीं, भारत के लिए कुलदीप यादव ने तीन विकेट लिए जबकि जसप्रीत बुमराह और वरुण चक्रवर्ती ने दो-दो विकेट झटके। इसके अलावा अक्षर पटेल और तिलक वर्मा ने एक-एक सफलता हासिल की। बांग्लादेश के 112 पर आठ विकेट गिरे। वरुण चक्रवर्ती ने मोहम्मद सैफुद्दीन को अपना शिकार बनाया। इसके बाद रिशाद हुसैन और तंजीम हसन साकिब को कुलदीप ने पवेलियन की राह दिखाई।

## खबर संक्षेप



### बिग बैश में सिडनी थंडर की तरफ से खेलेंगे अश्विन

**सिडनी।** अनुभवी आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन बिग बैश लीग के आगामी सत्र में सिडनी थंडर से जुड़ेंगे और इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले भारत के पहले बड़े क्रिकेटर बन जाएंगे। रिपोर्ट के अनुसार हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और आईपीएल को अलविदा कहने वाले 39 वर्ष के अश्विन ने थंडर को हामी भर दी है। फ्रेंचाइसी इस सप्ताह के अंत में इसकी आधिकारिक घोषणा कर सकती है। अश्विन आईएलटी 20 नीलामी में भी शामिल हुए हैं। चार जनवरी को लीग के खत्म होने के बाद वह थंडर से जुड़ सकते हैं। बिग बैश लीग 14 दिसंबर से 18 जनवरी तक होगी। क्रिकेट आस्ट्रेलिया के सीईओ टॉड ग्रीनबर्ग ने खुद इस महीने अश्विन से संपर्क करके बीबीएल में उनकी भागीदारी की संभावना पर बात की थी। अश्विन ने पिछले महीने आईपीएल से संन्यास ले लिया, जिससे अब वह दुनिया भर में फ्रेंचाइजी लीग खेलने के लिए स्वतंत्र हैं।

### विश्व कप में नए आत्मविश्वास के साथ उतरेगी द. अफ्रीका



**बेंगलुरु।** दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ट ने कहा है कि अतीत से सबक लेते हुए उनकी टीम इस महीने महिला वनडे विश्व कप में नए आत्मविश्वास के साथ उतरेगी और लक्ष्य पहली बार फाइल में जगह बनाने का होगा। दक्षिण अफ्रीका पिछले दो वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचा और लगातार दो टी20 विश्व कप में उपविजेता रहा। हाल ही में उसने पाकिस्तान को श्रृंखला में 2-1 से हराया। वोल्वार्ट ने अपने कॉलम में लिखा,' हमने इस टूर्नामेंट की बहुत अच्छी तैयारी की है और अतीत के आईसीसी टूर्नामेंटों से सबक लिया है।

### फाइनल में मिलेंगे तो देखेंगे: अफरीदी



**दुबई।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने सूर्यकुमार यादव के इस बयान पर सीधा जवाब देने से परहेज किया कि भारत के दबदबे के कारण भारत-पाक मैचों को अब प्रतिद्वंद्विता नहीं माना जाना चाहिए और जोर देते हुए कहा कि उनकी टीम का ध्यान एशिया कप जीतने पर है। गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ अपने आखिरी सुपर चार चरण के मैच से पहले शाहीन ने सूर्यकुमार के बयान पर पूछे गए सवालों को टाल दिया। अफरीदी ने कहा, 'यह उसका अपना विचार है, उसे कहने दीजिए। जब हम (रविवार को संभावित एशिया कप फाइनल में) मिलेंगे तो देखेंगे कि क्या है, क्या नहीं। तब देख लेंगे। हम एशिया कप जीतने आए हैं और इसके लिए हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे।'

## युवा वनडे में भारत की टीम ने बनाई ऑस्ट्रेलिया पर 2-0 की अजेय बढ़त

# ऑस्ट्रेलिया में गरजा सूर्यवंशी का बल्ला छह छक्के उड़ाकर बनाया स्पेशल रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| ब्रिस्बेन

वैभव सूर्यवंशी के शानदार अर्धशतक और कप्तान आयुष म्हात्रे की कामचलाऊ ऑफ स्पिन गेंदबाजी से झटके तीन विकेट की बदौलत भारत की अंडर-19 टीम ने दूसरे युवा वनडे में ऑस्ट्रेलिया को 51 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। श्रृंखला का अंतिम मैच शुक्रवार को इयान हीली ओवल में खेला जाएगा। सीरीज के दूसरे मैच में वैभव का बल्ला जमकर गरजा। मैच में 68 गेंद में 70 रन के साथ छह छक्के लगाए। इससे वह यूथ वनडे में सबसे अधिक छक्के उड़ाने वाले बैटर बन गए हैं।

### वैभव ने उड़ाए छक्के

ब्रिसबेन के मैदान में अंडर-19 टीम इंडिया के कप्तान आयुष म्हात्रे ने टॉस जीतकर पहले बलेबाजी करने का फैसला किया। इसके जवाब में भारत की शुरुआत सही नहीं रही और खुद म्हात्रे ही दो गेंद में बिना खाता खोले पवेलियन चले गए। उनके साथ ओपनिंग करने आए वैभव ने पहले क्रीज पर पैर जमाए और उसके बाद शानदार शॉट्स लगाए। वैभव ने 68 गेंद में पांच चौके और छह छक्के की मदद से 70 रन की पारी खेली, जिसके चलते उनके नाम एक बड़ा रिकॉर्ड दर्ज हो गया।



### संजू और जायसवाल से आगे निकले वैभव

14 साल के वैभव सूर्यवंशी अब भारत के लिए अंडर-19 यानि यूथ वनडे में सबसे अधिक छक्के बरसाने वाले बैटर बन गए हैं। सूर्यवंशी के नाम साल 2024 से लेकर अभी तक 10 वनडे मैचों में 41 छक्के हो गए हैं। जबकि इससे पहले ये रिकॉर्ड उन्मुक्त चंद के नाम था। उन्मुक्त ने 2011-12 में 21 वनडे में 38 छक्के लगाए थे। जबकि इस लिस्ट में 2018-20 में यशस्वी जायसवाल ने 27 मैच में 30 छक्के और संजू सैमसन ने 2012-14 में 20 मैचों में 22 छक्के लगाए थे। इस तरह वैभव ने सिर्फ 14 साल की उम्र में ही इन दिग्गज बल्लेबाजों को पछाड़कर फ्यूचर स्टार बनने का बड़ा संकेत दिया है।

### सूर्यवंशी और मल्होत्रा की 117 रन की साझेदारी

*मध्यक्रम के बल्लेबाज जेडन ड्रेपर ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 72 गेंद में 102 रन की पारी खेली, लेकिन 301 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम 47.2 ओवर में 249 रन ही बना सकी। सूर्यवंशी (68 गेंद में 70 रन) ने भारतीय बल्लेबाजी आक्रमण की नींव रखी जब उनके साथी सलामी बल्लेबाज म्हात्रे दो गेंद खेलकर शून्य पर आउट हो गए। सूर्यवंशी ने विहान मल्होत्रा (70 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 117 रन जोड़कर भारत को ट्रैक पर वापसी कराई। पर सूर्यवंशी के आउट होने के बाद भारत की लय टूट गई। विकेटकीपर अभिज्ञान कुंडू (71 रन) ने अंतिम क्रम के बल्लेबाज़ों के साथ छोटी लेकिन अहम साझेदारियां करके स्कोर को चलायमान रखा, जिससे भारतीय टीम 49.4 ओवर में 300 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।*

### ऑस्ट्रेलियाई टीम नहीं दिखा पाई कमाल

*ऑस्ट्रेलियाई टीम 18.5 ओवर में एक विकेट पर 63 रन बनाकर अच्छी स्थिति में दिख रही थी। लेकिन ऑफ स्पिनर कनिष्क चौहान ने स्टीव होगन को आउट कर टीम को मुश्किल में डाल दिया। इसके बाद घरेलू टीम ने 63 के स्कोर पर एलेक्स टर्नर और यश देशमुख के रूप में दो और विकेट गंवा दिए, जिससे स्कोर चार विकेट पर 63 हो गया। जल्द ही टीम ने 109 रन के स्कोर पर छह विकेट खो दिए और ऑस्ट्रेलियाई टीम हार की कगार पर पहुंच गई। पर ड्रेपर और आर्यन शर्मा (38) ने सातवें विकेट के लिए 112 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया के लिए संघर्ष जारी रखा लेकिन इतना ही काफी नहीं था। म्हात्रे ने इस समय ड्रेपर और आर्यन के विकेट जल्दी जल्दी लेकर ऑस्ट्रेलिया की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।*

## कोरिया मास्टर्स

# चोट के कारण बीच मैच से बाहर प्रणय, आयुष और किरण हारे




एजेंसी ▶▶| सुवोन

एचएस प्रणय का कोरिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अभियान निराशाजनक रूप से समाप्त हुआ जब वह चोट के कारण रिटायर्ड हर्ट हो गए जबकि आयुष शेट्टी और किरण जॉर्ज की हार के साथ इस प्रतियोगिता में मुख्य ड्रॉ के पहले दिन ही भारतीय अभियान समाप्त हो गया। तैंतीस वर्षीय प्रणय इंडोनेशिया के चिको ऑरा द्वी वार्डोयो के खिलाफ पहले गेम में 5-8 से पीछे चल रहे थे तब क्रॉस-कोर्ट स्मैश खेलते समय उनकी दाहिनी पसली में चोट लग गई। मेडिकल टाइमआउट लेने के बाद उन्होंने खेल फिर से शुरू किया लेकिन असहज दिखे और 8-16 के स्कोर पर मुकाबले से हटने के लिए मजबूर हो गए।

### 47 मिनट तक चले मुकाबले में हारे शेट्टी

यूएस ओपन सुपर 300 के रूप में मौजूदा सत्र में बीडब्ल्यूएफ खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय आयुष शेट्टी को चीनी ताइपे के सु ली यांग के खिलाफ 47 मिनट तक चले मुकाबले में 18-21, 18-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

### किरण जॉर्ज ने पूर्व विश्व चैंपियन को दी कड़ी टक्कर



किरण जॉर्ज ने पूर्व विश्व चैंपियन सिंगापुर के लोह कीन यू को कड़ी टक्कर दी लेकिन भारतीय खिलाड़ी को 14-21, 22-20, 14-21 से हार झेलनी पड़ी। महिला एकल में अनुपमा उपाध्याय चौथी वरीयता प्राप्त और विश्व में आठवें नंबर की इंडोनेशियाई खिलाड़ी पुत्री वर्दानी से 16-21, 15-21 से हार गईं। मिश्रित युगल में मोहित जगलान और लक्षिता जगलान को जापान के युइची शिमोगामी और सयाका होबारा के खिलाफ 7-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा।

## ग्लोबल शतरंज लीग

# कल निकाला जाएगा खिलाड़ियों का ड्राफ्ट



एजेंसी ▶▶| मुंबई

■ चेन्नई में 13 से 24 दिसंबर तक होगा टूर्नामेंट, नॉर्वे के कार्लसन नहीं लेंगे हिस्सा

ग्लोबल शतरंज लीग के तीसरे सत्र के लिए खिलाड़ियों का ड्राफ्ट शुक्रवार को निकाला जाएगा, जिसमें विश्व चैंपियन गुकेश, विश्वनाथन आनंद और प्रज्ञानानंदा 'आइकन खिलाड़ियों' में से होंगे।

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन चेन्नई में 13 से 24 दिसंबर तक होने वाले इस टूर्नामेंट में भाग नहीं ले रहे हैं। उन्होंने यूएई और लंदन में पिछले दो सत्र खेले थे। टेक महिंद्रा और फिडे के संयुक्त टूर्नामेंट जीसीएल में छह फ्रेंचाइजी हैं।

### ड्राफ्ट पूल में नकामूरा और कारुआना





इसके लिए 36 खिलाड़ियों के ड्राफ्ट पूल में अमेरिकी ग्रैंडमास्टर हिकारु नकामूरा, फेबियानो कारुआना, फ्रांस के अलीरजा फिरोजा और मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव भी हैं। वहीं नीदरलैंड के अनीश गिरि, भारत के अर्जुन एरिगेसी, विश्व कप उपविजेता कोनेरु हम्पी, चार बार के विश्व चैंपियन होउ यिफान जैसे सितारे भी इसमें होंगे। पूल में 'आइकन', 'पुरुष', 'महिला' और 'अंडर 21' वर्ग होंगे। हर फ्रेंचाइजी छह खिलाड़ियों को चुनेगी, जिसमें एक आइकन, दो पुरुष , दो महिला और एक अंडर 21 होगा। तीसरे सत्र की फ्रेंचाइजी में गत चैंपियन त्रिवेणी कांटिनेंटल किंग्स, पीबीजी अलास्कन नाइट्स, अपग्रेड मुंबा मास्टर्स, गेंजेस ग्रैंडमास्टर्स, अल्पाइन एसजी पाइपर्स और अमेरिकन गैम्बिट्ज हैं। गुकेश ने पिछले साल चीन के डिंग लिरेन के साथ विश्व चैंपियनशिप मुकाबले के कारण इसमें भाग नहीं लिया था।

### फ्रीस्टाइल में मेरी टाइमिंग बेहतर : तैराक नटराज

**अहमदाबाद।** भारत के स्टार बैकस्ट्रोक तैराक श्रीहरि नटराज ने कहा है कि अब उनका फोकस फ्रीस्टाइल पर अधिक है, जिसमें बिना विशेष प्रशिक्षण के उन्होंने प्रभावी प्रदर्शन किया है। नटराज 28 सितंबर से 11 अक्टूबर तक होने वाली एशियाई एक्वाटिक चैंपियनशिप में प्रबल दावेदारों में से एक होंगे। उन्होंने कहा,' बैकस्ट्रोक हमेशा से मेरी मुख्य स्पर्धा रही है लेकिन इस साल मैं फ्रीस्टाइल पर अधिक फोकस कर रहा हूं, खासकर 100 और 200 मीटर पर।''उन्होंने कहा ,' मैंने महसूस किया है कि विशेष प्रशिक्षण के बिना भी फ्रीस्टाइल में मेरी टाइमिंग साल दर साल बेहतर हो रही है। इससे हमें इस सत्र में प्राथमिकताएं तय करने में मदद मिली है।' नटराज ने इस साल एफआईएसयू ग्रीष्मकालीन विश्व यूनिवर्सिटी खेलों में 100 मीटर फ्रीस्टाइल में 49.46 सेकंड का समय निकालकर एशियाई खेलों के पदक विजेता वीरधवल खाड़े का 17 साल पुराना 49 . 47 सेकंड का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा था।

# सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप : सेमीफाइनल में भारत और नेपाल के बीच होगी भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| कोलंबो



ग्रुप चरण में अजेय रहे भारत की गुरुवार को असली परीक्षा होगी जब टीम रेसकोर्स इंटरनेशनल स्टेडियम में सैफ अंडर-17 फुटबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में नेपाल से भिड़ेगी। भारत अब तक सबसे प्रभावशाली टीम रही है। मालदीव (6-0), भूटान (1-0) और चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान (3-2) को हराने के बाद भारत नौ अंक के साथ ग्रुप बी में शीर्ष पर रहा।

पाकिस्तान के खिलाफ जीत से मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडिस विशेष तौर पर खुश हैं, जिन्होंने इस महत्वपूर्ण मुकाबले में अपने खिलाड़ियों के दबाव को झेलने के तरीके की प्रशंसा की। फर्नांडिस ने कहा, 'पाकिस्तान को हराना हमारे लिए अच्छा परिणाम रहा और टीम ने इतने महत्वपूर्ण मैच में दबाव को जैसे संभाला उससे मैं बहुत खुश हूं।''उन्होंने कहा, 'खिलाड़ियों ने जज्बा और अनुशासन दिखाया तथा सेमीफाइनल से पहले हमें इस प्रदर्शन से आत्मविश्वास मिला है।' दूसरी ओर नेपाल एक मैच (मेजबान श्रीलंका के खिलाफ 2-0) जीता और दूसरा मैच (बांग्लादेश के खिलाफ 0-4) गंवाकर ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर रहा। फर्नांडिस नेपाल के संभावित खतरे को लेकर सतर्क रहे।

### पीजीटीआई ने किया 17 गोल्फरों को कारण बताओ नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** पीजीटीआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमनदीप जोहल ने कहा कि 17 गोल्फरों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, जिसमें अनुभवी गोल्फर गगनजीत भुल्लर भी शामिल हैं। इसे खिलाड़ियों ने युवराज सिंह के समर्थन वाली इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) में भाग लेने के लिए 'अस्थायी निलंबन' बताया है। इस मामले पर अंतिम फैसला 27 सितंबर को अनुशासनात्मक समिति की बैठक के बाद लिया जाएगा। ओलंपियन और एशियाई टूर विजेता भुल्लर, अमन राज, हरेंद्र गुप्ता, करणदीप कोचर और सचिन बैसोया भी उन खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें 17 से 19 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में आईजीपीएल में खेलने के कारण यह नोटिस जारी किया गया है। आईजीपीएल और पीजीटीआई के चेन्नई ओपन की तारीख एक ही थी और यही विवाद का विषय बन गया है।

## स्वयं के खर्च पर भी नहीं जा सकेंगे अतिरिक्त कोच और स्टाफ

# एशियाई खेल में चयन के लिए नियम हुए कड़े

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खेल मंत्रालय ने 2026 एशियाई खेलों में चयन के लिए कड़े मानदंडों का खुलासा करते हुए कहा कि पदक जीतने के वास्तविक दावेदार खिलाड़ियों को ही मौका मिलेगा और सरकारी खर्चे पर नहीं जाने के बावजूद अतिरिक्त कोचों और सहयोगी स्टाफ को जाने की अनुमति नहीं मिलेगी। मंत्रालय की वेबसाइट पर डाले गए पांच पन्ने के दस्तावेज में साफ तौर पर कहा गया है कि एशियाई स्तर पर व्यक्तिगत रैंकिंग में शीर्ष छह और टीम खेलों में शीर्ष आठ में रहने वाले खिलाड़ियों को ही राष्ट्रीय महासंघ नामांकित कर सकेंगे। एशियाई खेल जापान के नागोया में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक खेले जाएंगे ।



### चयन का आधार 12 महीने का प्रदर्शन

अक्सर खिलाड़ी अपने निजी कोचों या सहयोगी स्टाफ को अपने खर्च पर ले जाने की मांग करते हैं, जिस पर विवाद होता है। यह चयन मानदंड राष्ट्रमंडल खेल (जुलाई अगस्त 2026), पैरा एशियाई खेल, एशियाई इंडोर खेल, एशियाई बीच खेल, युवा ओलंपिक, एशियाई युवा खेल और राष्ट्रमंडल युवा खेल पर भी लागू होंगे। चयन का आधार पिछले 12 महीने का प्रदर्शन होगा। नई नीति में ओलंपिक या ऐसे अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट नहीं हैं, जिनमे खिलाड़ी या टीम की भागीदारी संबंधित अंतरराष्ट्रीय महासंघों के निर्धारित मानकों के आधार पर होती है।

### भागीदारी के लिए खिलाड़ी को टीम में जगह नहीं

मंत्रालय ने कहा ,'हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि पदक जीतने के वास्तविक दावेदारों को ही बहु खेल टूर्नामेंटों में भागीदारी के लिए मौका मिले।' इसमें कहा गया,'अगर मंत्रालय या भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) को पता चला कि पदक जीतने नहीं बल्कि सिर्फ भागीदारी के लिए कोई जा रहा है तो ऐसे खिलाड़ियों और टीमों को अनुमति नहीं दी जाएगी।' इसमें कहा गया,' सिर्फ वही खिलाड़ी, कोच और सहयोगी स्टाफ भारतीय दल का हिस्सा होंगे, जिनका नाम सरकारी खर्च पर जाने के लिए मंजूर किया गया है। इसके अलावा कोई अतिरिक्त खिलाड़ी, कोच या सहयोगी स्टाफ शामिल नहीं होगा भले ही उसका खर्च सरकार को वहन नहीं करना पड़ रहा हो।'

### फुटबॉल टीम के लिए भाग लेना कठिन

कठिन मानदंडों के कारण भारतीय फुटबॉल टीम के लिए इन खेलों में भाग लेना कठिन हो जाएगा, क्योंकि वर्तमान में वह फीफा रैंकिंग में एशियाई स्तर पर 24वें स्थान पर है। मंत्रालय ने कहा कि नए दिशानिर्देश एक पारदर्शी और न्यायसंगत ढाँचा तैयार करने के उद्देश्य से तैयार किए गए हैं। इन मानदंडों में एक रियायत वाला प्रावधान है, जो मंत्रालय को विशिष्ट खेलों के विशेषज्ञों या साइ की राय के आधार पर उन प्रतिभागियों की सिफारिश करने का अधिकार देता है, जो निर्धारित मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं। भारत ने 2023 एशियाई खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 28 स्वर्ण सहित 106 पदक जीते थे।





हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेद्वी RNI No.: MPHIN/2008/24240